

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट तथा हरियाणा ए.आई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं। इनके माध्यम से लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 11 अंकः 172 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## नीट की परीक्षा आजः क्या लेकर जाएं, ड्रेस कोड क्या है? नीट के अभ्यर्थी केंद्र जाने से पहले देख लें नियमों की लिस्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नीट पुनर्परीक्षा में 22 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा का दिन किसी भी अभ्यर्थी के लिए बेहद महत्वपूर्ण होता है। कई बार अच्छी तैयारी होने के बावजूद उम्मीदवार छोटी-छोटी गलतियों की वजह से परेशानी में पड़ जाते हैं। ऐसे में परीक्षा केंद्र जाने से पहले यह जान लेना जरूरी है कि कौन-से दस्तावेज साथ ले जाने हैं, क्या पहनना है, कौन-सी चीजें प्रतिबंधित हैं और परीक्षा के दिन किन नियमों का पालन करना होगा?

**1. कितने बजे तक पहुंचना है केंद्र?**
परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शुरू होती है, लेकिन परीक्षा केंद्र पर एंट्री काफी पहले शुरू हो जाती है। समय का पूरा शेड्यूल नीचे दी गई तालिका में देख सकते हैं:

| विवरण | समय |
|---|---|
| रिपोर्टिंग का समय | सुबह 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक |
| गेट बंद होने का समय | दोपहर 1:30 बजे (इसके बाद किसी को एंट्री नहीं मिलेगी) |
| परीक्षा का समय | दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 तक (कुल 3 घंटे 15 मिनट) |




दिव्यांग उम्मीदवारों को शाम 6.20 बजे तक का समय मिलेगा
दोपहर 1:30 बजे के बाद परीक्षा केंद्र का मुख्य गेट सख्ती से बंद कर दिया जाता है।

**2. ड्रेस कोडः क्या पहनें और क्या नहीं?**
सुरक्षा और निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए एनटीए के ड्रेस कोड के नियम बेहद सख्त हैं। नियमों का पालन न करने पर चेकिंग के दौरान समय खराब हो सकता है।

**छात्रों के लिए नियमः**
**क्या पहनेंः हल्के रंग के साधारण** कपड़े जैसे हाफ-स्लीव्स (आधी आस्तीन) की टी-शर्ट या शर्ट। पैंट या ट्राउजर बिल्कुल साधारण होने चाहिए, जिनमें कम से कम पॉकेट हों।
**क्या न पहनेंः** पूरी आस्तीन के कपड़े, बड़े बटन वाले कुर्ते, ज़िप वाले या भारी कढ़ाई वाले कपड़े, जैकेट या हुडी पहनने की मनाही है। **क्या पहनेंः** आधी आस्तीन के हल्के रंग के टॉप, साधारण कुर्ती या सलवार-सूट पहना जा सकता है। कपड़े बिल्कुल प्लेन होने चाहिए।

## फास्ट न्यूज

### महाराष्ट्र के परभणी में हनुमान मंदिर की छत गिरीः 07 की मौत

**परभणीः** महाराष्ट्र के परभणी जिले में यशवाड़ी देवस्थान में हनुमान मंदिर के हॉल की निर्माणाधीन छत शनिवार दोपहर गिर गई। मलबे में में दबने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए, जिन्हें अस्पताल पहुंचा दिया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां मंदिर के ठीक सामने सभामंडप बनाने का काम चल रहा था। दोपहर के समय लोग प्रसाद ले रहे थे। अचानक मंदिर का स्ट्रक्चर और पत्थर भरभराकर गिर पड़े। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वीडियो के मुताबिक दोपहर 3 बजे कई लोग लाइन में खड़े होकर प्रसाद दर्शन-पूजा कर रहे थे। तभी बांस और लोहे की रॉड से बना सेंट्रिंग स्ट्रक्चर टूट गया। शनिवार होने के कारण मंदिर में भीड़ ज्यादा थी। हादसे के बाद पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने घटनास्थल पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। यशवाड़ी गांव मनवत रोड पर स्थित है, जो छत्रपति संभाजीनगर से लगभग 190 किलोमीटर दूर है। यहां त्रिमूर्ति मंदिर में हनुमान जी की काली प्रतिमा स्थापित है। मनवत तालुका में बने त्रिमूर्ति मंदिर में शनिवार के कारण भीड़ ज्यादा थी, लोग दर्शन और पूजा कर रहे थे। दोपहर 3 बजे प्रसाद ले रहे लोगों पर मंदिर के ठीक सामने बन रहा सभा मंडप अचानक भरभराकर गिर पड़ा। दोपहर 3 बजे प्रसाद ले रहे लोगों पर मंदिर के ठीक सामने बन रहा सभा मंडप अचानक भरभराकर गिर पड़ा।

### ईरान ने होर्मुज फिर बंद किया

**तेहरानः** ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य फिर बंद करने का एलान किया है। लेबनान में इस्राइली सेना की कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताते हुए ईरान की संयुक्त सैन्य कमान ने होर्मुज बंद करने का एलान किया। लेबनान में इस्राइली हमलों का हवाला देते हुए सरकारी टीवी पर बयान जारी किया गया। माना जा रहा है कि ईरान की तरफ से इस कदम के बाद इलाके में तनाव बढ़ सकता है। गौरतलब है कि ईरान और अमेरिका के बीच 111 दिनों की जंग के बाद युद्ध समाप्त करने को लेकर 14 बिंदुओं का समझौता हुआ है।

मजहबी एजेंडा चलाया गया, घुसपैठियों से कब्जा कराया गया; अब कानून का राजः मोदी

# बंगाल को पाक का हिस्सा बनाने की कोशिश हुईः मोदी

**बंगाल में विकास**

बंगाल की धरती पर विदेशी विचारधारा सौंपी गई। टीएमसी ने बंगाल को घुसपैठियों का अड्डा बनने दिया था

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल के हुगली में में पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जब पूरे बंगाल को पाकिस्तान का हिस्सा बनाने की कोशिश हुई तो कांग्रेस उन षडयंत्रकारियों के सामने घुटने टेके पड़ी थी। बंगाल की आवाज को मजहबी एजेंडों से दबाया जा रहा था तब डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने प्रस्ताव पास कराया और घोषणा की कि पूरा बंगाल पाकिस्तान का हिस्सा नहीं बनेगा। प्रधानमंत्री बंगाल में भाजपा की जीत के 47 दिन बाद बंगाल पहुंचे थे। इस दौरान मोदी ने कहा- जो बंगाल भारत के विकास का नेतृत्व कर सकता तो वो बंगाल पिछड़ता चला गया। बंगाल की धरती पर विदेशी विचारधारा सौंपी गई। पहले कांग्रेस, लेफ्ट और फिर टीएमसी ने बंगाल को अवैध घुसपैठियों का अड्डा बनने दिया। पीएम ने कहा कि अब राज्य में कानून का राज स्थापित करने और विकास को गति देने के लिए केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है।



**नई सरकार बनने के बाद सीमा बाड़बंदी का काम शुरू हुआ**

पिछली सरकारों ने दशकों तक भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़बंदी के लिए जमीन हस्तांतरण का काम रोक रखा था। नई सरकार बनने के बाद इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया और सीमा सुरक्षा से जुड़े लंबित कार्यों को पूरा करने की शुरुआत हुई।

**मोदी ने बंगाल में किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी की**
पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी की। इसके तहत देशभर के 9.44 करोड़ से ज्यादा किसानों के खातों में 188,880 करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। अकेले बंगाल में, 45 लाख से ज्यादा लाभार्थियों के खातों में 900 करोड़ रुपए जमा किए गए।

इसके अलावा पीएम ने हावड़ा के संकरैल-संतरागाछी लिंक लाइन प्रोजेक्ट लॉन्च किया। 300 बेड वाले नए रेलवे अस्पताल की आधारशिला रखी और पूर्व मेदिनीपुर में हौर-राधामोहनपुर रोड ओवर ब्रिज परियोजना का शिलान्यास किया।

**पीएम ने ओडिशा में 47600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स लॉन्च किए**
पीएम मोदी ओडिशा में बीजेपी सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित 'विकास रा धारा, ओडिशा सारा' कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्य के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर में उन्होंने करीब 47 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

विधानसभा चुनाव जीतने के बाद यह उनका पहला दौरा है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी की और राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत की।

**बंगाल बंधनों से मुक्त हुआ, गौरव की वापसी शुरूः** चुनाव के बाद पश्चिम बंगाल में नया माहौल बना है और राज्य विकास की नई यात्रा पर आगे बढ़ रहा है। बंगाल में लोगों के चेहरों पर खुशी और भरोसा दिख रहा है, जो लोकतंत्र और वोट की ताकत का प्रमाण है।

चुनावी गारंटी पूरी, बंगाल के **गरीबों को आयुष्मान भारत का लाभः** चुनाव के दौरान उन्होंने आयुष्मान भारत योजना लागू करने की गारंटी दी थी। अब यह सुनिश्चित किया गया है कि पश्चिम बंगाल के हर गरीब को योजना का लाभ मिले। महिलाओं को अन्नपूर्णा योजना के तहत भी सीधे लाभ मिलना शुरू हो गया है।

**विकसित भारत की नींव पूर्वी भारत का विकासः** भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। इसके लिए पूर्वी भारत के विकास को सबसे अहम मानते हुए केंद्र सरकार मिशन पूर्वोदय के तहत क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति दे रही है।

**जर्जर इंफ्रास्ट्रक्चर से तेज विकास की ओर बढ़ रहा बंगालः** कभी खराब सड़कों और जर्जर बुनियादी ढांचे से जूझने वाला बंगाल अब तेजी से विकास कर रहा है। कोलकाता मेट्रो की ऑरेंज लाइन के चिंगरीघाटा क्रॉसिंग का उदाहरण देते हुए कहा कि वर्षों से अटका काम अब पूरा हो चुका है और लंबित परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं।



ओडिशाः राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संथाल समुदाय के पवित्र स्थल संथाली जाहेरा और हो जाहेरा में पूजा-अर्चना की।

### हरियाणाः जल संरक्षित परियोजना मंजूर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि विश्व बैंक द्वारा हरियाणा प्रदेश को जल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से जल संरक्षित हरियाणा परियोजना 5,714 करोड़ रुपए के अंतर्गत 4000 करोड़ रुपये विश्व बैंक से ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई। इस परियोजना में राज्य के 15 क्लस्टर बनाए है जिनका एरिया 48.94 लाख एकड़ है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को जल संरक्षित हरियाणा परियोजना को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी भी मौजूद रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पानी का बारीकी से प्रबंध करने की बेहतर योजना बनाएं और उसे ग्राउंड स्तर पर क्रियान्वित करें जिससे हर खेत को पानी सुलभ हो सके। इस प्रकार से डिजिटल वाटर सिस्टम होना चाहिए जिससे प्रदेश में वाटर बजट और उसके उपयोग के बारे में पूरी जानकारी हासिल हो सके।

### पीएम मोदी ने ओडिशा में 47600 करोड़ के प्रोजेक्ट्स लॉन्च किए



**टीम एक्शन इंडिया**
**मयूरभंजः** पीएम मोदी ओडिशा में बीजेपी सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित 'विकास रा धारा, ओडिशा सारा' कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्य के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर में उन्होंने करीब 47 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति मुर्मू का 68वां जन्मदिन है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के जन्मदिन पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ मयूरभंज ही नहीं, बल्कि पूरे ओडिशा की पहचान को मजबूत किया है। पीएम मोदी ने राष्ट्रपति मुर्मू के ससुराल गांव पहाड़पुर को 'सोलर विलेज' के रूप में विकसित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि गांव के हर घर तक सौर ऊर्जा पहुंचाई जाएगी और पहाड़पुर की पहचान कोणार्क सूर्य मंदिर की तरह एक नए मॉडल गांव के रूप में बनाई जाएगी। पीएम राष्ट्रपति मुर्मू के साथ उनके ससुराल पहाड़पुर भी गए। राष्ट्रपति के साथ पीएम पहाड़पुर स्थित स्किल ट्रेनिंग हब गए। वहां छात्राओं से बात की।

### राम मंदिर चढ़ावाः 60 किलो चांदी की ईंटों और अखंड ज्योति का भी नहीं मिला हिसाब

टीम एक्शन इंडिया
अयोध्याः योध्या स्थित राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण में हर दिन नए तथ्य सामने आ रहे हैं। इससे मंदिर प्रबंधन पर लग रहे आरोपों के साथ-साथ संदेह भी बढ़ता जा रहा है। मंदिर निर्माण के समय दान देने वाले कुछ श्रद्धालु अब खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं और दान में दी गई वस्तुओं का सार्वजनिक हिसाब मांग रहे हैं। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के नॉर्थ इंडिया हेड अनुराग रस्तोगी ने बताया कि देशभर के सर्राफा कारोबारियों ने 10-10 और 20-20 ग्राम चांदी भेजकर करीब 60 किलो चांदी एकत्र की थी। इस चांदी को गलाकर एक से सवा किलो वजन की ईंटें तैयार की गई थीं, जिन पर दानदाताओं के नाम और गोत्र अंकित थे। इसके अलावा ऋषिकेश एसोसिएशन की ओर से एक किलो चांदी का कलश भी भेंट किया गया था।

## पहले देश में एक गोली नहीं बनती थी, आज मिसाइलें बना रहा भारतः शाह

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोल्हापुरः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नीत यूपीए सरकार के कार्यकाल में हुए आतंकी हमले का जिक्र कर पूर्ववर्ती सरकार को आड़े हाथों लिया। मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान शाह ने कहा कि आज से 12 साल पहले देश में एक ऐसी सरकार थी, जो आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठा पाती थी। उस समय देश में जगह-जगह बम धमाके और आतंकी हमले होते थे, लेकिन तत्कालीन प्रधानमंत्री



मनमोहन सिंह पूरी तरह चुप रहते थे और कोई कड़ा फैसला नहीं लेते थे। अमित शाह ने आगे कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जब राष्ट्र अपनी धरोहरों को संजोते हुए आगे बढ़ता है, तब विकास की

**साधा निशाना**

जब राष्ट्र अपनी धरोहरों को संजोते हुए आगे बढ़ता है, तब विकास की गति दोगुनी हो जाती हैः शाह

गति दोगुनी हो जाती है। केंद्रीय गृह मंत्री कहा कि जब साल 2014 में नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने और भाजपा की सरकार आई, तो भारत की नीति पूरी तरह बदल गई। मोदी सरकार के दौरान भी आतंकियों ने उरी, पुलवामा और पहलगाम में बड़े हमले करने की कोशिश की, लेकिन इस बार भारत चुप नहीं बैठा। भारत ने पाकिस्तान की सीमा में घुसकर जवाब दिया।
**सर्जिकल स्ट्राइकः** उरी हमले के बाद सेना ने सीमा पार जाकर आतंकियों के ठिकाने तबाह किए।
**एयरस्ट्राइकः** पुलवामा हमले के बाद वायुसेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकी कैंपों पर बम गिराए।

### पीएम सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पश्चिम बंगाल दिवस और 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर बंगाल गए हैं। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त' भी जारी की, जिसके तहत देशभर के 9.44 करोड़ किसानों के खातों में 18,880 करोड़ रुपये ट्रांसफर किए गए। इसके साथ ही पीएम यहां से रेलवे, कृषि, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन और पशुपालन से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया। बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद नई भाजपा सरकार पहली बार 20 जून को राज्य का स्थापना दिवस मनाने आए।

*राज्य सरकार भविष्य में लोक निर्माण विभाग के कार्यक्षेत्र को विस्तारित करने पर कर रही है विचार*

## लोक निर्माण विभाग सशक्त और तकनीक आधारित कार्य प्रणाली अपनाएः मुख्यमंत्री

**संवाद सत्र**

भविष्य की चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए लोक निर्माण विभाग में सुधारों की शुरूआत की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**
**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने 'लोक निर्माण विभागों में गुणवत्ता आश्वासन' विषय पर आयोजित उत्तर क्षेत्रीय अंतर-राज्यीय संवाद सत्र की अध्यक्षता की। इस संवाद सत्र में हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड और राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों और अभियंताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने भविष्य की चुनौतियों से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए लोक निर्माण विभाग में व्यापक सुधारों की शुरूआत की है।



पिछले तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश ने कई प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है। इन आपदाओं के दौरान लोक निर्माण विभाग की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओं के प्रतिकूल प्रभाव हिमाचल प्रदेश में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं और भविष्य में अन्य राज्यों को भी इनका सामना करना पड़ सकता है। राज्य का लगभग 90 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र पहाड़ी है और यहां सड़क संपर्क सुविधा लोगों की मूलभूत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विभाग को अब सुरंग निर्माण और बहुमंजिला भवनों जैसी उन्नत एवं दक्ष अधोसंरचना के विकास की दिशा में आगे बढना होगा। नई तकनीकों और कार्य प्रणालियों को अपनाने में शुरूआत में चुनौतियां आ सकती हैं लेकिन सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए इन प्रणालियों को अपनाना बहुत जरूरी है।
सुक्खू ने कहा कि आने वाले वर्षों में आपदाओं के कारण क्षतिग्रस्त अवसंरचना का पुनर्निर्माण सबसे बड़ी चुनौतियों में एक होगा। वर्तमान में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग चार प्रतिशत आपदा पुनर्निर्माण पर खर्च किया जा रहा है और वर्ष 2050 तक यह व्यय बढ़कर 14 प्रतिशत तक पहुंच सकता है। इस स्थिति में आधुनिक तकनीकें अपनाने और विभाग की क्षमताओं का विस्तार करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग को अपने पारंपरिक कार्यक्षेत्र एवं कार्य प्रणाली से आगे बढ़कर उभरते क्षेत्रों में भी अवसर तलाशने चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग बांध निर्माण जैसे क्षेत्रों में भी अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकता है। सरकार भविष्य में विभाग के कार्यक्षेत्र को विस्तार देने पर विचार करेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'क्वालिटी कंट्रोल फॉर रोड वर्क्स' नामक पुस्तक का विमोचन भी किया।

## जंतर-मंतर पर अड़े दीपकेः शाम पांच बजे खत्म हुई अनुमति, फिर भी धरने पर डटे कॉकरोच

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का नीट पेपर लीक और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन जारी है। पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने साफ कहा कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते, तब तक प्रदर्शनकारी जंतर-मंतर से नहीं हटेंगे। दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर से प्रदर्शनकारियों को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि, पुलिस अभी तक मुख्य मंच वाले क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर पाई है। अभिजीत दीपके ने दिल्ली पुलिस से जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की अनुमति की अवधि बढ़ाने की भी अपील की। हालांकि दीपके की अपील के बाद दिल्ली पुलिस ने सीजेपी के प्रदर्शन की अनुमति बढ़ाने से इनकार कर दिया है। दीपके ने कहा कि यदि धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर सरकार सकारात्मक पहल करती है तो बातचीत का रास्ता भी खुल सकता है। दीपके ने कहा कि सभी लोग एकजुट होकर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग करें तथा धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को बुलंद करें। जंतर-मंतर पर आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्र और युवा हाथों में पोस्टर तथा थाली चम्मच लेकर पहुंचे।





उत्तर भारत

ACTION INDIA

करनाल, 21 जून 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com



# कांग्रेस व सपा सरकारों ने ललितपुर को 1500 करोड़ रुपये भी नहीं दिए होंगे: योगी

राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित 1766 करोड़ की 221 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया सीएम योगी ने, सपा के लिए सैफई ही परिवार था और कांग्रेस के लिए दिल्ली का परिवार ही देश था। दोनों इससे बाहर नहीं निकल सकते, लेकिन, हमारे लिए 25 करोड़ जनता ही परिवार है और उसे विकास, सुरक्षा, सम्मान देना हमारा दायित्व है: सीएम योगी

**साधा निशाना**

प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात बुंदेलखंड के सुंदरतम जनपदों में से एक ललितपुर हमारे हृदय में बसता है: योगी





**टीम एक्शन इंडिया**

**ललितपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ललितपुर को आज एक साथ 1500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात मिल रही है। कांग्रेस ने पांच दशक और सपा ने चार बार प्रदेश में शासन किया, लेकिन इन दलों ने कुल मिलाकर 1500 करोड़ रुपये भी ललितपुर को नहीं दिए होंगे, क्योंकि उनमें विकास की सोच नहीं थी। सपा के लिए सैफई ही परिवार था और कांग्रेस के लिए दिल्ली का परिवार ही देश था। दोनों इससे बाहर नहीं निकल सकते। लेकिन, हमारे लिए 25 करोड़ जनता ही परिवार है और उसे विकास, सुरक्षा, सम्मान देना हमारा दायित्व है। मुख्यमंत्री शनिवार को तुवन मंदिर मैदान में राजकीय मेडिकल कॉलेज सहित 1766 करोड़ रुपये की 221 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के उपरांत जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर ललितपुर की विकास यात्रा पर लघु फिल्म भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात बुंदेलखंड के सुंदरतम जनपदों में से एक ललितपुर हमारे हृदय में बसता है। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित जनता का अभिनंदन करते हुए आश्वासन दिया कि डबल इंजन सरकार यहां के विकास के लिए हरसंभव कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस व सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि संकुचित सोच वाली इनकी सरकारों ने हर जनपद में एक-एक माफिया दिया था, जो जनता की गाढ़ी कमाई पर डकैती डालने के साथ अवैध खनन, वनों की अवैध कटान, गौतस्करी करते थे। प्रदेश को बंजर बनाते थे। इन लोगों ने यूपी को बीमारू बनाकर बुंदेलखंड के नौजवानों को पलायन पर मजबूर किया। बहन-बेटियों को कष्ट दिया था, लेकिन आज ललितपुर की बेटियां व नौजवान यूपी पुलिस समेत सरकारी नौकरियों में भर्ती होते हैं।

## 'पिछली सरकारों की उपेक्षा का दंश झेलने वाला ललितपुर विकास की योजनाओं से कोसों दूर था'

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों की उपेक्षा का दंश झेलने वाला ललितपुर विकास की योजनाओं से कोसों दूर था। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास परियोजनाएं नहीं थीं। पानी होने के बावजूद खेती के लिए सिंचाई, गरीब के लिए आवास की सुविधा नहीं थी। मिट्टी के घड़े में पानी ढोते-ढोते माता-बहनों की जिंदगी व्यतीत हो जाती थी। यहां के संसाधनों व वन संपदा में लूट होती थी और मुट्ठी भर लोग अवैध खनन कर अव्यवस्था पैदा करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ललितपुर अब विकास की ऊंचाइयों को प्राप्त कर नवाचार के लिए जाना जा रहा है। प्रदेश की पहली गोशाला देकर ललितपुर ने बताया था कि सरकार भी गोशाला का संचालन कर सकती है। तुवन सरकार की कृपा से तत्कालीन जिला प्रशासन ने पहली गोशाला प्रारंभ की थी। अब वहां से कंपोस्ट का निर्यात अन्य देशों को होने जा रहा है। अब ललितपुर के पास मेडिकल कॉलेज, अटल आवासीय विद्यालय भी है। 1500 एकड़ में यूपी का पहला फार्मा पार्क ललितपुर में बनेगा, इसकी तैयारी हो चुकी है। इससे हजारों नौजवानों को नौकरी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बहन-बेटियां, माताएं सिर पर घड़ा लेकर नहीं जातीं, क्योंकि बुंदेलखंड में हर घर जल की योजना साकार हो रही है। हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है। सीएम ने बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की चर्चा करते हुए कहा कि हम लोग यूपी का सबसे बड़ा औद्योगिक शहर बुंदेलखंड में बसाने जा रहे हैं। पहले यहां का युवा पलायन करता था। ठोकर से घड़ा फूट जाता था तो माताएं-बहनें किस्मत पर रोती थीं।

## 'समग्र विकास का कोई विकल्प नहीं हो सकता'



आपके पूर्वजों ने बुंदेलखंड को सजाया-संवारा था, लेकिन पिछली सरकारों के निकम्मेपन और माफियावृत्ति के कारण बुंदेलखंड पिछड़ा था। हर जनपद में माफिया नौजवानों की नौकरी पर डकैती डालता था। विकास योजनाओं पर गुंडों को बैठाकर जनता के हक को छीना जाता था, जिससे बुंदेलखंड ठगा महसूस करता था। योगी ने याद दिलाया कि सरकार ने बुंदेलखंड को भी डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के हब के रूप में विकसित करने की बात कही थी। अभी इस कॉरिडोर में यूपी के अंदर ब्रह्मोस मिसाइल बन रही है। ऑपरेशन सिंदूर में जब यह मिसाइल दागी गई तो पाकिस्तान त्राहिमाम करते हुए जान की भीख मांग रहा था। प्रधानमंत्री मोदी नए भारत को ताकत दे रहे हैं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश समेत बुंदेलखंड का कायाकल्प हो रहा है। यहां की पहचान अब नौजवानों को नौकरी, बहन-बेटियों की सुरक्षा-समृद्धि से हो रही है। महिला स्वयंसेवी समूह की बहनें बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर के माध्यम से तेजी से कैसे आय बढ़ा सकती हैं, बुंदेलखंड, ललितपुर, झांसी इस मॉडल का प्रतीक बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि समग्र विकास का कोई विकल्प नहीं हो सकता। विकास ही जीवन में परिवर्तन लाएगा। नौजवान, किसान, कारीगर, हस्तशिल्पी, व्यापारी, बेटी-बहन समेत समाज के हर तबके को विकास का वाहक बनाना पड़ेगा, तब किस्मत बदलेगी और समृद्धि आएगी।

# अपना शरीर स्वस्थ रखने के लिए समय अवश्य निकालें: केशव प्रसाद

**निशाने पर**

चुनाव हारने के बाद जो दशा टीएमसी की हुई वही सपा की भी होगी: केशव प्रसाद मौर्य



**टीम एक्शन इंडिया**

**प्रयागराज।** दो दिवसीय प्रयागराज प्रवास पर शनिवार को जनपद पहुंचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकताओं व पदाधिकारियों से संवाद के दौरान कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे अधिक समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में पीएम मोदी ने रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। ये भाजपा के मेहनती कार्यकताओं की वजह से संभव हुआ। इसका श्रेय देश की जनता और कार्यकताओं को जाता है। विश्व योग दिवस पर उन्होंने कहा कि अपने शरीर के लिए समय अवश्य निकालें। पूरी दुनिया में लगभग 200 देशों में विश्व योग दिवस मनाया जाता है। ये देश के लिए उपलब्धि की बात है और ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ है। 2027 के चुनाव को लेकर उन्होंने कार्यकताओं को संदेश देते हुए कहा कि हम लोगों को पूरा ध्यान इस बात पर देना है कि प्रयागराज कि सभी 12 सीटों को कैसे जीतें। यदि सभी सीटें जीतने में सफल रहे तो 2017 का रिकॉर्ड टूट जाएगा।

# सरकार ने 16 एफडीसी दवाएं प्रतिबंधित कीं

**अनुपालन**

प्रवर्तन एजेंसियों को अधिसूचनाओं का कड़ाई से कार्यान्वयन एवं अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने निश्चित खुराक संयोजन (एफडीसी) वाली 16 दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इन दवाओं में कुछ त्वचा संबंधी, दर्द निवारक एवं ऐंठनरोधी दवाएं और एंटीबायोटिक शामिल हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम-1940 की धारा 26ए के तहत अधिसूचना जारी कर 16 एफडीसी के निर्माण, बिक्री और मानव उपयोग के लिए वितरण पर रोक लगा दी है।

ये अधिसूचनाएं तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। मंत्रालय ने सभी राज्य औषधि नियंत्रकों, नियामक प्राधिकरणों और प्रवर्तन एजेंसियों को अधिसूचनाओं का कड़ाई से कार्यान्वयन एवं अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। निमार्ताओं, आयातकों, वितरकों और अन्य हितधारकों को भी कानून के प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक उपाय करने की सलाह दी गई है। एफडीसी वे दवाएं है जिनमें एक ही गोली या कैप्सूल में दो या दो से अधिक सक्रिय दवाइयां एक निश्चित अनुपात में मिलाई जाती हैं।

**ये हैं प्रतिबंधित दवा संयोजन-**

एसिटाइल सैलिसिलिक एसिड, एथोहेप्टाजीन। एलोवेरा का अर्क, एलेंटोइन, अल्फाटोकोफेरोल एसीटेट, डी-पेंथेनॉल, विटामिन ए। एलोवेरा का अर्क, विटामिन ई, डाइमेथिकोन, ग्लिसरीन। एलो वेरा, जोजोबा तेल, विटामिन ई। एलोवेरा, ऑरेंज ऑयल। एलोवेरा, जोजोबा तेल, व्हीट जर्म ऑयल, टी ट्री तेल। एलोवेरा, विटामिन ई, हर्बल। डाइसाइक्लोमाइन, पैरासिटामोल, क्लिडिनियम ब्रोमाइड।

# अबूधाबी परीक्षा केंद्र आवंटन पर एनटीए ने कहा- उम्मीदवार के लॉगिन से हुआ शहर परिवर्तन



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नागपुर के एक अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र के रूप में अबू धाबी आवंटित किए जाने को लेकर शनिवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि परीक्षा शहर में बदलाव उम्मीदवार के स्वयं के पंजीकृत लॉगिन के माध्यम से किया गया था और एजेंसी के रिकॉर्ड में एक ही उपयोगकर्ता द्वारा लगातार एक्सेस किए जाने का पैटर्न दर्ज है। एनटीए ने कहा कि 21 जून को निर्धारित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 की परीक्षा के पुनर्निर्धारण के बाद अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा शहर संशोधन (सिटी करेक्शन) विंडो दोबारा खोली गई थी। इस दौरान लगभग 3.2 लाख अभ्यर्थियों ने अपने परीक्षा शहर में संशोधन किया और उनमें से 99.5 प्रतिशत से अधिक को उनकी पसंद का परीक्षा शहर आवंटित किया गया। एजेंसी के अनुसार संबंधित मामले में अबू धाबी परीक्षा केंद्र का चयन अभ्यर्थी के पंजीकृत लॉगिन से ही किया गया था। वेब गतिविधि रिकॉर्ड से यह भी स्पष्ट होता है कि संशोधन प्रक्रिया के दौरान एक ही उपयोगकर्ता द्वारा लगातार लॉगिन और एक्सेस किया गया। एनटीए ने बताया कि उसके रिकॉर्ड के अनुसार तीन अलग-अलग अवसरों पर अबू धाबी केंद्र से संबंधित गतिविधि दर्ज की गई। एक बार अभ्यर्थी के क्रेडेंशियल्स का उपयोग कर परीक्षा केंद्र को अबू धाबी में बदला गया, जबकि दो अन्य अवसरों पर उम्मीदवार ने यह पूर्वावलोकन (प्रीव्यू) भी देखा कि उसका परीक्षा केंद्र अबू धाबी दर्शाया जा रहा है। इसके बावजूद एजेंसी को 19 जून की शाम परीक्षा से केवल 48 घंटे पहले केंद्र को नागपुर में बदलने का एक अनौपचारिक अनुरोध प्राप्त हुआ। एनटीए ने कहा कि अनुरोध मिलते ही उसके अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई शुरू की और उसी शाम अभ्यर्थी के पिता से संपर्क कर औपचारिक प्रक्रिया पूरी कराने में सहायता प्रदान की। एजेंसी ने कहा कि अभ्यर्थी के अनुरोध को स्वीकार करते हुए परीक्षा केंद्र परिवर्तन की प्रक्रिया पूरी की गई, ताकि उम्मीदवार को परीक्षा में शामिल होने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

# भारत में फॉर्मूला-1 की वापसी की तैयारी तेज, मंत्रालय बनाएगा टास्क फोर्स



**तैयारियां**

सरकार मोटरस्पोर्ट्स को भविष्य में भारत में फॉर्मूला-1 रेस आयोजित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने जा रही

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारत में फॉर्मूला-1 की वापसी को लेकर केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बड़ा संकेत दिया है। शनिवार को चयनित मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों से बातचीत के दौरान मांडविया ने कहा कि सरकार मोटरस्पोर्ट्स क्षेत्र को व्यवस्थित रूप से विकसित करने और भविष्य में भारत में फॉर्मूला-1 रेस आयोजित करने की दिशा में ठोस कदम उठाने जा रही है। मांडविया ने बताया कि यह निर्णय हाल ही में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक के बाद लिया गया।

इस बैठक में फॉमूर्ला-1 से जुड़े अधिकारी, बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट प्रबंधन, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, भारतीय मोटर स्पोर्ट्स महासंघ, युवा रेसर और मोटरस्पोर्ट्स से जुड़े अन्य हितधारक शामिल हुए थे। मांडविया ने कहा कि खेल मंत्रालय जल्द ही चार से पांच सदस्यीय विशेष टास्क फोर्स का गठन करेगा, जो देश में मोटरस्पोर्ट्स की वर्तमान स्थिति, विकास की संभावनाओं और सामने आने वाली चुनौतियों का विस्तृत अध्ययन करेगी। यह समिति अंतरराष्ट्रीय आयोजन, निवेश, पर्यटन और आर्थिक प्रभाव जैसे पहलुओं का मूल्यांकन करेगी और मोटरस्पोर्ट्स के सतत विकास के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे और संचालन संबंधी जरूरतों की भी पहचान करेगी। मांडविया के अनुसार टास्क फोर्स में खेल मंत्रालय, उत्तर प्रदेश सरकार, भारतीय मोटर स्पोर्ट्स महासंघ और सर्किट संचालन से जुड़े प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा।

## समाजवादी पार्टी के नौ नेताओं के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के चंदौली में जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) के नौ नेताओं के खिलाफ नामजद और दो सौ अज्ञात लोगों के विरुद्ध सदर कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई है। नहरों में पानी, स्मार्ट मीटर सहित मांगों को लेकर यह प्रदर्शन किया गया था।

चंदौली में शनिवार को राजनीति उस वक्त और गर्म हो गई, जब समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू, सांसद प्रतिनिधि नवीन सिंह, जिलाध्यक्ष सत्यनारायण राजभर, बिंद और जिला महासचिव नफीस अहमद के विरूद्ध एफआईआर दर्ज हो गई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेन्द्र कालरा पुत्रः** बलदेव **निवासः** गली नं. 12, म.नं. 4/700, भोलेनाथ नगर, एवं दूसरा निवासः नमस्ते चौक, कालेन्द्रा गेट, गली करनाल, हरियाणा ने **FIR No. 165/2020 U/s 12/9/55 DPG Act., थानाः फर्श बाज़ार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजेन्द्र कालरा** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजेन्द्र कालरा** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 165/2020 U/s 12/9/55 DPG Act., थानाः फर्श बाज़ार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेन्द्र कालरा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अखिल मलिक**
**जेएमएफसी-02, कमरा नं. 38**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/8324/SHD/2026**
**(Court Notice)**

**उत्तर रेलवे**

**सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट, भारत के राष्ट्रपति की ओर से तथा उनके लिए कार्य करते हुए, अंबाला मंडल के अंतर्गत नीचे उल्लिखित 12 हॉल्ट स्टेशनों के लिए 5 वर्षों की अवधि हेतु हॉल्ट ठेकेदार की नियुक्ति के लिए इच्छुक आवेदकों से खुले आवेदन आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | NIA संख्या एवं तिथि | CP-10-UMB-Halt-99-pt.-II |
| 2. | रेलवे वेबसाइट | www.nr.indianrailways.gov.in |
| 3. | आवेदन दस्तावेज़ डाउनलोड प्रारंभ तिथि | 13.06.26 को 13:00 बजे |
| 4. | आवेदन दस्तावेज़ डाउनलोड अंतिम तिथि | 14.07.26 को 15:00 बजे |
| 5. | आवेदन जमा करने की तिथि | 14.07.26 को 10:00 बजे, वाणिज्य शाखा, डीआरएम कार्यालय, अंबाला कैंट |
| 6. | आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 14.07.26 को 15:00 बजे, वाणिज्य शाखा, डीआरएम कार्यालय, अंबाला कैंट |
| 7. | आवेदन (बिड) खोलने की तिथि | 14.07.26 को 15:30 बजे, वाणिज्य शाखा, डीआरएम कार्यालय, अंबाला कैंट |
| 8. | स्टेशनों के नाम | जेठुके, कुड़नी, भरूर, गोविंदगढ़ खोखर, फकर्सर, मोहनपुरा, ककराला, राय मेहतपुर, भानुपाली, पनोह, तन्द्वाल, पटियाला कैंट |

हॉल्ट ठेकेदार के आवंटन से संबंधित सभी निर्देश रेलवे की वेबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है।

2128/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
**ANSARI NAGAR, NEW DELHI – 110 029**
**EXAMINATION SECTION**
**Common Recruitment Examination (CRE-5)**
**Notice No. 93/2026**

**Common Recruitment Examination (CRE-5) for Recruitment to the various Group- 'B&C' posts at Participating AIIMS and Central Government Hospitals under Ministry of Health and Family Welfare.**

Online applications are invited from eligible Indian citizens for recruitment to various Group-'B & C' posts on the behalf of all participating Institutes/Hospitals with following schedules.

| Online Registration for applications | |
|---|---|
| Start Date | - 13th June, 2026 |
| Close Date | - 3rd July, 2026 |
| **Date of Recruitment Examination** | |
| Date of issuing of Admit Card | - Three days before the examination |
| Intimation of exam city of examination center | - One week before the examination |
| Date of Exam | - 25th to 27th July, 2026 (Tentative) |

APPLICATION FEES:
A) General/OBC Candidates : Rs.3000/- (Rupees Three Thousand only)
B) SC/ST Candidates/EWS : Rs.2400/- (Rupees Twenty-Four Hundred only)
C) Persons with Disabilities : Exempted

- The candidate can pay the prescribed application fee through DEBIT CARD/CREDIT CARD/NETBANKING. Transaction / Processing fee, if any, as applicable, will be payable to the bank by the candidate.
- Application fee, once remitted, shall not be refunded under any circumstances.
- Applications without the prescribed fee would not be considered and summarily rejected.
- Application Fees of SC/ST candidates who appear in the Examination will be refunded after the declaration of results in due course of time.

Important: For detailed information please visit the website www.aiimsexams.ac.in or respective participating Institute/Hospital.

- Status of application and Admit cards of eligible candidates will only be uploaded on AIIMS website www.aiimsexams.ac.in.
- If any candidates feel difficulty during submission of application, may raise a query by login with credentials on My Page (Dashboard)
- All applicants are required to visit the website regularly since all subsequent Corrigendum/Addendum/Notices/Updates will be uploaded on the website only.

cbc 17112/11/0023/2627

Sd/-
ASSISTANT CONTROLLER (EXAMS.)

# प्रदेश का होगा अपना एआई स्टेट डाटा सेंटरः नायब सिंह सैनी

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को राज्य में शुरू क्लीन एयर और ए.आई प्रोजेक्ट की समीक्षा की

**समीक्षा**

**मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्जुन एसपीबी गठित कर प्रोजेक्ट की हर तीसरे माह बैठक आयोजित कर समीक्षा की जाएगी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट तथा हरियाणा ए.आई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट तैयार किए गए हैं। इनके माध्यम से लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को राज्य में शुरू क्लीन एयर और ए.आई प्रोजेक्ट की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा क्लीन एयर प्रोजेक्ट के तहत 3647 करोड़ रुपए खर्च किए जाएगें। इसमें हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन सिटी बस सेवा, हरियाणा सिटी बस सेवा, विकास एवं पंचायत विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण, परिवहन, उद्योगिक एवं वाणिज्य तथा शहरी स्थानीय निकाय विभाग सहित 9 विभाग मिलकर कार्य करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्जुन एसपीबी गठित कर प्रोजेक्ट की हर तीसरे माह बैठक आयोजित कर समीक्षा की जाएगी ताकि इन्हें जल्द से जल्द पूरा कर जनता को लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा एआई डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत पंचकूला में स्टेट एआई डाटा सेंटर व गुरुग्राम में जीएआईसी बनाया जा रहा है। इन पर 474 करोड़ रुपए की लागत आएगी। प्रदेश का अपना एआई का स्टेट डाटा सेंटर होगा जिसमें पूर्ण रूप से पारदर्शी और सही डाटा एकत्र होगा और उस पर पीपीपी से मिलान किया जा सकेगा। इसके अलावा 40 करोड़ रुपए की लागत से उद्योगों के लिए स्किल कोर्स, कोलाबोरेशन वर्कशॉप हेतू दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एआई सैंडबॉक्स लांच किया जाएगा। हरियाणा डाटा एक्सचेंज और हरियाणा स्टेट डाटा लेक प्लेटफार्म बेहतर सेवाओं के लिए तैयार हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एयर क्वालिटी कंट्रोल प्रोजेक्ट के माध्यम से गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत व झज्जर में 90 करोड़ रुपए की लागत से 500 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इनके लिए 200 चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएगें। चार्जिंग स्टेशन के लिए प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। नए इलेक्ट्रिक थ्री व्हीलर तथा पुराने थ्री व्हीलर के बदलने के लिए प्रोत्साहन, उद्योगों के लिए क्लीनर डीजी सेट का उपयोग प्रमोट करने तथा उद्योगों में सीईएमएस डिवाइस के इंस्टॉलेशन पर प्रोत्साहन देने तथा शहरी स्थानीय निकायों में डस्ट एवं वेस्ट मैनेजमेंट की क्षमता को बढाने के लिए कार्य किया जाएगा।

**एक्यूआई की जांच को तैनात होंगी मोबाइल वैन**

मुख्यमंत्री ने बताया कि एयर क्वालिटी चैक करने के लिए राज्य में दो मोबाइल वैन भी तैयार की जाएंगी जिससे प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में जाकर एआईक्यू की जांच की जा सकेगी। इसके अलावा एसपीवी सेटअप एवं प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट का विस्तार करने जैसे कार्य किए जाएगे। उन्होंने कहा कि राज्य में जल्द ही हरियाणा डाटा एक्सचेंज पॉलिसी लाई जाएगी जिसमें बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाया जाएगा। इसके अलावा ए आई गुरुकुल लांच किया जाएगा जिसके माध्यम से बच्चों को एआई की शिक्षा मुहैया करवाई जाएगी। ऐसे बच्चों की एक साल में आसानी से प्लेसमेंट हो

## हरियाणा को जल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने को 'जल संरक्षित परियोजना' मंजूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि विश्व बैंक द्वारा हरियाणा प्रदेश को जल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ह्यजल संरक्षित हरियाणा परियोजना 5,714 करोड़ रुपए के अंतर्गत 4000 करोड़ रुपये विश्व बैंक से ऋण की स्वीकृति प्रदान की गई। इस परियोजना में राज्य के 15 क्लस्टर बनाए है जिनका एरिया 48.94 लाख एकड़ है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को जल संरक्षित हरियाणा परियोजना को लेकर आयोजित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी भी मौजूद रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पानी का बारीकी से प्रबंध करने की बेहतर योजना बनाएं और उसे ग्राउंड स्तर पर क्रियान्वित करें जिससे हर खेत को पानी सुलभ हो सके। इस प्रकार से डिजिटल वाटर सिस्टम होना चाहिए जिससे प्रदेश में वाटर बजट और उसके उपयोग के बारे में पूरी जानकारी हासिल हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि वॉटर कोर्सेस (खालों) को बनाने में गांव की जल समितियों को पूर्ण रूप से भागीदार बनाया जाए और उनके लिए अलग से कोश बनाया जाए। खालों की मरम्मत के लिए सरकार भी इस कोश में अपना हिस्सा देने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरक्षित हरियाणा प्रोग्राम एक फ्लेगशीप सघन वाटर रिसोर्स मैनेजमेंट प्रोग्राम है इसके माध्यम से छह वर्षों के दौरान वर्ष 2026 से 2032 की अवधि में चरणबद्ध रूप से कार्य किया जाएगा। इस राशि का उपयोग नहरी क्षेत्र में व्यापक स्तर पर किए जाने वाले कार्यों के लिए होगा जिसमें राज्य की शेष 678 नहरों के पुनर्वास किया जाएगा। इसमें विश्व बैंक के वित्तीय सहयोग 2,484.87 करोड़ रुपए की लागत से 106 नहरें, राज्य बजट से 2,230 करोड़ रुपए की लागत से 293 नहरें तथा नाबार्ड द्वारा 2,350 करोड़ रुपए की लागत से 279 नहरों का पुनर्वास किया जाना शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूजल पुनर्भरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हरियाणा के भिवानी, जीन्द, कैथल, महेन्द्रगढ, रेवाड़ी, चरखी दादरी तथा सिरसा सहित 7 जिलों में लगभग 147 नई वॉटर बॉडी का निर्माण किया जाएगा जिससे ग्राउंड वाटर रिचार्ज होगा।

# डबल इंजन सरकार में तीव्र गति से पंजाब का विकास संभवः मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## मुख्यमंत्री ने डबल इंजन सरकार के तहत पंजाब को और अधिक मजबूत बनाने का किया आह्वान



**विशेष जोर**

**पंजाब के कल्याण, रोजगार सृजन और एमएसपी के समर्थन पर दिया विशेष जोर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/ गुरदासपुर**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पंजाब को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और डबल इंजन सरकार के तहत राज्य में तीव्र गति से विकास संभव है। उन्होंने कहा कि पंजाब के अनेक युवा अवैध डंकी रूट के माध्यम से विदेशों में रोजगार तलाशने के लिए मजबूर हो रहे हैं, जबकि हरियाणा ने विदेशों में रोजगार के लिए एक समर्पित विदेश सहयोग विभाग के माध्यम से युवाओं के लिए व्यवस्थित अवसर उपलब्ध कराए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विदेशों में रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक युवाओं के 5,500 से अधिक आवेदनों की वर्तमान में विभाग द्वारा जांच की जा रही है। इस पहल के तहत आवेदकों को केवल अपने हवाई टिकट का खर्च वहन करना पड़ता है। नायब सिंह सैनी शनिवार को चंडीगढ़ स्थित अपने आवास संत कबीर कुटीर में पंजाब के गुरदासपुर जिले के हरगोबिंदपुर से आए नामदेव समाज के एक प्रतिनिधिमंडल को संबोधित कर रहे थे। सिखों के छठे गुरु, गुरु हरगोबिंद सिंह जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी शिक्षाएं लोगों को अन्याय के विरुद्ध खड़े होने और समाज के कमजोर वर्गों की रक्षा करने की प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि ये मूल्य आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं और इनका पालन किया जाना चाहिए।

पंजाब के विकास की दिशा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए सैनी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सिख गुरुओं की पावन धरती आज भी विकास के मामले में पिछड़ी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी सहित विभिन्न सरकारें जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरने में विफल रही हैं और लोगों को गुमराह करती रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि पंजाब की जनता आगामी विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करने का मन बना चुकी है। भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की आलोचना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को प्रति माह 1,000 रुपये देने का वादा अब तक पूरा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए पंजीकरण प्रक्रिया भी अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। इसके विपरीत, हरियाणा सरकार ने दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना (डीडीएलएलवाई) के तहत वर्ष 2025-26 के बजट में 5,000 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2026-27 के बजट में 6,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस योजना के अंतर्गत पात्र महिलाओं को प्रतिमाह 2,100 रुपये सीधे उनके बैंक खातों में दिए जा रहे हैं। अब तक हरियाणा में महिला लाभार्थियों को 1,600 करोड़ रुपये की राशि वितरित की जा चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि हरियाणा में वरिष्ठ नागरिकों को वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत प्रतिमाह 3,200 रुपये दिए जाते हैं, जबकि पंजाब में यह राशि 1,500 रुपये प्रतिमाह है। हरियाणा की जनकल्याणकारी और विकास योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यदि पंजाब की जनता आगामी विधानसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन और नीतियों पर विश्वास जताती है, तो इसी प्रकार के लाभ पंजाब में भी उपलब्ध कराए जा सकते हैं।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त से किसानों को मिली आर्थिक सहायता

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी होने के उपलक्ष्य में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), शिकोहपुर तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, गुरुग्राम द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसानों के कल्याण, कृषि विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। पिछले 12 वर्षों में किसानों के हित में अनेक योजनाएं लागू की गई हैं, जिनका लाभ सीधे किसानों तक पहुंच रहा है। सरकार का उद्देश्य खेती को अधिक लाभकारी बनाना तथा किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार खेती में नई तकनीकों को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों, बेहतर बीज, मृदा परीक्षण, फसल बीमा तथा अन्य सुविधाओं से जोड़ने का कार्य कर रही है। कृषि क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं ताकि किसानों को अधिक उत्पादन और बेहतर आमदनी प्राप्त हो सके। कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से आर्थिक सहायता सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंचाई जा रही है।

उन्होंने किसानों से कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्रों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही तकनीकी जानकारी का लाभ उठाने तथा आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती को अपनाने का आह्वान किया।

# जींद के पौराणिक रानी तालाब को सुंदर बनाने की कवायद शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**जींदः जींद** शहर के मध्य स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक रानी तालाब को सुंदर बनाने की कवायद चली हुई है। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा तथा उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले रानी तालाब का संयुक्त रूप से दौरा कर वहां चल रहे साफ.-सफाई एवं गाद निकासी कार्यों का निरीक्षण किया। डिप्टी स्पीकर ने कहा कि रानी तालाब जींद की ऐतिहासिक एवं धार्मिक धरोहर है और इसके सौंदर्यीकरण के लिए करोड़ों रुपये की राशि खर्च की जानी है। सरकार शहर के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है ताकि आने वाली पीढियों को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़कर रखा जा सके। उन्होंने बताया कि वर्तमान में तालाब से

# डा. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त बनाने में गति मिलेगीः राव नरबीर




**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह ने नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता का स्वागत करते हुए कहा कि डा. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा का संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने कार्यकताओं से मोदी और नायब सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया। यहां सेक्टर-17 स्थित ब्लिस प्रिमियर बैंक्वेट हॉल में आयोजित स्वागत समारोह में बोलते हुए राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार उद्योग, व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि उद्योग और व्यापार के विकास के बिना किसी भी राज्य का समग्र विकास संभव नहीं है। इसी सोच के तहत निवेश और व्यापार से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। राव नरबीर सिंह ने कहा कि मोदी और नायब सरकार मजदूरों, छोटे व्यापारियों और उद्यमियों के कल्याण के लिए लगातार अनेक योजनाएं चला रही हैं। राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के संकल्प को और गति मिलेगी।

कार्यक्रम को विधायक मुकेश शर्मा के अलावा अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया तथा संगठन की मजबूती और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों पर प्रकाश डाला।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष विकास, विश्वास और जनकल्याण को समर्पित : कृष्णपाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवल।** केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने पलवल में प्रबुद्धजनों के साथ बैठक कर केंद्र सरकार की 12 वर्षों की उपलब्धियों को साझा किया। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियों पर आधारित बुकलेट वितरित की तथा प्रबुद्धजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बैठक को संबोधित करते हुए गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष विकास, विश्वास और जनकल्याण को समर्पित रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भारत को नई दिशा और वैश्विक पहचान प्रदान की है। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में आधारभूत ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, परिवहन और रक्षा क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है।

# भाजपा केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, समर्पित विचारधारा हैः डा. अर्चना

**सम्मेलन**

**राष्ट्र निर्माण में बुद्धिजीवियों की भूमिका सर्वोपरि, भाजपा कार्यालय में हुआ भाजपा का बुद्धिजीवी सम्मेलन**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम। भाजपा** की प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में बुद्धिजीवियों की भूमिका सर्वोपरि और अत्यंत महत्वपूर्ण है। समाज को सही दिशा देने, जनजागरण करने और सकारात्मक परिवर्तन लाने में प्रबुद्ध वर्ग का योगदान सदैव निर्णायक रहा है। यह बात उन्होंने शनिवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित भाजपा के बुद्धिजीवी सम्मेलन में बोलते हुए कही। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को साकार करने में बुद्धिजीवियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। डा. गुप्ता ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और जनसेवा के लिए समर्पित एक विचारधारा है, जो समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढने में विश्वास रखती है। डा. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले वर्षों में विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत वैश्विक मंच पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है।

यह परिवर्तन केवल सरकार के प्रयासों से नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गों के सहयोग और सहभागिता से संभव हुआ है। भाजपा की कार्यशैली संवाद, सहभागिता और जनविश्वास पर आधारित है।

# हरियाणा लोकभवन में भव्य रूप से मनाया गया पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस

## राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और फर्स्ट लेडी श्रीमती मित्रा घोष रही मौजूद, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी ने बढ़ाई समारोह की गरिमा

**टीम एक्शन इंडिया**
चंडीगढ़ः हरियाणा लोक भवन में आज पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस बड़े उत्साह, गरिमा और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, फर्स्ट लेडी श्रीमती मित्रा घोष, पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी तथा हरियाणा विधानसभा के अध्यक्ष हरविंद्र सिंह कल्याण एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रेशमा कल्याण, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए हरियाणा के



राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने सभी उपस्थित जनों को पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक चेतना का एक सशक्त केंद्र रहा है। पश्चिम बंगाल के लोग अपनी समृद्ध विरासत, परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को अपने हृदय में संजोए रखते हैं। राज्यपाल ने कहा कि बंगाल ने भारत के पुनर्जागरण में केवल भाग ही नहीं लिया, बल्कि उसका नेतृत्व भी किया। समाज सुधार, शिक्षा, साहित्य, कला, विज्ञान और स्वतंत्रता संग्राम के क्षेत्र में पश्चिम बंगाल का योगदान अतुलनीय रहा है। उन्होंने कहा कि इस भूमि ने ऐसे महान व्यक्तित्व दिए, जिन्होंने न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व को नई दिशा प्रदान की। राज्यपाल प्रो असीम कुमार घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, साहित्य, संगीत, कला, हस्तशिल्प और लोक परंपराओं के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है। उन्होंने कहा कि विविधताओं से भरे भारत की शक्ति उसकी सांस्कृतिक एकता में निहित है और ऐसे आयोजन एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को और अधिक सुदृढ़ बनाते हैं। इससे पहले समारोह को संबोधित करते हुए पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के स्थापना दिवस मनाने की परिकल्पना का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है, जिन्होंने ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्ल की भावना को सशक्त बनाने के लिए इस अभिनव पहल की शुरूआत की। इस पहल के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परंपराओं, भाषा, कला और विरासत को जानने एवं समझने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और राष्ट्रीय जीवन को समृद्ध बनाने में पश्चिम बंगाल के महत्वपूर्ण योगदान पर भी प्रकाश डाला।

### पश्चिम बंगाल ने भारत के नवजागरण का नेतृत्व किया- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने पश्चिम बंगाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह केवल एक उत्सव का अवसर नहीं है, बल्कि उस महान भूमि को नमन करने का दिन है जिसने भारत को सोचना सिखाया, जागना सिखाया और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करना सिखाया। उन्होंने कहा कि यही वह भूमि है गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर दिए जिनके शब्दों ने राष्ट्र की आत्मा को जगाया। जिसने स्वामी विवेकानंद जैसे महान संत को जन्म दिया, जिनके ओजस्वी विचारों और ऐतिहासिक संबोधन ने पूरी दुनिया में भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। यही वह भूमि है जिसने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे अद्वितीय स्वतंत्रता सेनानी दिए, जिनका आह्वान—तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा—आज भी देशवासियों के हृदय में राष्ट्रभक्ति की भावना का संचार करता है। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण परमहंस दिए जिनकी कृपा से बंगाल अध्यात्म की राजधानी बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल ने भारत के नवजागरण में केवल भागीदारी ही नहीं की, बल्कि उसका नेतृत्व भी किया।

# प्राकृतिक खेती और सहकारिता की ओर बढ़ें किसानः हरविंद्र कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने किसानों से आह्वान किया है कि प्राकृतिक खेती और सहकारिता की ओर बढ़ें। कृषि में नवीन तकनीकों को आत्मसात करें।

हरविंद्र कल्याण आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर से पीएम किसान निधि की 23वीं किस्त किसानों के खाते में हस्तांतरित करने के उपलक्ष्य में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से गांव डिंगर माजरा में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने करीब डेढ़ करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन भी सुना।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत हरियाणा के किसानों को अब तक पौने आठ हजार करोड़ की राशि प्राप्त हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने पिछले 12 सालों में ऐसी व्यवस्था लागू की है, जिससे आज फसल एवं योजनाओं का पैसा सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि यह जगजाहिर है



खेती में सबसे अधिक मेहनत करनी पड़ती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 12 साल से राष्ट्र की प्रगति के लिए कड़ी तपस्या कर रहे हैं। परिणामस्वरूप देश आज नई ऊंचाइयां छू रहा है।

प्राकृतिक खेती से जमीन की ताकत व आय में इजाफा

उन्होंने कहा कि जड़ से जुड़े रहकर खेती में नई तकनीकों को भी अपनाना होगा। गुजरात का उदाहरण देते हुए हरविंद्र कल्याण ने कहा कि वहां राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने गांव-गांव तक प्राकृतिक खेती को पहुंचाने क काम किया है। तीन महीने पहले जब उन्होंने गुजरात का दौरा किया, तब किसानों ने उन्हें बताया कि प्राकृतिक खेती से न केवल जमीन की ताकत बढ़ी है, बल्कि आमदन में इजाफा और खर्च में कमी आई है।

उन्होंने कहा कि आज कृषि में जोत छोटी हो रही हैं। ऐसे में खेती में सहकारिता को अपनाएं। प्राकृतिक खेती करें। साथ ही नई तकनीकों का उपयोग करें। ऐसा करने से युवाओं का रुझान भी कृषि की ओर बढ़ेगा।

**व्यवस्था बदलाव का नतीजा-मेरिट पर नौकरियां**

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि यह सौभाग्य है कि देश को ऐसा तपस्वी और ईमानदार प्रधानमंत्री मिला है जिन्होंने ऐसी व्यवस्थाओं में बदलाव कर योजनाओं का फायदा निचले स्तर तक पहुंचाया है। उनके नेतृत्व में देश की प्राचीन संस्कृति को नई मजबूती मिली है। हरियाणा में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई व्यवस्था परिवर्तन की बदौलत आज युवाओं को मेरिट पर नौकरी मिल रही है। आज क्षेत्र के हर गांव में विकास कार्य जारी हैं, इनकी गति को और तेज किया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### एडवोकेट बिरजू सिंह तंवर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** स्वर्गीय एडवोकेट बिरजू सिंह तंवर की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्र के अनेक राजनीतिक लोगों गणमान्य नागरिकों, अधिवक्ताओं, सामाजिक व धार्मिक कार्यकताओं एवं ग्रामीणों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय बिरजू सिंह तंवर एक सरल, मिलनसार एवं न्यायप्रिय व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपने जीवनकाल में समाज सेवा एवं वकालत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया, जिसे सदैव स्मरण किया जाएगा। इस अवसर पर उनके बड़े बेटे ललित सिंह तोमर एडवोकेट के सर पर समाज व गाँव भाई चारे के लोगो ने पगड़ी बांधकर उन्हें जिम्मेदारी सौंप कर उनके व परिवार का सदैव साथ देने का भरोसा हिम्मत दी इस अवसर पर बाबूजी के संस्मरण और उनके जीवनकाल के प्रदर्शनी का भी अवलोकन कर लोगों ने उनकी यादों को ताजा किया सभी वक्ताओं ने बाबूजी के न्यायिक प्रोफेशन व राजनीतिक क्षेत्र की यात्रा के बारे में व उनके सामाजिक कार्यों के बारे में याद कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की बिरजू सिंह एडवोकेट सिंह ने न्याय के क्षेत्र में एक नाम व मुकाम प्राप्त किया इस अवसर पर श्रद्धांजलि देने वालों में से विधायक कंवर सिंह यादव हरियाणा बोर्ड स्कूल एजुकेशन के चेयरमैन शंकर धूपर जिला प्रमुख डॉक्टर राकेश कुमार जिला अध्यक्ष भाजपा यतेंदर राव जिला पार्षद वचनै नाथ ठा. अत्तर लाल भिवानी बार प्रधान संदीप तंवर ब्लॉक समिति अध्यक्ष विजयलक्ष्मी व्यापार मंडल प्रधान सुरेंद्र बंटी ब्राह्मण सभा सैनी सभा धानक समाज सैन समाज हरिजन समाज व धार्मिक सामाजिक राजनीतिक व अधिवक्ता साथियों ने पहुंचकर बाबूजी को शारदासुमन अर्पित किए

सभा में उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएँ व्यक्त कीं। श्रद्धांजलि सभा का समापन ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना के साथ हुआ।

### महेंद्रगढ़ पुलिस की अवैध सट्टेबाजी पर बड़ी कार्रवाई; सट्टा लगाते आरोपी गिरफ्तार, नकदी बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** थाना सिटी महेंद्रगढ़ क्षेत्र में अवैध जुआ और सट्टा कारोबार पर प्रहार करते हुए एक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईवाली करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जाल बिछाकर कार्रवाई को अंजाम दिया और आरोपी के पास से नकदी सहित सट्टा पर्चियां व अन्य सामग्री बरामद की है।

सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि सूरज निवासी मोहल्ला सैनीपुरा, महेंद्रगढ़ गंगा देवी अस्पताल के नजदीक अपनी डीजे की दुकान के सामने सट्टे का अवैध काम कर रहा है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने रेडिंग पार्टी का गठन किया।

पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन टीम ने उसे मौके पर ही धर दबोचा। पुलिस द्वारा ली गई तलाशी में आरोपी के पास से सट्टे के हिसाब-किताब की एक डायरी और सट्टा पर्चियां

**कुल 6,850 रुपए बरामद हुए।**

जिला पुलिस इलाके में असामाजिक और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कार्यरत है और आम जनता से अपील करती है कि वे अपने आसपास होने वाली ऐसी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।

### सिरसाः व्यापारी से लाखों की फिरौती मांगी

**सिरसा।** जिले के कालांवाली क्षेत्र में एक व्यापारी से 15 लाख रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। व्यापारी को पिछले कुछ दिनों में तीन अलग-अलग विदेशी मोबाइल नंबरों से कॉल कर जान से मारने की धमकी मिल रही थी। फिरौती मांगने की धमकी मिलने के बाद व्यापारियों में भय का माहौल है। व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

व्यापारी मक्खन सिंह ने शनिवार को बताया कि कॉल करने वाले व्यक्ति ने रुपए नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। लगातार आ रही धमकी भरी कॉलों से व्यापारी और उसका परिवार भय के माहौल में है। पीड़ित व्यापारी ने मामले की सूचना कालांवाली पुलिस के साथ-साथ पंजाब पुलिस को भी दी है। व्यापारी का कहना है कि उसने सभी कॉल रिकॉर्ड और नंबर पुलिस को उपलब्ध करवा दिए हैं ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। व्यापारी ने कालांवाली पुलिस में शिकायत दी, जिस पर पुलिस अधिकारियों ने घटना का संबंध पंजाब क्षेत्र से बताते हुए वहां मामला दर्ज करवाने की बात कह, उसे वापस भेज दिया।

# पुराने सिक्के खरीदने का लोभ देकर लाखों की ठगी

**पर्दाफाश**

विशेष नोटों के बदले लाखों रुपये दिलाने का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया

**गुरुग्राम।** पुराने सिक्के और विशेष नोटों के बदले लाखों रुपये दिलाने का लालच देकर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने शनिवार को बताया कि साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य को राजस्थान के खैरथल से गिरफ्तार किया है।

साइबर क्राइम वेस्ट थाना पुलिस में 10 मार्च 2026 को एक महिला ने शिकायत दी थी। जिसमें बताया बताया कि उसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब और फेसबुक पर पुराने सिक्के एवं विशेष नोट खरीदने संबंधी विज्ञापन देखा था। विज्ञापन में दिए गए व्हाट्सऐप नंबर पर संपर्क करने के बाद कथित ठगों ने उसके पुराने सिक्कों और नोटों की कीमत 75 लाख रुपये बताई।

इसके बाद आरोपियों ने महिला को रकम मिलने का भरोसा दिलाकर जीएसटी, रजिस्ट्रेशन फीस, इनकम टैक्स और अन्य चार्ज के नाम पर अलग-अलग खातों में लाखों रुपये ट्रांसफर करवा लिए।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले में एसीपी साइबर क्राइम प्रियांशु दीवान की अगुवाई में साइबर क्राइम वेस्ट थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप कुमार की टीम ने तकनीकी सहायता से एक आरोपी को खैरथल, राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान राजस्थान के अलवर निवासी जाहुल खान के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर तीन दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। इस मामले में ठगी की रकम में से आरोपी जाहुल खान के हिस्से में करीब 8 लाख रुपये आए थे।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि गिरोह के सदस्य फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पुराने सिक्के और विशेष नोट ऊंची कीमत पर खरीदने के विज्ञापन डालते थे। विज्ञापन देखकर संपर्क करने वाले लोगों से व्हाट्सऐप पर सिक्कों और नोटों की तस्वीरें मंगवाई जाती थीं। इसके बाद सिक्कों की कीमत लाखों रुपये बताकर रजिस्ट्रेशन, जीएसटी, इनकम टैक्स और अन्य शुल्कों के नाम पर उनसे पैसे विभिन्न खातों में जमा करवा लिए जाते थे।

# घासेड़ा में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर चढ़कर वीडियो बनाने वाले युवकों पर होगी कार्रवाई

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** नूंह जिले के ऐतिहासिक गांव घासेड़ा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ अभद्रता का मामला सामने आने के बाद लोगों में भारी रोष व्याप्त है। दो दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुई थी, जिसमें दो युवक गांधीग्राम घासेड़ा स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के कंधों पर चढ़कर फोटो और वीडियो बनाते हुए दिखाई दे रहे थे। वीडियो सामने आने के बाद सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों और जिम्मेदार नागरिकों ने इसे राष्ट्रपिता का अपमान बताते हुए कड़ी आलोचना की तथा नूंह पुलिस को टैग कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग उठाई। वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे युवक गांधी पार्क में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर



चढ़कर मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों युवक सोशल मीडिया के लिए रील बना रहे थे। वीडियो के सार्वजनिक होने के बाद लोगों ने इसे राष्ट्रपिता और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति अनादर का प्रतीक बताते हुए कड़ी आपत्ति जताई। मामले को गंभीरता से लेते हुए नूंह पुलिस ने संज्ञान लिया है और अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर स्पष्ट किया है कि ऐसी घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ने कहा है कि महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ की गई शर्मनाक छेड़छाड़ केवल एक प्रतिमा का अपमान नहीं है, बल्कि राष्ट्र के आदर्शों और सामाजिक सौहार्द पर भी प्रहार है।

**कड़ी आलोचना**

बुद्धिजीवियों और जिम्मेदार नागरिकों ने इसे राष्ट्रपिता का अपमान बताते हुए कड़ी आलोचना की

नूंह पुलिस ने कहा कि असामाजिक तत्वों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार वीडियो में दिखाई दे रहे युवकों की पहचान की जा रही है तथा जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## 23 लाख की ठगी का आरोपी नोएडा से काबू

**गुरुग्राम।** खुद को पुलिस अधिकारी बताकर डिजिटल अरेस्ट के नाम पर एक व्यक्ति से 23 लाख रुपये ठग लिए गए। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने शनिवार को बताया कि गुरुग्राम पुलिस ने बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपी को नोएडा से गिरफ्तार किया है। थाना साइबर अपराध पश्चिम गुरुग्राम में पांच मई 2026 को एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी कि 24 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच खुद को पुलिस अधिकारी बताने वाले व्यक्ति ने उसे डिजिटल अरेस्ट कर डराया-धमकाया.

# कई सरकारी कालेजों में शुरू हुए नए कोर्स, सीटें भी बढ़ी

**चंडीगढ।** हरियाणा में कई सरकारी कालेजों में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में नए कोर्स शुरू किए गए हैं। कई जगह सीटें बढ़ाई गई हैं तो कई महाविद्यालयों में पुराने कोर्स को बदलते हुए नए कोर्स शुरू किए गए हैं।

उच्चतर शिक्षा विभाग ने कॉलेजों की सूची जारी कर दी, जिनमें नए कोर्स शुरू किए गए हैं। साथ ही स्पष्ट किया है कि महाविद्यालय में अगर किसी कोर्स में विद्यार्थियों की संख्या 20 से कम रह जाती है तो उस पाठ्यक्रम को बंद कर दिया जाएगा। पंचकूला के सेक्टर एक स्थित राजकीय महाविद्यालय में छात्र अब इंग्लिश, भूगोल और

**स्पष्ट**

कई जगह सीटें बढ़ाई गई हैं तो कई महाविद्यालयों में पुराने कोर्स को बदलते हुए नए कोर्स शुरू किए गए

मनोविज्ञान में बीए आनर्स तथा फिजिक्स में बीएससी आनर्स कर सकेंगे। प्रत्येक विषय के लिए 80-80 सीटें निर्धारित की गई हैं। भिवानी जिले में लोहारू के राजकीय महाविद्यालय में 40 सीटों के साथ एमएससी रसायन विज्ञान और बहल में 40 सीटों के साथ एमएससी गणित शुरू की गई है।

झज्जर के गांव दुबलधन में स्थित कालेज में बीएससी भौतिक विज्ञान और बादली में रिमोट सेंसिंग एंड जीआइएस कोर्स किया जा सकेगा। दोनों जगह 40-40 सीटें रखी गई हैं। गोहाना स्थित कालेज में 40-40 सीटों के साथ पीजीडीसीए और एमएससी रसायन विज्ञान शुरू की गई है। करनाल के पाढा स्थित कालेज में संस्कृत और सोनीपत के खरखौदा स्थित सावित्री बाई फुले राजकीय महिला महाविद्यालय में मनोविज्ञान विषय के साथ छात्र स्नातक कर सकेंगे। इसके अलावा विभिन्न जिलों के 19 कालेजों में पुराने कोर्स को बदलते हुए नए कोर्स शुरू किए जाएंगे।

# गुरुग्रात यातायात पुलिस ने बुलेट पटाखा बाइक के 19 दिन में किए 101 चालान

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम यातायात पुलिस ने एक जून से 19 जून 2026 तक बुलेट पटाखा बाइक और नॉन फंक्शनल साइलेंसर का इस्तेमाल करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में 101 चालान किए हैं। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने शनिवार को बताया किचालानों से कुल 10 लाख 10 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया।




यातायात पुलिस के अनुसार अभियान का उद्देश्य गुरुग्राम की सडकों को सुरक्षित बनाना और सडक हादसों को रोकना है। कुछ दुपहिया चालक अपनी मोटरसाइकिलों में पटाखा साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न लगाकर न सिर्फ ध्वनि प्रदूषण फैलाते हैं बल्कि अन्य लोगों को भी परेशान करते हैं। ऐसे चालकों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने समय-समय पर विशेष अभियान चलाए हैं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन जैसे पटाखा साइलेंसर या प्रेशर हॉर्न का उपयोग न करें। इससे न केवल ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है बल्कि सडक सुरक्षा भी प्रभावित होती है। यातायात पुलिस ने कहा कि सभी वाहन चालक निर्धारित गति सीमा का पालन करें, आवश्यक दस्तावेज साथ रखें और नियमों के अनुसार वाहन चलाकर शहर को सुरक्षित एवं अनुशासित बनाने में सहयोग दें।

# समाजसेवियों द्वारा एक विशाल सेवा शिविर का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** इसी कड़ी में शनिवार को शहर के व्यस्ततम भगवान परशुराम चौक के पास समाजसेवियों द्वारा एक विशाल सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जहां एक ओर चिलचिलाती धूप और उमस से परेशान राहगीरों को ठंडा और शीतल मीठा पेयजल पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई, वहीं दूसरी ओर शुद्ध देशी घी से बने गर्मागर्म स्वादिष्ट हलवे का प्रसाद भी वितरित किया गया।

शनिवार सुबह से ही परशुराम चौक पर राहगीरों, रिक्शा चालकों, ऑटो चालकों और बाजार आने-जाने वाले लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

लोगों ने इस भीषण गर्मी में शीतल जल और पौष्टिक हलवे के वितरण की जमकर सराहना की। इस पुनीत कार्य का नेतृत्व प्रमुख समाजसेवी घीसाराम सैनी ने किया। उनके साथ शिक्षा जगत से जुड़े सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक दिनेश दत्त भी विशेष रूप से मौजूद रहे और व्यवस्था संभालने में सहयोग दिया। इस सेवा कार्य को सफल बनाने में समाजसेवी राजेश लवानिया और नीरज तिवारी ने भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाई। इन सभी समाजसेवियों ने मिलकर स्वयं अपने हाथों से आने-जाने वाले हर राहगीर को बड़े ही आदर और सत्कार के साथ हलवा और पानी सर्व किया।

**एक माह से लगातार चल रही है सेवा**

आयोजकों और समाजसेवियों ने बताया कि यह कोई एक दिन का आयोजन नहीं है, बल्कि पिछले एक महीने से लगातार यह निस्वार्थ सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस तपती गर्मी में कोई भी व्यक्ति प्यासा या भूखा न रहे, इसी उद्देश्य के साथ यह टीम प्रतिदिन सार्वजनिक स्थल पर शीतल पेयजल और खाद्य सामग्री का वितरण कर रही है। शनिवार को मुख्य चौक पर शुद्ध देशी घी का विशेष हलवा तैयार करवाकर राहगीरों को वितरित किया गया। समाजसेवी घीसाराम सैनी और सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक दिनेश दत्त ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। इस भीषण गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना और किसी को भोजन कराना आत्मा को असीम शांति देता है। उन्होंने आगे भी इस प्रकार के सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर स्थानीय दुकानदारों और नागरिकों ने भी समाजसेवियों के इस प्रयास की मुक्त कंठ से प्रशंसा की और कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें। फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। रूद्राश 9815119633, 9855577523

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें। फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# जापान के कावासाकी में गूंजा गीता का वैश्विक संदेश, रेणु बाला गुप्ता बनी भारतीय संस्कृति की सशक्त प्रतिनिधि

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**जापान (टोक्यो)।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अंतर्गत जापान के कावासाकी शहर में आयोजित गीता सेमिनार में करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सक्रिय सहभागिता की। उन्होंने भारतीय संस्कृति, गीता दर्शन और वैश्विक बंधुत्व के संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के पावन मार्गदर्शन में आयोजित सेमिनार में भारत व जापान के श्रद्धालुओं, विद्वानों तथा गणमान्य नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस दौरान महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं,



बल्कि सम्पूर्ण मानवता को जोडने वाला जीवन-दर्शन है। गीता के सार्वभौमिक संदेश विश्व में शांति, समरसता, कर्तव्यबोध और आध्यात्मिक संतुलन की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि जापान की धरती पर आयोजित इस दिव्य आयोजन में भागीदारी अत्यंत प्रेरणादायक, अविस्मरणीय और गौरवपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मंचासीन विद्वानों और अतिथियों ने श्रीमद्भगवद्गीता के अमर संदेशों पर गहन एवं सारगर्भित विचार व्यक्त किए, जिससे उपस्थित जनसमूह आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक चिंतन से ओत-प्रोत हो उठा। विशेष रूप से जापान मूल के श्रद्धालुओं और जिज्ञासु श्रोताओं की बड़ी संख्या में सहभागिता ने दशार्या कि गीता संदेश सीमाओं से परे जाकर विश्व समुदाय को आकर्षित कर रहा है। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने कहा कि गीता सम्पूर्ण मानवता के लिए जीवन जीने की कला का दिव्य मार्गदर्शन प्रदान करती है। गीता संदेश किसी जाति, देश या संप्रदाय तक सीमित नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के कल्याण का संदेश है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का उद्देश्य विभिन्न देशों व संस्कृतियों के बीच आध्यात्मिक संवाद मजबूत करना है। भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने कहा कि जापान में गीता के प्रति दिखाई दे रहा उत्साह इस बात का प्रमाण है कि भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों की स्वीकार्यता विश्वभर में लगातार बढ़ रही है। गीता का कर्मयोग, कर्तव्य और नैतिकता का संदेश आज के आधुनिक समाज के लिए भी अत्यंत प्रासंगिक है। ऐसे आयोजन भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संबंध और सुदृढ़ बना रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सरदार तरलोचन सिंह, अशोक खुराना, अरविंद मान, दिनेश बंसल, विजय नरूला, हैप्पी चावला, पवन कुमार सहित शहर की कई प्रमुख हस्तियां भी स्वामी ज्ञानानदं जी महाराज के साथ जापान के दौरे पर पहुंची हुई हैं।

# लाडवा विधानसभा में 217 बीएलओ ने 81 फीसदी मतदाताओं को बांटे एन्यूमरेशन फार्म

**लाडवा, 20 जनू (विजय कौशिक)** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि लाडवा विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। लाडवा विधानसभा के 197903 वोटरों के लिए 217 बीएलओ एन्यूमरेशन फार्म बांटने का कार्य कर रहे हैं। अब तक 160160 यानी 81 फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शनिवार तक 69 बूथों पर 90 फीसदी से ज्यादा कार्य को पूरा कर लिया है, जबकि 88 बूथों पर 75 फीसदी से ज्यादा काम हो चुका है। एसडीएम अनुभव मेहता ने शनिवार को बूथ संख्या 43 गांव ध्यांगला में विशेष गहन पुनरीक्षण का निरीक्षण किया। एसडीएम अनुभव मेहता ने निरीक्षण के



दौरान एसआईआर कार्य से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं का अवलोकन किया, जिसमें बीएलओ ऐप पर फॉर्म भरते समय प्रीवियस मैपिंग डाटा किस प्रकार प्राप्त होता है, कौन-कौन सी जानकारी स्वतः (ऑटो फिल) उपलब्ध होती है तथा अन्य तकनीकी पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की गई। एसडीएम अनुभव मेहता ने कार्य की बारीकियों को समझाने के साथ-साथ गांव के सम्मानित नागरिकों से भी इस महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ फिल्ड में नागरिकें के साथ अत्यंत सरल व्यवहार करते हुए कार्य को सकारात्मक सोच के साथ करते रहें और दूसरों के लिए प्रेरणादायक बने। विधानसभा में एसआईआर कार्य कर रहे बीएलओ के कार्यों सराहनीय रहा है। जो लोकतंत्र की मजबूती में जनता का सहयोग लेते हुए इस कार्य को पूर्ण कर रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### जेके लक्ष्मी सीमेंट की ओर से स्वर्गीय हरी शंकर सिंघानिया की स्मृति में रक्तदान शिविर में 97 यूनिट रक्त एकत्रित



**गन्नौर।** रेलवे रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में शनिवार को जेके लक्ष्मी सीमेंट की ओर से स्वर्गीय हरी शंकर सिंघानिया की स्मृति में लायन क्लब गन्नौर के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 97 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। रक्तदाताओं आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है। इससे व्यक्ति पुण्य का भागीदार बनने के साथ जरूरतमंद लोगों को नया जीवन देने का कार्य भी करता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से रक्तदान करने का आह्वान किया। शिविर में क्लब के अध्यक्ष गौरव त्यागी, विपिन त्यागी, दीपक गोयल, डा. डीपी भाटिया, संजीव सोबती, मनीष बंसल एमजेएफ, हरविंदर त्यागी, नरेंद्र पिताजंलि, विजय कुमार आदि ने सहयोग दिया।

### डीसी ने नीट परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने 21 जून, रविवार को आयोजित की जाने वाली नीट परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और प्रबंधों का जायजा लिया। डीसी ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रेम नगर, पीएम श्री राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल (लङके) प्रेम नगर, राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों में पीने के पानी, बिजली, शौचालय, जरनेटर आदि सुविधाओं का जायजा लिया। सभी जगह व्यवस्थाएं सुचारू पाई गई। इस दौरान परीक्षा के नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा उनके साथ मौजूद रहे। डीसी आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि नीट परीक्षा 2026 के रि एग्जाम के लिए जिला में 8 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। इनमें 2708 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केन्द्र पंडित चरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, सेक्टर-14 में 600 परीक्षार्थी, राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड़ में 360 परीक्षार्थी, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रेम नगर में 360 परीक्षार्थी, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (लडके) में 360 परीक्षार्थी, पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय करनाल में 356 परीक्षार्थी, पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सग्गा में 264 परीक्षार्थी, महिला राजकीय महाविद्यालय रेलवे रोड़ में 240 परीक्षार्थी, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (लडके) प्रेम नगर में 168 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

# सभी ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी स्थापित करने के लिए प्रशासन एक्शन मोड

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा जिला की सभी ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी स्थापित करने के निर्णय को धरातल पर उतारने के लिए जिला प्रशासन एक्शन मोड में कार्य कर रहा है। इस कार्य को तेज गति से पूरा करने के लिए उपायुक्त डा. आनंद कुमार शर्मा ने शनिवार को लघु सचिवालय के सभागार में पंचायती राज संस्थाओं के अधिकारी के साथ समीक्षा बैठक की। इस बैठक में करनाल के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि कंविद्र राणा भी मौजूद रहे। बता दे कि लिया गया है। उपायुक्त ने सभी खंड एवं पंचायत अधिकारी व पंचायती राज



के एसडीओ को निर्देश दिए कि वे ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी की स्थापना को लेकर संयुक्त रूप से निरीक्षण करें और लाइब्रेरी की उपयोगिता के लिए उचित स्थान, गांव की जनसंख्या के अनुसार भवन तथा फर्नीचर व कम्प्यूटर की आवश्यकता की रिपोर्ट तैयार करके जल्द से जल्द उपायुक्त कार्यालय में भेजें तथा शपथ पत्र भी दें। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है, इसकी गंभीरता को समझे और प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो भी अधिकारी इस कार्य में ढिलाई बरतेगा, उसके विरूद्ध प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि डी-प्लान के तहत 106 ग्राम पंचायतों में अगले 3 महीनों में लाइब्रेरी स्थापित करने के लक्ष्य को पूरा करें। इस कार्य की हर सप्ताह समीक्षा होगी। समीक्षा बैठक में जिला परिषद के सीईओ अमित कुमार ने बताया कि 395 ग्राम पंचायतों में से 131 ग्राम पंचायतों की लाइब्रेरी स्थापित हो चुकी है, 106 ग्राम पंचायतों में भवन के नवीनीकरण व फर्नीचर उपलब्ध करवाने के लिए 5 करोड़ 72 लाख रुपये का अनुमानित बजट जिला परियोजना अधिकारी को भेज दिया गया है।

# विशेष योग सत्र में सिखाई योग मुद्राएं

**गन्नौर।** फिट आरा बाय नेहा में विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों ने समूह योगासन और रचनात्मक योग प्रस्तुतियों का प्रदर्शन किया। सत्र की संचालक योग प्रशिक्षक नेहा मेहता की देखरेख में प्रतिभागियों ने संतुलन, लचीलापन, एकाग्रता और सामूहिक समन्वय का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विभिन्न योग मुद्राएं प्रस्तुत की। नेहा मेहता ने कहा कि समूह योग गतिविधियां शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ-साथ आत्मविश्वास, अनुशासन और आपसी सहयोग की भावना को भी मजबूत करती हैं। योग के माध्यम से बच्चों और युवाओं में सकारात्मक सोच तथा स्वस्थ



जीवनशैली को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नेहा मेहता को हाल ही में ऋषिकेश में आयोजित योग स्पोर्ट्स फाउंडेशन के राष्ट्रीय कार्यक्रम में योग जज के रूप में सम्मानित किए जाने पर बधाई दी।

# मोटापा निवारण शिविर के चौथे दिन 80 साधकों ने किया योगाभ्यास



**गन्नौर।** भारतीय योग संस्थान के तत्वावधान में रेलवे पार्क में चल रहे मोटापा रोग निवारण शिविर के चौथे दिन 80 साधकों ने भाग लेकर योग व प्राणायाम का अभ्यास किया। जिला प्रधान मास्टर ओमप्रकाश प्रजापति ने बताया कि मंजू भूटानी, डा. प्रेम भार्गव, यशवीर धामा और रामचंद्र भौरिया ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया, जबकि नवीन वशिष्ठ ने प्राणायाम की जानकारी दी। प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र पट्टी कलियाना के डा. संदीप जैन ने मोटापे के कारणों पर प्रकाश डालते हुए नियमित योग अपनाने की सलाह दी। डा. रूपाली जैन ने संतुलित खानपान, जंक फूड से दूर रखकर शुद्ध शाकाहारी भोजन और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने पर

# महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिवस पर पवन ओमप्रकाश गर्ग ने दी हार्दिक बधाई

**लाडवा 20,जून (विजय कौशिक)** देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता, समाजसेवी और अनेक शिक्षण संस्थानों के प्रधान पवन ओमप्रकाश गर्ग ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की । अपने शुभकामना संदेश में पवन गर्ग ने कहा कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का जीवन संघर्ष, परिश्रम, सेवा और समर्पण की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने साधारण पृष्ठभूमि से निकलकर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचकर महिलाओं, युवाओं तथा समाज के सभी वर्गों के लिए



प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने सार्वजनिक जीवन में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, सामाजिक न्याय और राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनका व्यक्तित्व देश की नारी शक्ति, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। पवन गर्ग ने राष्ट्रपति महोदया के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं सुखमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में देश निरंतर प्रगति और विकास के नए आयाम स्थापित करता रहेगा। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रसेवा के अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करती रहें और देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रहें।

# आठ वर्षीय बालक से कुकर्म, केस दर्ज

**गन्नौर।** थाना गन्नौर क्षेत्र के एक गांव में आठ वर्षीय बालक के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित बालक के स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित के स्वजन ने बताया कि गांव निवासी आमिर उनके आठ वर्षीय बच्चे को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। आरोप है कि इसके बाद उसने बालक के साथ गलत काम किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित आमिर के खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# राजीव जैन ने सड़कों पर उतरकर कूड़े के ढेर साफ करवाएं

**स्वच्छता**

**ओल्ड डी सी रोड पर नंदवानी नगर मंदिर के बाहर ग्राउंड में तीन दिन से जमा कूड़ा उठवाया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत, 20 जून।** सड़क सफाई का टेंडर दोबारा होने में देरी के चलते सड़कों पर जगह जगह कूड़े के ढेर जमा हो गए। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने पक्के सफाई कर्मचारियों एवं जे बी एम कम्पनी की टीम के साथ सड़कों पर उतरकर कूड़े के ढेर साफ करवाए। उल्लेखनीय है कि पिछली 15




तारीख को टेंडर खत्म हो गया था और दो बार नई शर्तों पर टेंडर लगाने के बाद कोई एजेंसी नहीं आई। अब पुरानी शर्तों पर तीसरी बार टेंडर जारी किया गया है। राजीव जैन ने नागरिकों एवं दुकानदारों से भी अपील की कि जब तक सफाई करने वाली एजेंसी ना आ जाये तब तक अपना कूड़ा सड़क पर डालने की बजाये डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में ही डालें। हर शनिवार को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर सोनीपत अभियान के तहत सबसे पहले कपडा मार्किट के चारों तरफ फैले कूड़े की सफाई करवाई और कूड़े वाले स्थान पर चुने का छिड़काव करवाया। उसके बाद राजीव जैन ने रेलवे रोड पर लोक निर्माण विभाग घर के सामने जमा कूड़ा उठवाया। उन्होंने आसपास की सड़कों पर भी झाड़ू लगवाई। ओल्ड डी सी रोड पर नंदवानी नगर मंदिर के बाहर ग्राउंड में तीन दिन से जमा कूड़ा उठवाया और ग्राउंड की सभी झाड़ियों की भी सफाई करवाई। राजीव जैन ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि जब तक सड़क सफाई का टेंडर ना हो जाये तब तक पूरी मुस्तैदी के साथ हमें काम करना होगा ताकि नागरिकों को परेशानी ना हो।

# जहर खाने से व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्डा**

**करनाल।** जिले के असंध थाना क्षेत्र के अरड़ाना गांव में एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार व्यक्ति ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए असंध के मोच्युर्री हाउस भेज दिया है। आज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान 52 वर्षीय सुरजभान के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम करीब 3 बजे सुरजभान ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड? लगी। हालत गंभीर होने पर परिजन घबरा गए और उसे तुरंत करनाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में डॉक्टरों ने सुरजभान का इलाज शुरू किया, लेकिन हालत में सुधार नहीं हुआ। करीब शाम 5 बजे उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही असंध थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जिम्मेदारी हेड कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह को सौंपी गई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सुरजभान ने जहरीला पदार्थ क्यों खाया।

# योग स्वास्थ्य संजीवनी बना, दुनिया में बढ रहा योगासन का प्रचलन

**डॉ. गणेश दत्त।**

**विश्व** में भारतीय सनातन संस्कृति की अमूल्य धरोहर योगासन, प्राणायाम की स्वास्थ्य संजीवनी के रूप में पहचान बन गई हैं। भारत ही नहीं विश्व के 190 देशों में इसी ऋषि चिंतन पद्धति से स्वास्थ्य संरक्षण ही नहीं अनेक असाध्य रोगों से भी निजात मिल रही हैं। यही कारण है कि स्वीकार्यता का आंकडा आए दिन बढ रहा हैं, और दुनिया के लोग भारत की ओर निहार रहे हैं।

21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा हैं। पूरे विश्व में इसके लिए कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। लोगों को शारीरिक, मानसिक तंदरूस्ती का लाभ मिल रहा हैं। योग प्राणायाम के सतत अभ्यास से अध्यात्मिक उर्जा का प्रभाव शरीर ओर मन पर पढ रहा हैं।

माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब से देश की बागडोर सम्भाली सनातन संस्कृति के साथ-साथ आयुर्वेद और योग को प्राथमिकता के रूप में स्वास्थ्य संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण जानकर इसके लिए कदम उठाये और जन-जागरण पर भी ध्यान दिया। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अन्तर्राष्ट्रीय महासभा में योग दिवस का प्रस्ताव रखा जिसे 177 देशों ने अनुमोदन किया और महासभा के 69वें सत्र में 11 दिसम्बर 2014 को प्रति वर्ष 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय दिवस मनाने



की स्वीकृति दी। अब 190 देशों में योग के अन्दर योग प्रशिक्षण संस्थान चल रहे हैं। जिनमें नियमित अभ्यास किया जाता है और विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित होते हैं। विश्व के अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, जापान, आस्ट्रेलिया, कनाडा, रूस व ब्राजील जैसे विकसित देशों में भी योग साधना की जा रही है। यह महान उपलब्धि भारतीयता की रही। यह सौभाग्य हमारे ऋषि-मुनियों के कोटि-कोटि साधनाओं का रहा जो ह्यह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्नह्न के लिए सार्थक सिद्ध हो रहा हैं।

**सतत योग अभ्यास बढती है स्मरण शक्ति और एकाग्रता –**
योग अभ्यास करने मस्तिष्क में स्मरण शक्ति और एकाग्रता का भाव बढता है। मानसिक शांति प्राप्त होती है व शरीर और मन के अनेक विकारों से भी निजात मिलती हैं। रक्तचाप नियंत्रित होता है, रक्त संचार स्वाभाविक रूप से होने लगता है। जिससे दिल के अनेक रोगों से निजात मिलती है। प्राणायाम करने से फेफडे में ऑक्सीजन संचार बढता है, श्वास पर श्वास की प्रक्रिया स्वाभाविक होने से ताकत बढती है जिससे दमा और सांस के रोग पनप नहीं पाते। पाचन-तंत्र में सुधार होता है, मैटोबोलिज्म बेहतर होता है जिससे शारीरिक पुष्टि बढती है और नियमित आसनों का अभ्यास शरीर की मासपेशियों को मजबूत बनाता है, लचीला रखता है जिससे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढती हैं। कमर और गर्दन के अभ्यास करने से शरीर का संतुलन और मुद्रा संतुलित रहती हैं। यही कारण है कि आजकल योग से इन लाभ को देखते हुए हर कोई आकर्षित हो रहा है। आधुनिक युग में दिनचर्या में हर कोई तनाव में ग्रस्त रहता है।

# लाडवा वार्ड नंबर 8 के अशोक कुमार ने फांसी लगा जीवन लीला की समाप्त

**लाडवा 20, जून (विजय कौशिक) :** लाडवा के वार्ड नंबर 8 के 42 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। अशोक कुमार पुत्र मामचंद बड़े हनुमान मन्दिर के पिछले गेट के पास अपनी पत्नी नीलम व एक 14 वर्षीय बच्चे के साथ रहता था। अशोक कुमार बिजली विभाग में फोरमैन के पद पर कार्यरत था। कुछ समय से वो मानसिक बीमारी से जूझ रहा था। उनकी पत्नी नीलम ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह आज उनके पति अशोक कुमार ने उन्हें चाय बनाने के लिए बोला उसके बाद वो कमरे में चले गए। वहां



जब मैं चाय लेकर पहुंची तो अंदर से कुण्डी बन्द मिली। जब काफी देर तक इंतजार करने पर भी कुण्डी नहीं खोली तो मुझे शक हुआ मैने दरवाजा को जोर लगाकर धक्का दिया जिसके कुण्डी टूट गई तब मैने देखा कि कूलर से चढ़ कर पंखे से लटका हुआ है। मैने पड़ोसियों को बुलाया व पुलिस को जानकारी दी। तब तक फांसी पर लटकाने से अशोक कुमार की मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस अधिकारी प्रवेश कुमार व अन्य पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे व शव को पंखे से नीचे उतारा। पुलिस ने अशोक कुमार का पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया। उसकी पत्नी ने बताया कि उसका पति ही उनकी आजीविका का एकमात्र सहारा था उसका 14 वर्षीय बेटा ही उनका सहारा है।

# संपादकीय

## राजनैतिक सुरक्षा और जनाक्रोश से बचने को दलबदल

**प्रख्यात** शायर मिर्जा गालिब का बहुचर्चित शेर उम्र भर गालिब यही भूल करता रहा, धूल चेहरे पर थी आइना साफ करता रहा, इन दिनों विपक्षी राजनैतिक दलों के प्रमुख नेताओं और कर्णधारों पर काफी सटीक बैठ रहा है। पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बाद से क्षेत्रीय दलों के नेताओं में दलबदल की भगदड़ मची हुई है। इससे बौखलाए क्षेत्रीय दलों के नेता ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरूपयोग का आरोप लगाकर भाजपा को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास कर रहे हैं तो भाजपा और राजग के नेता इसके लिए विपक्षी दलों के अपरिपक्व नेतृत्व, ढुलमुल नीतियों, जनता से दूरी और वैचारिक अक्षमता आदि को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। गली-नुक्कड़ पर होने वाली चचाओं का स्थान ले चुके सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर राजनैतिक निष्ठा बदलने वाले इन नेताओं पर लोग अपने सियासी झुकाव के अनुसार टीका टिप्पणी कर रहे हैं। कोई इन्हें डरपोक और अवसरवादी बता कर कोस रहा है तो कोई क्षेत्रीय दलों के शीर्ष नेतृत्व की खामियां गिनाकर इनके कदम को उचित ठहराने की कोशिश में जुटा हुआ है। सही मायने में देखा जाए तो कोई भी नेता जब किसी दल में रहते हुए राजनैतिक असुरक्षा के भाव से घिर जाता है तो वह अपने सुरक्षित राजनैतिक भविष्य के आश्वासन के साथ उपहार स्वरूप मिलने वाले लाभों के लिए राजनैतिक निष्ठाएं बदलने का मौका नहीं गंवाता। सामान्यतौर पर दलबदल सत्ताधारी दल के पक्ष में या सत्ता परिवर्तन के लिए होता है इसलिए इसके ईनाम स्वरूप बड़े पद मिलना स्वभाविक सी बात है, कई बार तो दलबदल करने वाले नेता राज्य के मुख्यमंत्री तक का पद हासिल करने में कामयाब रहे हैं। हालांकि राजनैतिक निष्ठा बदलते समय ये नेता सबसे ज्यादा दुहाई पुराने दल में हुए वैचारिक पतन की देते हैं लेकिन हकीकत है कि अपवाद स्वरूप कुछ मामलों को छोड़ दें तो शायद ही कभी सिर्फ विचारधारा में बदलाव की वजह से किसी नेता ने दलबदल का रास्ता अपनाया हो। सत्ताधारी दल पर अक्सर ताकत का दुरूपयोग करके विपक्षी दलों में तोड़फोड़ करने के आरोप लगाए जाते हैं। केंद्र की सत्ता पर काबिज दलों पर तो आमतौर पर सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग जैसी केंद्रीय संस्थाओं का दुरूपयोग करके विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने की चर्चा होती रहती है। इन दिनों मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर आरोप लगाने वाले भी जानते हैं कि समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव और बसपा सुप्रीमो मायावती पर आय से अधिक सम्पत्ति का मामला कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार के दौरान दर्ज किया गया था। यूपीए शासनकाल में एआईएडीएमके नेत्री जयललिता और वाईएसआर कांग्रेस के जगनमोहन रेड्डी भी केंद्रीय जांच संस्थाओं के निशाने पर रहे। ऐसा नहीं है कि जांच के दायरे में आए इन नेताओं ने ताकत का दुरूपयोग नहीं किया होगा।

# उत्तराखंड में भाजपा-कांग्रेस की लड़ाई के बीच यूकेडी

अजय कुमार

> पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों पर गौर करें तो 2022 में बीजेपी ने उत्तराखंड बनने के बाद पहली बार सत्ता परिवर्तन की परंपरा को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार सरकार बनाई थी। पार्टी को 44.33 फीसदी वोट मिले और उसने 47 सीटों पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस के खाते में 37.91 फीसदी वोट आए, लेकिन सीटों के मामले में वह सिर्फ 19 पर सिमट गई। बसपा और निर्दलीयों ने दो-दो सीटें जीतीं। आम आदमी पार्टी ने कर्नल अजय कोठियाल को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाकर पूरे दमखम से चुनाव लड़ा था

**उत्तराखंड** की राजनीति में चुनावी पारा चढ़ चुका है। पहाड़ी राज्य में विधानसभा चुनाव में अब आठ महीने से भी कम वक्त बचा है और हर दल अपनी-अपनी सियासी बिसात बिछाने में जुटा है। सत्ता पर काबिज भारतीय जनता पार्टी जहां इतिहास रचने के मंसूबे के साथ मैदान में डटी है, वहीं कांग्रेस अपने दस साल पुराने वनवास को खत्म करने के लिए जोर लगा रही है। इसी बीच क्षेत्रीय अस्मिता की राजनीति करने वाला उत्तराखंड क्रांति दल भी अपनी खोई जमीन वापस पाने की जुगत में है। सत्तर सीटों वाले इस राज्य में मुकाबला अब त्रिकोणीय होता दिख रहा है, हालांकि असली लड़ाई अब भी बीजेपी और कांग्रेस के बीच ही केंद्रित नजर आ रही है। पिछले विधानसभा चुनाव के नतीजों पर गौर करें तो 2022 में बीजेपी ने उत्तराखंड बनने के बाद पहली बार सत्ता परिवर्तन की परंपरा को तोड़ते हुए लगातार दूसरी बार सरकार बनाई थी। पार्टी को 44.33 फीसदी वोट मिले और उसने 47 सीटों पर जीत हासिल की थी। कांग्रेस के खाते में 37.91 फीसदी वोट आए, लेकिन सीटों के मामले में वह सिर्फ 19 पर सिमट गई। बसपा और निर्दलीयों ने दो-दो सीटें जीतीं। आम आदमी पार्टी ने कर्नल अजय कोठियाल को मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनाकर पूरे दमखम से चुनाव लड़ा था, लेकिन उसे सिर्फ 3.3 फीसदी वोट मिले और खाता भी नहीं खुल सका।

दिलचस्प यह भी रहा कि उस चुनाव में दो बड़े कद्दावर नेता अपनी ही सीट से हार गए थे। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत लालकुआं से हार गए थे, जबकि तब के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी परंपरागत खटीमा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी भुवन कापड़ी से चुनाव हार बैठे थे। हालांकि भाजपा आलाकमान ने धामी पर भरोसा बनाए रखा और बाद में चंपावत सीट से उपचुनाव जिताकर उन्हें फिर मुख्यमंत्री पद पर बैठाया। उत्तराखंड की राजनीति को समझने के लिए कुमाऊं और गढ़वाल मंडल का गणित जानना जरूरी है। गढ़वाल मंडल में 41 और कुमाऊं मंडल में 29 सीटें आती हैं। पिछली बार गढ़वाल में बीजेपी का दबदबा एकतरफा रहा था, जहां पार्टी ने 29 सीटें जीती थीं और कांग्रेस सिर्फ 8 पर सिमट गई थी। लेकिन कुमाऊं मंडल में तस्वीर अलग थी, यहां बीजेपी को 18 और कांग्रेस को 11 सीटें मिली थीं, यानी कांग्रेस ने यहां कड़ी टक्कर दी थी। यही वजह है कि इस बार दोनों ही पार्टियां इन इलाकों में अपनी पूरी ताकत झोंकने में जुटी हैं। राहुल गांधी की हाल में कुमाऊं और गढ़वाल दोनों मंडलों में रैलियां प्रस्तावित थीं। अल्मोड़ा में भारी भीड़ जुटी, पर खराब मौसम के चलते वह खुद नहीं पहुंच सके और फोन तथा वर्चुअल माध्यम से कार्यकताओं को संबोधित किया।



प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल भी लगातार राज्यभर का दौरा कर लोगों से सीधा संपर्क साध रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी राज्य के इतिहास में पहले ऐसे भाजपा मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं जो अपना पूरा पांच साल का कार्यकाल पूरा करेंगे। एंटी इंकंबेंसी से निपटने के लिए बीजेपी ने माइक्रो लेवल पर रणनीति बनानी शुरू कर दी है। 13 से 16 जून के बीच पार्टी ने एक बड़ा अभियान चलाया, जिसमें लोकसभा सांसद, राज्यसभा सदस्य और कोर ग्रुप के नेताओं को उन 23 सीटों पर भेजा गया, जहां पार्टी पिछली बार हार गई थी। ये नेता वहां रात भी रुके, ताकि स्थानीय संगठन की हकीकत और हार की वजहों को करीब से समझा जा सके। चुनावी मुद्दों की बात करें तो बीजेपी इस बार बुनियादी ढांचे के विकास, यूनिफॉर्म सिविल कोड और धार्मिक पर्यटन, खासकर चारधाम यात्रा और मानसखंड मंदिर माला मिशन को आगे रखकर वोट मांगने की तैयारी में है। 2027 में हरिद्वार में लगने वाला कुंभ मेला भी पार्टी के लिए अपनी प्रशासनिक छवि चमकाने का बड़ा मौका साबित हो सकता है। दूसरी तरफ कांग्रेस के पास मुद्दों की कमी नहीं है, लेकिन अंदरूनी गुटबाजी उसकी सबसे बड़ी मुश्किल बनी हुई है। प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल लगातार जमीन पर मेहनत कर रहे हैं, लेकिन सात महीने बीत जाने के बाद भी प्रदेश कार्यकारिणी का गठन नहीं हो पाया है। हाल ही में पार्टी की उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा दो दिन के दौरे पर आई थीं, लेकिन एक ही दिन में कामकाज निपटाकर दिल्ली लौट गईं, जिससे स्थानीय नेताओं में संगठन को लेकर बेचैनी और बढ़ गई। हरीश रावत के कुछ समय पहले 'मौन अवकाश' पर जाने से भी सियासी गलियारों में अटकलें तेज हो गई थीं, हालांकि बाद में उन्होंने साफ कर दिया कि वह कांग्रेस को जिताने के लिए पूरी ताकत से मैदान में उतरेंगे। गणेश गोदियाल का कहना है कि कांग्रेस अपने शासन काल की उपलब्धियों और मौजूदा सरकार की नाकामियों को साथ रखकर जनता के सामने जाएगी। पार्टी इस बार बेरोजगारी, पलायन, पेपर लीक मामलों, अंकिता भंडारी हत्याकांड, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली और जंगली जानवरों से हो रहे जान माल के नुकसान जैसे मुद्दों को जोर-शोर से उठाने की तैयारी में है। इस बीच राज्य आंदोलन से जुड़ा उत्तराखंड क्रांति दल भी खुद को मजबूत करने में लगा है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष आशुतोष नेगी और युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष आशीष नेगी लगातार जिलों में जनसभाएं कर रहे हैं। यूकेडी का सबसे बड़ा मुद्दा पहाड़ में स्थायी राजधानी बनाने की मांग है। पार्टी का मानना है कि जब तक मुख्यमंत्री और विधायक पहाड़ में नहीं बैठेंगे, तब तक पहाड़ का असली विकास संभव नहीं है। इसके अलावा यूकेडी 1950 से राज्य में रह रहे लोगों को मूल निवासी का दर्जा देने और सख्त भू-कानून बनाने की मांग पर भी मुखर है। पार्टी का कहना है कि अगर उनकी सरकार बनी और कोई पेपर लीक हुआ तो इसकी सीधी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री की होगी और उन्हें इस्तीफा देना होगा। आशुतोष नेगी के मुताबिक पार्टी अभी 30 से 35 सीटों पर मजबूत स्थिति में काम कर रही है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो यूकेडी जितनी मजबूत होगी, उसका सीधा नुकसान कांग्रेस को होगा, क्योंकि भाजपा का कोर वोटर अब भी काफी हद तक उसके साथ बना हुआ है। हालांकि सरकार के खिलाफ नाराजगी जरूर है, लेकिन विपक्ष के पास अभी पुष्कर सिंह धामी की टक्कर का कोई बड़ा चेहरा नहीं दिख रहा। कुमाऊं मंडल में मुकाबला कांटे का रहने की उम्मीद है और अगर कांग्रेस अपनी अंदरूनी खींचतान खत्म कर सही टिकट बंटवारा कर पाई, तो उसे फायदा मिल सकता है। फिलहाल तस्वीर यही बताती है कि भाजपा विकास और संगठन की ताकत पर सत्ता बचाने में जुटी है, कांग्रेस सरकार की नाकामियों को मुद्दा बनाकर वापसी का रास्ता तलाश रही है और यूकेडी पुराने सवालों को फिर सुर्खियों में लाने की कोशिश कर रही है। आने वाले महीनों में उत्तराखंड की सियासत और भी दिलचस्प मोड़ ले सकती है, और यही बात इस चुनाव को पहले से कहीं ज्यादा दिलचस्प बना रही है।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

## सुरक्षा का साधन या स्वतंत्रता पर प्रतिबंध?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

**भारतीय** संविधान व्यक्तिगत स्वतंत्रता को लोकतांत्रिक शासन की आधारशिला मानता है। अनुच्छेद 21 के अनुसार किसी व्यक्ति को केवल विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही उसके जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित किया जा सकता है। साथ ही संविधान निमार्ताओं ने राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था और राज्य की स्थिरता को ध्यान में रखते हुए निवारक निरोध की व्यवस्था को भी स्वीकार किया। इसका उद्देश्य किसी व्यक्ति को उसके द्वारा भविष्य में किए जा सकने वाले संभावित कृत्य के आधार पर निरुद्ध करना है, न कि किसी अपराध के लिए दंडित करना। किंतु समय के साथ यह प्रश्न गंभीर होता गया है कि क्या निवारक निरोध के असाधारण प्रावधान वास्तव में सार्वजनिक व्यवस्था की रक्षा के लिए प्रयुक्त हो रहे हैं या वे व्यक्तिगत स्वतंत्रता को सीमित करने के उपकरण बनते जा रहे हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के हालिया निर्णय ने इसी बहस को पुनः केंद्र में ला दिया है। हाल ही में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत की गई एक निरोधात्मक कार्रवाई को निरस्त करते हुए कहा कि राज्य सामान्य कानून-व्यवस्था की समस्याओं और सार्वजनिक व्यवस्था के गंभीर संकट के बीच अंतर करने में विफल रहा है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक आपराधिक घटना सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित नहीं करती। यदि किसी व्यक्ति के विरुद्ध सामान्य आपराधिक कानूनों के अंतर्गत कार्रवाई संभव है, तो निवारक निरोध का सहारा लेना संविधान प्रदत्त स्वतंत्रताओं के विपरीत होगा। न्यायालय ने यह भी रेखांकित किया कि निवारक निरोध की शक्तियाँ असाधारण हैं और उनका प्रयोग अत्यंत सीमित परिस्थितियों में ही किया जाना चाहिए। यह निर्णय इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि भारतीय न्यायपालिका लंबे समय से इस सिद्धांत को दोहराती रही है कि ह्लकानून-व्यवस्थाह्व और ह्लसार्वजनिक व्यवस्थाह्व समानार्थी नहीं हैं। किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध अपराध या स्थानीय स्तर की अशांति कानून-व्यवस्था का विषय हो सकती है, जबकि सार्वजनिक व्यवस्था का प्रश्न तब उत्पन्न होता है जब व्यापक जनजीवन, सामाजिक शांति और समुदाय की सामान्य गतिविधियाँ प्रभावित हों। किंतु व्यवहार में प्रशासन अनेक बार इस भेद को अनदेखा कर देता है और सामान्य आपराधिक मामलों में भी निवारक निरोध का सहारा लेता है। भारत में निवारक निरोध की संवैधानिक मान्यता अनुच्छेद 22 के प्रावधानों के अंतर्गत दी गई है। स्वतंत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद से ही विभिन्न कानूनों–निवारक निरोध अधिनियम, आंतरिक सुरक्षा संधारण अधिनियम, विदेशी मुद्रा संरक्षण एवं तस्करी निवारण अधिनियम, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम तथा विभिन्न राज्य स्तरीय निरोध कानूनों–के माध्यम से इस शक्ति का प्रयोग किया जाता रहा है।

# विचार

## गुजरे जमाने के फुटपाथ और छाँव देते दरख़्त

**संजय सक्सेना**

**शहर** के भीड़भाड़ वाले इलाकों में सड़कों के किनारे बने फुटपाथ और लंबी दूरी के मार्गों के किनारे हरियाली सहित पथिकों को छाया देने वाले वृक्ष अतीत की बात हो गए हैं। फुटपाथ पर दुकानदारों ने कब्जा कर लिया है तो वृक्ष कहीं मार्ग चौड़ीकरण तो कहीं विकास की भेंट चढ़ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 19 जून 2026 के अपने फैसले में पैदल यात्रियों के फुटपाथ पर सुरक्षित चलने को उनका मौलिक अधिकार करार दिया। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले एक स्कूल जा रहे पाँच वर्षीय बच्चे की मौत का मुआवजा बढ़ाते हुए यह निर्देश दिया। एक वक्त था जब लखनऊ की हजरतगंज हो या बनारस की गोदौलिया या अन्य छोटे-छोटे शहरों की सड़कों के किनारे चौड़े और साफ फुटपाथ हुआ करते थे। उन पर इमली, नीम और पीपल के घने पेड़ छाया बिछाए खड़े रहते थे। दोपहर की तपती धूप में एक थका-हारा मजदूर उस छाँव में दो पल बैठ लेता था, स्कूल जाते बच्चे उसी फुटपाथ पर बेफिक्र चहलकदमी करते थे और बूढ़े-बुजुर्ग शाम को टहलने निकलते तो सड़क की गाड़ियों का खौफ उन्हें नहीं सताता था। वह भारत अब केवल पुरानी तस्वीरों में दिखता है। आज की हकीकत यह है कि फुटपाथ दुकानों के गोदाम बन चुके हैं, पेड़ विकास की बलिवेदी पर चढ़ चुके हैं और पैदल चलने वाला आम आदमी अपनी ही सड़क पर बेगाना हो गया है।

यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि सुप्रीम कोर्ट ने 19 जून को अपने फैसले में ऐसा कुछ नहीं कहा जो हमारे संविधान में नहीं लिखा हो, लेकिन सवाल यह है कि कानून की धज्जियां उड़ाने वालों पर कार्रवाई कौन करे। हालत यह है कि पिछले कुछ दशकों में बड़े-बड़े व्यापारियों ने पहले तो फुटपाथ घेरकर अतिक्रमण किया, फिर बाद में उनके अतिक्रमण का दायरा सड़क तक फैल गया। व्यापारी, जिन्हें धन्ना सेठ भी कहा जाता है, सिस्टम को पैसे के बल पर और राजनीतिक दलों को चंदा देकर सबका मुंह बंद कर देते हैं। पूरे प्रदेश में अतिक्रमण का यही हाल है। नगर निगम और एलडीए अक्सर अतिक्रमण के खिलाफ मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई करते हैं, लेकिन वे बाजारों से अतिक्रमण हटाते हुए कभी नहीं दिखाई देते हैं। भू-माफियाओं की तरफ से मुंह मोड़े रहते हैं। सवाल यह है कि जो अधिकार संविधान में पहले से लिखा था, उसे अदालत को घोषित क्यों करना पड़ा? इसका जवाब हमारे शहरों की उन गलियों में मिलता है जहाँ फुटपाथ पर सब्जी वाले का ठेला है, कपड़े वाले का तिरपाल है, मोबाइल ठीक करने वाले की मेज है और उसके आगे एक ऐसा अँधेरा है जिसमें पैदल चलने वाले के लिए कोई जगह नहीं बची। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में एक रिटायर होने जा रहे पुलिस के एक बड़े अधिकारी का किस्सा सुनाया था, जिसमें इस अधिकारी ने सीएम को बताया था कि लखनऊ के पॉश इलाके में एक माफिया ने 120 एकड़ जमीन कब्जा रखी है। यदि उसे माफिया से मुक्त करा दिया जाए तो वहाँ राज्य फॉरेंसिक संस्थान खोला जा सकता है। जिसे योगी ने खाली करा लिया, लेकिन न जाने आज भी ऐसी कितनी जमीनें होंगी जो माफियाओं ने कब्जा करके कहीं कॉलोनी बना दी होंगी तो कहीं बस्तियां बसा दी होंगी। मगर अफसोस यह है कि अतिक्रमण के खिलाफ सिर्फ वहीं पर मोर्चा खोला जाता है जहाँ कार्रवाई करके सरकार को खुश किया जा सकता है या फिर ऐसी जगह से अतिक्रमण हटाया जाता है जहाँ अतिक्रमणकारी थोड़ा लाचार और कमजोर होता है। खैर, बात फुटपाथ की की जाए तो एक समय था जब पैदल यात्री बीच सड़क पर गाड़ियों की चकाचौंध और अंधी दौड़ के साथ धूप और बरसात से बचते हुए आराम से फुटपाथ पर सुरक्षित आता-जाता था। मगर यह सब करीब पचास साल पुरानी बातें हुआ करती थीं। बीते पचास सालों में सरकार ने फुटपाथ के नाम पर पैसा तो खूब लुटाया, लेकिन किसी पैदल चलने वाले राहगीर को इससे फायदा नहीं हुआ। 70 और 80 के दशक में जब शहर छोटे थे और आबादी का दबाव कम था, तब फुटपाथ बनाए गए थे और उन पर पेड़ लगाए गए थे। नगरपालिकाएँ उनकी देखभाल करती थीं।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

# आलेख

## फादर्स डे - संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

फादर्स डे एक ऐसा दिन है जबकि हम अपने-अपने पिता के प्रति विशेष सम्मान व आभार प्रकट करते हैं। यह एक ऐसा दिन भी है जबकि हम परमात्मा को याद करते हैं, जोकि हम सबके पिता-परमेश्वर हैं। इस दिन हम अपने शारीरिक पिता से मिले प्रेम को और उनसे मिले उपहारों को दिल से याद करते हैं, तथा उनका धन्यवाद करते हैं। यह एक ऐसा समय भी है जबकि हम प्रभु से मिली देनों व बरकतों को याद करते हैं, तथा उनका शुक्राना अदा करते हैं। प्रभु ही हमारे सच्चे पिता हैं, और हर तरह से हमारा खयाल रखते हैं। हरेक माता-पिता अपनी संतान में वो सद्गुण एवं नैतिक मूल्य देखना चाहते हैं जो स्वयं उनके अंदर होते हैं। हरेक माता-पिता चाहते हैं कि उनका बेटा या बेटी बड़े होकर अच्छे इंसान बनें।

प्रभु हमसे अलग नहीं हैं। यह हमारा मन है जो हमें प्रभु से दूर कर देता है। परमात्मा का अंश, आत्मा, प्रत्येक इंसान के अंदर पाई जाती है। परमात्मा ने आत्मा को अपने ही नमूने पर बनाया है। समस्त मानव जाति परमात्मा के स्वरूप के आधार पर ही बनाई गई है। प्रभु चाहते हैं कि हम सभी उस महान स्वरूप के अनुसार ही अपना जीवन जिएँ, सद्गुणों एवं नैतिक मूल्यों को अपने अंदर धारण करें। प्रभु चाहते हैं कि हम केवल उनसे ही नहीं, बल्कि उनकी बनाई हुई सृष्टि में मौजूद सभी इंसानों व जीवों से प्रेम करें। इसी उद्देश्य से सृष्टि का निर्माण किया गया था। कहा जाता है कि प्रभु ने समस्त मानव जाति को एक-दूसरे से प्रेम व करुणा का व्यवहार करने के लिए ही बनाया है, नहीं तो अगर प्रभु को केवल अपनी भक्ति ही करानी होती, तो उसके लिए तो फरिश्ते ही काफी थे। परंतु प्रभु ने फिर भी इंसानों को बनाया, ताकि व न केवल प्रभु से प्रेम करें, बल्कि आपस में एक-दूसरे से भी प्रेम करें।

जो इंसान अपने साथी इंसानों की मदद करता है, वो प्रभु को अच्छा लगता है। अपनी इच्छाओं व सुखों का त्याग करके भी दूसरों की सहायता करना, यह विशिष्ट गुण परमात्मा को बहुत अच्छा लगता है; और जिसके अंदर भी यह सद्गुण मौजूद होता है, वो इंसान भी परमात्मा को बहुत भाता है।

## योग और आत्मानुशासन

**डॉ रामेश्वर मिश्र**

**योग** भारतीय संस्कृति और दर्शन की ऐसी अमूल्य धरोहर है, जिसने मानव जीवन को केवल शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग ही नहीं दिखाया, बल्कि आत्मिक उन्नति, मानसिक संतुलन और नैतिक जीवन का भी आधार प्रदान किया है। योग का वास्तविक अर्थ केवल आसन और प्राणायाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के सम्पूर्ण व्यक्तित्व के विकास की वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक प्रक्रिया है। संस्कृत धातु "युज्" से निर्मित "योग" शब्द का अर्थ है जोड़ना, मिलाना या एकत्व स्थापित करना। यह एकत्व जीवात्मा और परमात्मा के मध्य, शरीर और मन के मध्य तथा विचार, वाणी और कर्म के मध्य सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास है। जब यह सामंजस्य विकसित होता है, तभी आत्मानुशासन का वास्तविक स्वरूप प्रकट होता है। इसलिए योग और आत्मानुशासन का संबंध अत्यंत गहरा और अविभाज्य है। योग आत्मानुशासन का साधन है और आत्मानुशासन योग की सफलता का आधार। महर्षि पतञ्जलि ने योग की सर्वाधिक प्रामाणिक परिभाषा प्रस्तुत करते हुए कहा है-"योगश्चित्तवृत्तिनिरोधः।" (योगसूत्र 1.2) अर्थात चित्त की वृत्तियों का निरोध ही योग है। मनुष्य का मन स्वभावतः चंचल है। इच्छाएँ, भय, क्रोध, मोह, लोभ और अहंकार उसे निरन्तर विचलित करते रहते हैं। जब तक मन इन वृत्तियों के अधीन रहता है, तब तक व्यक्ति आत्मानुशासित नहीं हो सकता। योग इन मानसिक विकारों को नियंत्रित कर व्यक्ति को आत्मसंयम की ओर ले जाता है। यही आत्मानुशासन का प्रथम चरण है। भारतीय दर्शन में आत्मानुशासन का अर्थ बाहरी नियंत्रण नहीं, बल्कि स्वयं पर स्वयं का शासन है। यह ऐसी स्थिति है जिसमें व्यक्ति किसी बाहरी भय, दण्ड या दबाव के कारण नहीं, बल्कि अपने विवेक और आत्मचेतना के कारण उचित आचरण करता है। योग इसी आंतरिक शक्ति का विकास करता है। नियमित साधना व्यक्ति को धैर्यवान, संयमी, सहनशील और विवेकशील बनाती है। वह परिस्थितियों का दास नहीं, बल्कि उनका नियंत्रक बन जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### अनाज मंडी में 21 जून को आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय अनाज मंडी में जिला स्तरीय कार्यक्रम के सफल आयोजन किया जाएगा। जिला उपायुक्त डॉ.आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेगें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा स्कूली बच्चे, समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेगें। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम प्रात: 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में केंद्रीय ऊर्जा आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से समारोह से जुड़ेंगे और देशवासियों के नाम अपना शुभ संदेश देंगे, इसके बाद पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ऑनलाइन माध्यम से जुड़ेंगे। इन दोनों कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण कार्यक्रम में दिखाया जाएगा। इसके बाद योग प्रशिक्षकों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित योग साधकों को योग क्रियाएं करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के अलावा उपमंडल स्तर पर भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नीलोखेड़ी के कार्यक्रम में नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी, इंद्री के कार्यक्रम में इंद्री के विधायक एवं चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप, घरौंडा के कार्यक्रम में करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के कार्यक्रम में असंध के विधायक योगेंद्र सिंह राणा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में स्वस्थ व्यक्ति ही भाग ले सकता: रामकुमार कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**




**करनाल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा तीन दिवसीय विशेष योग शिविर का आयोजन फव्वारा पार्क सेक्टर 12 में किया जा रहा है। मुख्य संचालक दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में शिविर में सैकड़ों लोग योग कर रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप ने कहा कि दिनेश गुलाटी का यह मिशन अब देश की सीमाएं पार कर चुका है। एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में स्वस्थ व्यक्ति ही भाग ले सकता है और जो केवल योग से संभव है। विशेष अतिथि डॉ संजय अरोड़ा, गुरुग्राम विश्वविद्यालय भी मौजूद रहे। दिनेश गुलाटी ने कहा कि तीन दिवसीय निशुल्क शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे और स्वास्थ्य लाभ पाएं, क्योंकि योग ही स्वास्थ्य का आधार है। यदि हम निरोगी होंगे, तभी हम जीवन को अच्छी तरह से व्यतीत कर पाएंगे। मिशन के अंतर्गत संचालित 20 कक्षाओं के योग साधक मौजूद थे, जिसमें से सेक्टर 6 और सेक्टर 9 में चलाई जा रही योग कक्षा के साधकों ने विशेष यौगिक प्रस्तुति दी।

### कृष्ण कुटेल कांग्रेस एससी विभाग के वर्किंग चेयरपर्सन नियुक्त



टीम एक्शन इंडिया
कमल मिड्ढा
करनाल। कांग्रेस पार्टी द्वारा अनुसूचित जाति समाज के वरिष्ठ नेता कृष्ण कुटेल को हरियाणा कांग्रेस एससी विभाग का वर्किंग चेयरपर्सन नियुक्त किए जाने पर कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। उनकी नियुक्ति के बाद करनाल में आयोजित एक कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी शहरी के अध्यक्ष पराग गाबा सहित कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# टोक्यो स्काई ट्री से विश्व तक पहुंचा गीता संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**जापान (टोक्यो)।** जापान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों की प्रेरणादायक झलक उस समय देखने को मिली, जब करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता की अगुवाई में महिला प्रतिनिधियों ने टोक्यो की विश्वप्रसिद्ध स्काई ट्री इमारत पर गीता संदेश का प्रसार करते हुए भारतीय संस्कृति का गौरवपूर्ण परिचय दिया। 634 मीटर ऊंची इस गगनचुंबी संरचना से गीता के सार्वभौमिक संदेश और भारतीय जीवन मूल्यों की अभिव्यक्ति ने वहां उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस प्रकार भारत की सांस्कृतिक पहचान को नई वैश्विक ऊंचाइयों तक पहुंचाने में यह कारगर कदम सिद्ध हुआ। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड एवं जीओ गीता के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में भारत के साथ-साथ

**गीता महोत्सव**

**भारत-जापान मैत्रीपूर्ण संबंधों के विस्तार में गीता महोत्सव का विशेष महत्व है**

अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन सहित अनेक देशों से पहुंचे श्रद्धालु और प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। इसी क्रम में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के मार्गदर्शन में प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो के सुमिडा क्षेत्र स्थित विश्वप्रसिद्ध स्काई ट्री का अवलोकन किया। वर्ष 2012 में स्थापित यह टावर विश्व की तीसरी सबसे ऊंची संरचना तथा सबसे ऊंचा स्वतंत्र प्रसारण टावर माना जाता है। स्काई ट्री के अवलोकन डेक से दिखाई देने वाले अद्भुत दृश्य के बीच महापौर रेणु बाला गुप्ता ने महिला प्रतिनिधियों का नेतृत्व करते हुए गीता ज्ञान के प्रचार-प्रसार का



आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के मार्गदर्शन में जिस प्रकार विश्वभर में गीता का संदेश और भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परम्पराएं पहुंच रही हैं, वह प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है। उन्होंने सभी से गीता संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। भाजपा के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव भारतीय संस्कृति को वैश्विक पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि गीता का कर्मयोग, कर्तव्यबोध और मानवीय मूल्यों का संदेश आज भी पूरी मानवता के लिए उतना ही प्रासंगिक है जितना सदियों पूर्व था। इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने टोक्यो के ऐतिहासिक एवं विश्वविख्यात सेनसोजी बौद्ध मंदिर के दर्शन किए। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज के नेतृत्व में मंदिर पहुंचे सैकड़ों भारतीय श्रद्धालुओं ने भारत और जापान की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत के अद्भुत सामंजस्य को निकट से अनुभव किया। मंदिर परिसर में भारतीय परम्पराओं से मेल खाते श्री, स्वास्तिक, धूप और दीप जैसी आध्यात्मिक परम्पराओं ने सभी को विशेष आकर्षित किया।

अपने प्रेरक उद्बोधन में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने कहा कि भगवान बुद्ध को सनातन परम्परा में भगवान विष्णु के अवतार के रूप में स्वीकार किया गया है। बौद्ध और सनातन परम्पराओं का मूल संदेश मानवता, करुणा और विश्व कल्याण है। उन्होंने कहा कि आज जब विश्व विभिन्न प्रकार के संघर्षों और अस्थिरताओं से जूझ रहा है, तब श्रीमद्भगवद्गीता सम्पूर्ण मानवता को शांति, संतुलन, आत्मानुशासन और कर्तव्य का मार्ग दिखाती है। स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने कहा कि गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन का अद्भुत दर्शन है, जो मनुष्य को स्वयं से जोड़ते हुए समाज और विश्व के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने आह्वान किया कि बौद्ध समाज और सनातन संस्कृति से जुड़े लोग मिलकर विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए कार्य करें। महोत्सव के दौरान गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ. मार्कंडेय आहूजा, हरियाणा परिवार फाउंडेशन स्पेन के उपाध्यक्ष कृष्ण सैनी तथा एसोसिएशन ऑफ हरियाणवी इन ऑस्ट्रेलिया के प्रधान सेवा सिंह रेंढू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जापान की समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत में भारतीय संस्कृति की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और मानवीय संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने का कार्य कर रहा है।

### स्वस्थ शरीर किसी खजाने से कम नहीं: मनोज गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)** श्रीमत सिटी सेंटर द्वारा महात्मा बुद्ध योग संस्थान के सहयोग से रेलवे पार्क में आयोजित किए जा रहे साप्ताहिक योग शिविर के छठे दिन का शुभारंभ गोल्ड जिम के संचालक मनोज गोयल व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पिनाल गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।
इस मौके पर योग साधकों को संबोधित करते हुए मनोज गोयल ने कहा कि स्वस्थ शरीर किसी खजाने से कम नहीं है। इसलिए स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए। धन दौलत व प्रोपर्टी होने के बावजूद यदि स्वास्थ्य नहीं है, तब कुछ भी नहीं है। इसलिए हर व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। इसके लिए नियमित रूप से योग करें।

## भारत की सनातन संस्कृति का वह अमूल्य उपहार है योग: विश्राम

**प्राणायाम**

**पायलट रिहर्सल में शामिल होकर सभी योग, आसन, प्राणायाम व अन्य क्रियाओं को किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि योग भारत की सनातन संस्कृति का वह अमूल्य उपहार है, जिससे संपूर्ण मानवता का कल्याण संभव है। योग केवल शारीरिक अभ्यास नहीं, बल्कि शरीर, मन, आत्मा और समाज को जोडने.वाली एक संपूर्ण जीवन पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से



शरीर स्वस्थ, मन शांत तथा विचार सकारात्मक बनते हैं।
उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा शनिवार को महाभारत अनुभव केंद्र ज्योतिसर में आयोजित पायलट रिहर्सल में बोल रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने पायलट रिहर्सल में शामिल होकर सभी योग, आसन, प्राणायाम व अन्य क्रियाओं को किया। इसके बाद 21 जून को आयोजित होने वाले 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा भी की। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा को जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. मंजू शर्मा ने पुष्प गुच्छ देकर पायलट रिहर्सल में स्वागत किया।
उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि 21 जून को 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय भव्य समारोह का आयोजन महाभारत अनुभव केंद्र ज्योतिसर में पहली बार किया जाएगा। इस समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसमें हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण और अंत्योदय, सत्कार, वास्तुकला मंत्री कृष्ण कुमार बेदी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष योग दिवस का थीम स्वस्थ आयु के लिए योग एवं योग युक्त-नशा मुक्त हरियाणा रखा गया है। समारोह का शुभारंभ प्रातः 6 बजे होगा। इसके उपरांत अतिथियों का स्वागत किया जाएगा।

### बीमारियों से बचने के लिए योग करना जरूरी: डॉ आशीष अनेजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** सीनियर मेडिकल ऑफिसर एवं डायबिटीज स्पेशलिस्ट डॉ. आशीष अनेजा का कहना है कि आजकल आधुनिक तनाव और गतिहीन दिनचर्या के कारण होने वाली बीमारियों से बचने के लिए योग और एक अनुशासित जीवनशैली बहुत आवश्यक है। योग मात्र शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने की कला है।आजकल की आधुनिक जीवनशैली और खराब खानपान के कारण कई बीमारियां जैसे कि डायबिटीज, मोटापा, और हृदय रोग तेजी से बढ़ रही हैं। इनसे बचाव के लिए योग सबसे उत्तम प्राकृतिक चिकित्सा है। यह न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि बीमारियों को जड़ से खत्म करने में भी अत्यंत मददगार है। डॉ. अनेजा ने बताया कि योग का पूरा लाभ उठाने के लिए कुछ बुनियादी नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है जैसे कि हमेशा सुबह खाली पेट योग करें और अभ्यास के दौरान श्वास (सांस) पर पूरा ध्यान केंद्रित करें।



## पीडब्ल्यूडी के सरकारी आवास में जेई द्वारा अतिक्रमण पर उठा विवाद

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) का प्रांतीय खंड एक बार फिर विवादों में घिर गया है। विभाग में सड़क निर्माण की गुणवत्ता से लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई तक के मामले समय-समय पर चर्चा में रहे हैं। अब विभागीय आवास परिसर में कथित अवैध निर्माण का मामला सामने आया है।
जानकारी के अनुसार पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पीछे विभाग के अवर अभियंता (जेई), सहायक अभियंता (एई) तथा अन्य



कर्मचारियों के सरकारी आवास स्थित हैं। इन आवासों की मरम्मत और निर्माण कार्य विभागीय स्वीकृति एवं सरकारी बजट के माध्यम से कराया जाता है। आरोप है कि प्रांतीय खंड में तैनात जेई संजय अपने सरकारी आवास से सटकर रास्ते की ओर एक कमरे का निर्माण करा रहे हैं। विभागीय कर्मचारियों का कहना है कि सरकारी आवास परिसर में किसी भी प्रकार का नया निर्माण बिना सक्षम अधिकारी की लिखित अनुमति और स्वीकृत योजना के नहीं कराया जा सकता। ऐसे में यह निर्माण विभागीय नियमों के विपरीत माना जा रहा है। मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए एई मनोज कुमार सेंगर ने बताया कि यदि सरकारी आवास परिसर में बिना अनुमति निर्माण कराया जा रहा है तो यह अवैध श्रेणी में आएगा। उन्होंने कहा कि इससे आसपास के आवासों और परिसर की संरचना पर भी प्रभाव पड़ सकता है तथा विभागीय कार्रवाई की संभावना बनती है। वहीं अधिशासी अभियंता गुलबीर सिंह ने कहा कि मामला अभी उनके संज्ञान में नहीं है। यदि जांच में यह पाया जाता है कि बिना अनुमति निर्माण कराया गया है तो इसे अवैध माना जाएगा और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह होगा कि विभाग इस मामले की जांच कर क्या कदम उठाता है और क्या सरकारी आवास परिसर में हो रहे कथित निर्माण को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई होती है या नहीं।

## यादव महिला महासभा ने किया योग

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर श्री कृष्णा अहिरानी यदुवंशी बृजवासी परिवार एवं अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा महिला इकाई ने योग शिक्षा पर संगोष्ठी आयोजित की। महिला सभा उत्तर प्रदेश की प्रमुख महासचिव व योग शिक्षिका श्रीमती विशिष्टा यादव ने कहा योग की प्राचीन परंपरा भगवान श्री कृष्ण ने द्वापर युग में प्रारंभ की वर्तमान युग में 21 जून योग दिवस मनाने की संयुक्त राष्ट्र ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की । योग दिवस की पूर्व संध्या पर प्रकाश डालते हुए कहा योग के अभ्यास से होने वाले शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक लाभ



के अतिरिक्त तनाव मुक्त जीवन व तमाम बीमारियों को दूर किया जा सकता है।
संगोष्ठी के बाद सभी महिलाओं से योग अभ्यास कराया गया ।
कार्यक्रम में महिला सभा की उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मीना यादव, जिला अध्यक्ष पूनम अहीर , महानगर अध्यक्ष अंजू यादव, जिला महासचिव वीना यादव , श्रीमती नीतू राम अवतार आदि ने विचार व्यक्त किए एवं अभ्यास किया । सुनीता, राकेश , नगीना यादव ,कविता यादव ,अभिधा यादव , मुस्कान यादव, अंजली यादव ने प्रतिभाग किया।

### इसराना में योगा दिवस की तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 20 जून।** इसराना के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल में ब्लॉक स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस हर्षोल्लास से 21 जून को मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सोनीपत से भाजपा विधायक निखिल मदान शिरकत करेंगे। योग दिवस कार्यक्रम में राजकीय कालेज इसराना व विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, आंगनवाडी व आशा वर्कर, विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित ब्लाक के गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे। योग दिवस समारोह को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है और कार्यक्रम को लेकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पहले ही डयूटी लगा दी गई है।

## किसानों के लिए विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 20 जून (बिजेंद्र सिंह)।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी करने के अवसर पर चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र ऊझा द्वारा शनिवार को किसानों के लिए विशेष जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पश्चिम बंगाल के हुगली जिला के तारकेश्वर से आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा, जिसमें देशभर के पात्र किसानों के बैंक खातों में डीबीटी द्वारा 2,000 रुपए की राशि हस्तांतरित की गई। बसाड़ा गांव की सरपंच मीनाक्षी देवी ने महिलाओं को शिक्षा, कृषि



एवं स्वरोजगार गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। केवीके ऊझा, पानीपत के प्रभारी डॉ. सतपाल सिंह ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना का उद्देश्य छोटे एवं सीमांत किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है, जिससे वे कृषि कार्यों के लिए आवश्यक कृषि आदानों की खरीद समय पर कर सके। कार्यक्रम में किसानों ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के पर अनुभव सांझा किए। पीएम के कार्यक्रम के सीधा प्रसारण से पूर्व कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा किसानों को विभिन्न कृषि एवं पशुपालन संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर तकनीकी जानकारी दी गई। किसानों को धान की सीधी बिजाई की उन्नत उत्पादन तकनीक, डीएसआर में खरपतवार प्रबंधन, धान के बीज उपचार की वैज्ञानिक विधियों तथा इसके लाभों के बारे में बताया। डॉ. कुलदीप दूड़ी ने ग्रीष्म ऋतु में पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर वैज्ञानिक प्रबंधन उपाय बताए। डॉ. राजेश कुमार ने बेल वाली सब्जियों की उन्नत उत्पादन तकनीक पर जानकारी दी। कार्यक्रम में लगभग 120 किसानों ने भाग लिया। कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. बलवंत सिंह ने किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं केवीके के नरेश रावल, डॉ. राजेश भारद्वाज व डॉ. अरविंद कुमार ने भी किसानों को जानकारी दी।

## ड्यूटी में कोताही बरतने वाले बीएलओ पर होगी एफआईआर: एडीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 20 जून (बिजेंद्र सिंह)।** विशेष गहन पुनरीक्षण को सफल बनाने को लेकर शनिवार को जिला सचिवालय में अतिरिक्त उपायुक्त अंकित चौकसे की अध्यक्षता में नगर निगम के विभिन्न वार्डों के पार्षदों, अधिकारियों तथा संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। एडीसी अंकित चौकसे ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची का होना आवश्यक है। उन्होंने पार्षदों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने वार्डों में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए मिनी सभाओं का आयोजन करे। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम सभाओं के माध्यम से लोगों को मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों और पात्रता संबंधी जानकारी दी जाए। इसके अलावा पोस्टर, बैनर, पंपलेट, मुनादी तथा ऑडियो प्रचार



वाहनों के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाया जाए ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने या आवश्यक संशोधन कराने से वंचित न रहे। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। एडीसी ने कहा कि सभी बीएलओ घर-घर जाकर निर्धारित प्रपत्रों का वितरण करें तथा पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई बीएलओ अपने कर्तव्यों में लापरवाही बरतता है तो उसके विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। ऐसे कर्मचारियों के निलंबन के साथ ही आवश्यक होने पर एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।
एसडीएम मनदीप कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा नागरिकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे डिजिटल माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग करें ताकि आवेदन प्रक्रिया सरल और त्वरित बन सके। एसडीएम ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा वर्करों तथा अन्य फील्ड स्तर के कर्मचारियों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है ताकि जागरूकता का दायरा और अधिक बढ़ाया जा सके। बैठक में नगराधीश टीनू पोसवाल, डीडीपीओ राजेश शर्मा, डीएसपी सतीश वत्स, डीआरओ कलब लाकड़ा, निर्वाचन तहसीलदार सुरेंद्र, कानूनगो महेंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 15वीं पानीपत जिला ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 20 जून (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत जिला बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित 15वीं पानीपत जिला ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को सुधांशु बैडमिंटन एकेडमी आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत में हुआ। प्रतियोगिता में लगभग 300 खिलाडि?ों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की शुरूआत अंडर-11 एवं अंडर-13 बालक और बालिका एकल वर्ग के मुकाबलों से हुई। खुशी ने बालिका वर्ग में अपना पहला मुकाबला जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि




रोहन ने बालक वर्ग में शानदार जीत दर्ज की। इसके साथ ही अन्य खिलाडि?ों ने भी अपने-अपने मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में जगह बनाई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसएस दत्त एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. जगदीश गुप्ता व आर्य कालेज के उप प्रधान वीरेंद्र सिंगला ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए किया और खिलाडियों को खेल भावना और अनुशासन के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

न्यूज फ्लैश

## वेयर हाउस से 183 गेहूं के कट्टों की चोरी का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा (शुभम.खटक**

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निदेर्शानुसार संपत्ति विरुद्ध अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शहर थाना सिरसा की जे.जे. कॉलोनी पुलिस चौकी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वेयर हाउस माल गोदाम से 183 गेहूं के कट्टों की चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जगबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वेयर हाउस में इंचार्ज के पद पर तैनात विरेंद्र सिंह ने पुलिस को शिकायत दी थी कि मई माह में कुल 3031 गेहूं के बैग गोदाम में भंडारण के लिए रखे गए थे। बीती 17 जून 2026 को जब गोदाम में रखे गेहूं के बैगों की जांच की गई तो उसमें से 183 बैग कम पाए गए। प्रारंभिक जांच में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चोरी किए जाने की आशंका जताई गई, जिसके आधार पर थाना शहर सिरसा में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान जे.जे. कॉलोनी पुलिस चौकी की टीम को महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वारदात में शामिल चार आरोपियों को जे.जे. कॉलोनी क्षेत्र से काबू कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अनिल पुत्र राजकुमार,सोनू उर्फ जय सिंह पुत्र पोला राम निवासियान प्रेम नगर सिरसा,सुरजीत कुमार पुत्र नागेशवर निवासी शमशाबाद पट्टी सिरसा व सन्नी कुमार पुत्र जीत लाल निवासी हाउसिंग बोर्ड.कालोनी सिरसा के रुप में हुई है ।
पूछताछ में चारों आरोपियों ने वेयर हाउस से 183 गेहूं के कट्टे चोरी करने की बात स्वीकार की है । पूछताछ में आरोपियों ने यह बात भी कबूल की है की वेयर हाउस से काफी लंबे समय से गेंहू चोरी की वारदात को अंजाम देते थे और उस गेंहू को बाजार में बेच देते थे । पुलिस ने बताया कि आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है तथा उन्हें अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान चोरी किए गए गेहूं के कट्टों की बरामदगी के लिए निशानदेही करवाई जाएगी। साथ ही यह भी संभावना जताई जा रही है कि पूछताछ में अन्य चोरी की वारदातों का भी खुलासा हो सकता है।सिरसा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके और ऐसे मामलों में समय रहते कार्रवाई की जा सके।

# सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र पर कार्य कर रही सरकार

### केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन

सम्मेलन

- सरसा के पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया




**सिरसा, (रणबीर खटक)**
केंद्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को सिरसा के पंचायत भवन में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रोहताश जांगड़ा, जिलाध्यक्ष भाजपा सिरसा यतीन्द्र सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष डबवाली रेणू शर्मा, नगर सिरसा परिषद के चेयरमैन शांति स्वरूप ने मुख्य रूप से शिरकत की। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला, जिला खेल अधिकारी जगदीप सिंह सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान मौजूद गणमान्यों, बच्चों व अन्य प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रदर्शनी के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली और पेंटिंग प्रतियोगिता में शामिल बच्चों का हौसला भी बढ़ाया।
इस दौरान जिलाध्यक्ष सिरसा यतीन्द्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मूलमंत्र पर कार्य करते हुए सरकार आज हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को हम सब मिलकर पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 2014 तक 11वें नंबर पर थी जो अब विश्व में चौथे स्थान से तीसरे की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से योग विश्व स्तर पर मनाया जाने लगा है और संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इसे स्वीकार करते हुए आज 190 देशों में योग दिवस मनाया जाने लगा है। उन्होंने कहा कि सेना से लेकर अंतरिक्ष तक भारत की क्षमताओं में बढे स्तर पर बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पारदर्शिता के साथ नौकरियां दी है और अब बिना पर्ची और खर्ची के नौकरियां देने से जरूरतमंद परिवारों के बच्चों को भी पारदर्शिता के आधार पर नौकरियां मिल रही है। उज्जवला योजना से 11 करोड़ मुफ्त गैस कनेक्शन दिए गए हैं।
वहीं नगर परिषद सिरसा चेयरमैन शांति स्वरूप ने कहा कि आज देश हर क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। भारत विकसित राष्ट्र की ओर बढ रहा है। सरकार ने नवाचार को बढ़ावा देने के साथ ही भारतीय संस्कृति व परंपराओं को सुदृढ़ करने का काम भी किया है। प्रदेश सरकार ने अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के विकास की सोच के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा की है। प्रदेश में लाडो लक्ष्मी योजना के तहत 2100 रुपये दिया जा रहा है। कार्यक्रम में लेक्चरर हनुमान प्रसाद, शिक्षा विभाग से पूजा मेहता व रवि रंजन ने भी विकसित भारत संकल्प को लेकर संबोधन दिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने वक्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।
इस अवसर पर सनप्रीत सोढी, अंबर कुमार मेहता, सागर केहरवाला, वीरेंद्र तिन्ना, सावरमल गुर्जर, भावना शर्मा, सुमन सैनी, पार्षद सुमन शर्मा आदि गणमान्य मौजूद रहे।

## सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (शुभम खटक)**
केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को प्रगति पथ यात्रा का आयोजन किया गया। पीडबल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड के चेयरमैन रोहताश जांगड़ा, जिलाध्यक्ष भाजपा सिरसा यतिंद्र सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष भाजपा डबवाली रेणू शर्मा झंडी दिखाने के बाद यात्रा में शामिल हुए। यात्रा में नगर परिषद, खेल विभाग, माई भारत केंद्र, शिक्षा विभाग से संबंधित अधिकारियों, कर्मचारी, विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर चेयरमैन रोहताश जांगड़ा ने कहा कि केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को मिला है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां विकास न किया हो, बल्कि सबका साथ और सबके विकास की भावना के साथ हर वर्ग के लिए योजनाएं बनाई और उन योजनाओं का अंत्योदय की भावनाओं के साथ क्रियान्वयन किया गया है। इसलिए भारत की अर्थव्यवस्था में बड़ा परिवर्तन आ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों की नीति और विजन नहीं था जबकि आज प्रधानमंत्री विकसित राष्ट्र के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। वहीं जिलाध्यक्ष भाजपा डबवाली रेणू शर्मा ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनहित नीतियों ने आम आदमी में भरोसा कायम किया है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे सरकार की नीतियों का अधिक से अधिक लाभ लें और दूसरों को भी योजनाओं के बारे में जागरूक करें।

## जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा होंगे मुख्यातिथि

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रविवार 21 जून को प्रातः छह बजे स्थानीय शहीद भगत सिंह स्टेडियम में किया जाएगा। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इसके अलावा उपमंडल व खंड स्तर पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को इस वर्ष भव्य एवं व्यापक स्तर पर आयोजित किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग योग से जुडक? स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें। इसी कड़ी में जिला स्तर पर शहीद भगत सिंह स्टेडियम में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिला मुख्यालय के अलावा डबवाली, कालांवाली और ऐलनाबाद में भी उपमंडल एवं खंड स्तर पर योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी जगह कार्यक्रम सुबह छह बजे होंगे।

## प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसान हुए आत्मनिर्भर



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना देश के किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस योजना के जरिए किसानों के खातों में सीधे 2 हजार रुपए की राशि साल में 3 बार जमा करवाई जाती है। यह राशि किसानों के लिए एक सम्मान है।
हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने किसानों के समक्ष केन्द्र सरकार की 12 साल की उपलब्धियों को रखते हुए कहा कि इस सरकार ने 12 सालों में किसानों को जो सम्मान दिया है आज तक किसी सरकार ने नहीं दिया। इस सरकार ने किसानों की आय में इजाफा करने, लागत कम करने और किसानों को सशक्त बनाने के लिए योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। इसी तरह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी दिन रात किसानों के हित के लिए कार्य कर रहे है।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 23वीं किश्त के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों को 18800 करोड़ रुपये की सम्मान राशि का हस्तांतरण सफलतापूर्वक सीधे लाभार्थियो के खातों में स्थानांतरित की गई है। यह स्थानांतरण तारकेश्वर हुगली , पश्चिम बंगाल से पीएम किसान सम्मान निधि उत्सव के अवसर पर किया गया है।
उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत फरवरी 2019 तक रजिस्टर्ड भूमि के मालिक किसानों को वर्ष में तीन बार रुपये 2 हजार की राशि उनके बैंक खाता में हस्तांतरित की जाती है, परंतु वकील, डॉक्टर, जनप्रतिनिधि, सरकारी कर्मचारी एवं रुपये 10 हजार से अधिक पेंशन लेने वाले पेंशन होल्डर आयकरदाता किसान की किसान इस योजना के पात्र नहीं है।
उन्होंने कहा कि अब तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिला में कुल 304 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है। इस अवसर पर सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी डा. सुरेश कुमार, एसडीओ डा. जितेन्द्र मैहता, कृषि विज्ञान केन्द्र अधिकारी डा. बलजीत सहारन, परियोजना अधिकारी गर्व बठला उपस्थित रहें।

## राहुल गांधी के जन्मदिवस पर एनएसयूआई पानीपत ने लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 20 जून (बिजेंद्र सिंह)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी के जन्मदिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी, पानीपत (ग्रामीण) एवं एनएसयूआई पानीपत के संयुक्त तत्वावधान में पानीपत टोल के पास स्थित आरटीओज अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी, पानीपत (ग्रामीण) के अध्यक्ष रमेश मलिक और एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रूबल संधू के नेतृत्व में आयोजित शिविर में कांग्रेस कार्यकताओं एवं युवाओं ने बढ़-चढक? रक्तदान किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सचिन कुंडू, कंवर सिंह छोक्कर, दीपक खटकड़, सतपाल रोड, जगदीश स्याल, रूबल संधू, मनीष मलिक, छत्तर सिंह, संदीप बुडशाम सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सचिन कुंडू एवं अन्य कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया।




रक्तदान महादान

- रक्तदान सबसे बड़ा महादान है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है।

सभी वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है। राहुल गांधी जी सदैव सेवा, समर्पण और जनहित की राजनीति के प्रतीक रहे हैं तथा उनके जन्मदिवस पर आयोजित यह शिविर समाज सेवा के प्रति उनकी सोच को समर्पित है।

## शहरी ने अपना आशियाना वृद्धाश्रम में मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 20 जून (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत कांग्रेस कमेटी शहरी के जिलाध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह एवं संगठन के पदाधिकारियों ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन को अपना आशियाना वृद्ध आश्रम में मनाया। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह ने जन सेवा दल के चमन गुलाटी एवं संस्था के अन्य सदस्यों ने केक कटवाया। सरदार बलजीत सिंह ने सभी बुजुर्गों, मंद बुद्धि बच्चों एवं विकलांग लोगों को फल वितरीत कर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की दीघार्यु की कामना की। वहीं सरदार बलजीत सिंह ने कहा कि सभी व्यक्ति अपनों के जन्मदिन या कोई और खुशी का दिन इन बुजुर्गों के साथ मनाए। इस मौके पर कांग्रेस संगठन महासचिव राज कुमार पाहवा, उप प्रधान कुलदीप पूनिया, सचिव चिराग मुटनेजा, सुरेंद्र शर्मा, सुरेश बवेजा, मिंटू सचदेवा, देवेंद्र सिंह व अशोक मखीजा मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**गुरुग्राम।** बिलासपुर एरिया में तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने शनिवार को बताया कि शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार खलीलपुर निवासी सोनू यादव 19 जून को अपनी बड़ी बहन मोनिका के साथ बाइक पर भोड़ाकला से अपने घर लौट रहा था। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जब वे बिलासपुर चौक से पहले पुराने टोल के पास पहुंचे तो धारूहेड़ा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने संदीप की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

## एसआईआर सर्वे में सहयोग की अपील, सही दस्तावेज उपलब्ध कराएं

### घर-घर पहुंच रही सर्वे टीम, नागरिक करें सहयोग और दस्तावेज दें : बीएलओ

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**
नूंह जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य तेजी से जारी है। 15 जून से शुरू हुए इस अभियान में बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी एकत्र कर रहे हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है, ताकि पात्र मतदाताओं का नाम सूची में बना रहे और किसी भी प्रकार की विसंगति को दूर किया जा सके। ऐंचवाड़ी गांव में एसआईआर



सर्वे कर रहे बीएलओ राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान मतदाताओं से मांगे जा रहे आवश्यक दस्तावेजों और जानकारियों को समय पर उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। इससे सर्वे कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा किया जा सकेगा और मतदाता सूची को सही ढंग से अपडेट करने में सहायता मिलेगी।राजेश कुमार ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक सर्वे टीम का पूरा सहयोग करें और आवश्यक प्रपत्रों के साथ सही दस्तावेज उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि गलत या अधूरी जानकारी भविष्य में मतदान संबंधी समस्याएं पैदा कर सकती है, जबकि सही जानकारी देने से मतदाता सूची में नाम दर्ज रखने और सुधार करने की प्रक्रिया आसान हो जाती है।
सरपंच प्रतिनिधि इकबाल खान, कुलदीप, इनाम सहित अन्य ग्रामीणों ने भी लोगों से एसआईआर अभियान में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह अभियान लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में सर्वे कार्य सुचारू रूप से चल रहा है और अधिकांश लोग बीएलओ को आवश्यक जानकारी व दस्तावेज उपलब्ध करा रहे हैं। प्रशासन और चुनाव विभाग द्वारा भी लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है, ताकि अभियान को सफल बनाया जा सके।

## एसडीएम राजेश खोथ ने कुतुबपुर, रामायण, लालपुरा गांव पहुंचकर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ के कार्य का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी (दिनकर गावड़ी)**
निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 15 जून से 14 जुलाई तक चलाए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) अभियान के तहत मतदाता सूचियों को अपडेट करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। अभियान के अंतर्गत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर गणना फॉर्म भरवाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हो सके तथा किसी प्रकार की त्रुटि को समय रहते दूर किया जा सके।



इसी क्रम में शनिवार को एसडीएम राजेश खोथ ने कुतुबपुर , रामायण तथा लालपुरा गांव का दौरा कर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट भी मौजूद रहे।
निरीक्षण के दौरान उन्होंने घर-घर सर्वेक्षण की प्रगति का जायजा लिया और बीएलओ द्वारा भरे जा रहे गणना फॉर्म की स्थिति की समीक्षा की।
उन्होंने मौके पर रिसीविंग रजिस्टर भी चेक किया तथा यह सुनिश्चित किया कि अभियान के तहत सभी आवश्यक दस्तावेज और रिकॉर्ड सही ढंग से संधारित किए जा रहे हैं।
एसडीएम राजेश खोथ ने बूथ लेवल अधिकारियों से अब तक अभियान के तहत हुई प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बीएलओ के कार्यों पर संतोष व्यक्त करते हुए उनकी कार्यशैली की सराहना की और कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाए रखने में बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। गांवों में भ्रमण के दौरान एसडीएम ने स्थानीय मतदाताओं से भी बातचीत की और उन्हें गणना फॉर्म भरने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने परिवार के सभी पात्र सदस्यों की जानकारी सही रूप में उपलब्ध कराएं, ताकि मतदाता सूची पूरी तरह अद्यतन और सटीक बनाई जा सके।

## व्यापारियों की समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने डीसी राहुल नरवाल को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी (दिनकर गावड़ी):** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, हांसी के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त राहुल नरवाल को प्रदेश के व्यापारियों के समक्ष आ रही विभिन्न समस्याओं एवं मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा।
प्रतिनिधिमंडल में संगठन के संरक्षक कमलेश गर्ग, रामअवतार तायल, धर्मवीर रतेरिया और प्रवीन बंसल आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।
प्रतिनिधियों ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से प्रदेश सरकार से व्यापारियों के हितों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गई हैं। उन्होंने मांग की कि जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जाए तथा किसी व्यापारी की दुकान में आग लगने की स्थिति में पहले की तरह एक करोड़ रुपये तक का बीमा कवर उपलब्ध कराया जाए। उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर भामाशाह जयंती को ₹व्यापारी कल्याण दिवस₹ घोषित करने की मांग भी रखी। इसके अलावा प्रदेश के आढ़तियों को तीन प्रतिशत आढ़त दिए जाने तथा प्रत्येक फसल की खरीद आढ़तियों के माध्यम से किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि विभिन्न विभागों द्वारा जारी किए जाने वाले लाइसेंस आजीवन किए जाएं तथा विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले सर्वे और छापों से संबंधित कानूनों को समाप्त किया जाए। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बिजली बिलों में मीटर रीडिंग के आधार पर शुल्क वसूले जाने का हवाला देते हुए फिक्स चार्ज और न्यूनतम शुल्क (मिनिमम चार्ज) समाप्त करने की मांग की। इसके साथ ही व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शस्त्र लाइसेंस जारी करने तथा जीएसटी लागू होने के बाद अन्य राज्यों के करों को समाप्त करने की मांग भी ज्ञापन के माध्यम से उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि सरकार व्यापारियों की समस्याओं और मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए उचित निर्णय लेगी।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिला कश्यप निषाद संगठन का प्रतिनिधिमंडल, समाज के हितों को



**इंद्री 20 जून ( मैनपाल कश्यप )।** कश्यप निषाद संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप के नेतृत्व में कश्यप समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके चंडीगढ़ स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान समाज के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। हरियाणा की ओर से प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संगठन के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रणबीर कश्यप ने किया। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि कश्यप समाज शिक्षा और मेहनत के दम पर लगातार आगे बढ़ रहा है। सरकार द्वारा लागू की गई पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के कारण समाज के युवाओं को सरकारी नौकरियों में अवसर मिल रहे हैं, जिससे समाज में सकारात्मक बदलाव आया है। रणबीर कश्यप ने कहा कि यदि सरकार कश्यप समाज को उसकी जनसंख्या और योगदान के अनुरूप राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्र में उचित प्रतिनिधित्व और सम्मान प्रदान करती है, तो समाज और अधिक मजबूती के साथ विकास की मुख्यधारा में आगे बढ़ सकेगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सभी वर्गों और समाजों के सम्मान एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार भविष्य में भी कश्यप समाज की आवश्यकताओं और अपेक्षाओं को प्राथमिकता देते हुए कार्य करती रहेगी।

राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने हरियाणा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की पारदर्शी भर्ती व्यवस्था, सामाजिक समरसता और सभी समाजों के महापुरुषों की जयंती को सरकारी स्तर पर मनाने जैसी पहलें सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि महर्षि कश्यप जयंती को राज्य स्तर पर मनाया जाना समाज के लिए गर्व का विषय है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के समक्ष समाज के गौरव एवं विकास से जुड़ी तीन प्रमुख मांगें भी रखीं, जिन पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक विचार करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रमेश कश्यप, राष्ट्रीय सचिव जगदीश कश्यप, वरिष्ठ पत्रकार मैनपाल कश्यप ,पूर्व सरपंच शामाल कश्यप ,सरदार तरसेम कश्यप, जयपाल कश्यप एडवोकेट, डॉ. रफल सिंह कश्यप, सीता कश्यप, चतर सिंह कश्यप, बलजिंदर कश्यप, महावीर कश्यप, वेद कश्यप, सुनील कश्यप सहित हरियाणा के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मनोहर लाल खट्टर का सुशासन मॉडल आज भी प्रदेश के लिए प्रेरणास्रोत: मैनपाल कश्यप

**जनसेवक**

**मनोहर लाल खट्टर सादगी, अनुशासन और जनसेवा के पर्याय है: कश्यप**



**इंद्री, 20 जून (मैनपाल कश्यप)।** कश्यप महापंचायत हरियाणा के प्रदेश प्रवक्ता मैनपाल कश्यप ने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर सादगी, अनुशासन और जनसेवा के पर्याय हैं। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल खट्टर एक जमीन से जुड़े ऐसे नेता हैं, जिन्होंने हमेशा आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता दी और पारदर्शी शासन व्यवस्था स्थापित करने का कार्य किया। मैनपाल कश्यप ने कहा कि मनोहर लाल खट्टर की छवि एक ईमानदार, कर्मठ और मजबूत नेता की रही है। उन्होंने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान सुशासन और तकनीकी सुधारों को बढ़ावा दिया। 'सीएम विंडो' जैसी व्यवस्था के माध्यम से आम जनता की सीधी पहुंच सरकार तक सुनिश्चित की गई, जिससे लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान संभव हो सका। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल खट्टर हमेशा टीम भावना के साथ कार्य करने में विश्वास रखते हैं और व्यक्तिगत श्रेय लेने के बजाय सामूहिक प्रयासों को प्राथमिकता देते हैं।

सार्वजनिक परिवहन जैसे ट्रेन और मेट्रो का उपयोग कर उन्होंने अपनी सादगी और आमजन से जुड़ाव का परिचय दिया है।

## न्यूज फ्लैश

### जूस की शॉप पर फूड सेफ्टी की रेड



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा में फूड सेफ्टी विभाग की टीम ने आज तीन अलग-अलग दुकानों पर सैंपलिंग की कार्रवाई की। टीम ने जूस, फल, दूध, पनीर, मेवे और लस्सी के सैंपल लेकर जांच के लिए चंडीगढ़ लैब भेजे हैं। विभाग के अनुसार करीब तीन सप्ताह में रिपोर्ट आएगी और उसी के आधार पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी। फूड सेफ्टी ऑफिसर डॉ. कपिला सैनी अपनी टीम के साथ घरौंडा पहुंचे। उनके साथ सहायक सुरेंद्र कुमार भी मौजूद रहे। टीम ने सबसे पहले रेलवे रोड स्थित गर्ग जूस शॉप पर सैंपलिंग की। इस दुकान के खिलाफ किसी व्यक्ति ने सीएम विंडो पर शिकायत दी थी। यहां से मौसमी के जूस और केले के सैंपल लिए गए। इसके बाद टीम विश्वकर्मा-मंडी रोड पर स्थित यतिन डेरी पर पहुंची। यहां से दूध और पनीर के सैंपल लिए गए। इसके बाद फ्रूट मंडी के नजदीक स्थित ओम स्विट्स पर भी कार्रवाई की गई। यहां से मेवे और मीठी लस्सी के सैंपल भरे गए। अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों जगहों पर रूटीन सैंपलिंग के तहत जांच की गई है। एफएसओ डा. कपिला सैनी ने बताया कि सभी सैंपल चंडीगढ़ लैब भेजे गए हैं। करीब तीन सप्ताह में रिपोर्ट आने की उम्मीद है। अगर सैंपल जांच में फेल या सब स्टैंडर्ड पाए जाते हैं तो मामला एडीसी कोर्ट में जाएगा। वहीं यदि सैंपल अनसेफ श्रेणी में आते हैं तो केस सीजेएम कोर्ट में दर्ज किया जाएगा। विभाग ने साफ किया कि रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### घर में चोरी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** सीआईए-3 की टीम ने घर में चोरी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान हसमतपेट अलवाल साइबराबाद निवासी अरबुट राज, सिकंदराबाद हैदराबाद सिटी निवासी किशोर, पालरी लिलाई कोठी कुशीनगर निवासी राजकपूर निषाद और पोखरा टोला कुशीनगर निवासी विष्णु साहनी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि एलआईसी कॉलोनी करनाल निवासी देवेन्द्र सिंह ने शिकायत दी थी कि वह अपने परिवार के साथ बच्चों की छुट्टियों के चलते गांव गए हुए थे। बीती 17 जून को लौटने पर घर का ताला टूटा मिला और सामान बिखरा हुआ था। जांच में सामने आया कि चोर चांदी के आभूषण, सिक्के और नकदी चोरी कर ले गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों की पहचान की। इसके बाद टीम ने चारों को नई अनाज मंडी क्षेत्र से काबू कर लिया। आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद की गई है। चारों को अदालत में पेश कर तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है। इस दौरान चोरी का सामान बरामद करने और अन्य वारदातों का पता लगाने के लिए गहन पूछताछ की जा रही है।

-उपमंडल स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारियों पूरी:- संदीप कुमार तोशाम। एसडीएम संदीप कुमार के कुशल मार्ग दर्शन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने उपमंडल स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। आयुष विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के महिला विकास निगम की चेयरपर्सन श्रीमती सुनीता दांगी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। सुबह छह बजे मुख्य अतिथि चौधरी बंसीलाल महिला महाविद्याल में पहुंच जाएंगी।

# पीरखाना मे श्री शिव मंदिर व पीर सेवा ट्रस्ट द्वारा सालाना मेला आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**
**रतिया, 20 जून :**



रतिया शहर के मेन पीरखाना मे श्री शिव मंदिर व पीर सेवा ट्रस्ट रजि. 1538 टोहाना रोड रतिया द्वारा आयोजित सालाना मेला , भंडारा एवं रात्रि दीवान का आयोजन किया गया । यह आयोजन लगभग पिछले 35-40 साल से सालाना जेठ मास मे किया जाता है जिस मे दूर दराज पंजाब , दिल्ली , राजस्थान एवं हरियाणा कि भिन्न भिन्न क्षेत्रों से पीर भक्त इस पीरखाने मे आते है एवं नतमस्तक होकर अपनी मन्नत पूरी करवाते है । पीर पर पूर्ण विश्वास रखने वाले सेवादार जनक राज गोयल ने बताया कि कोई भी भक्त पूरी निष्ठा से कोई भी कार्य के लिए यहाँ नतमस्तक होकर चला जाए वह शीघ्र ही कार्य पूर्ण हो जाता है यह कहानी ही नहीं , बल्कि अटूट विश्वास है इस स्थान पर एक शिव परिवार का मंदिर भी बना हुआ है जहाँ शिवरात्रि पर शिवलिंग पर जलाभिषेक ( काबड़ )चढ़ाई जाती है जिस से सारा वातावरण शिव शिव भोले के जय कारे से गूंज उठता है । इस ट्रस्ट की प्रधान सुशील गर्ग (बिट्टू ) ,सचिव कुलवंत राय ,कैशियर अजय गोयल , सरक्षक राज मित्तल , सुभाष सिंगला , लक्ष्मण जिंदल , धर्मपाल गोयल , सुशील जिंदल शिबू , पवन कुमार , हैप्पीगर्ग , नवनीत जिंदल , टेक सिंह संधू , सुखचरण अरोड़ा , जनक राज गोयल ,लवकेश मित्तल , संगम सिंगला , आदि पिछले 15 दिनों से इस आयोजन की तैयारी मे लगे हुए थे । इस मौके पर रतिया हलके के विधायक श्री जरनैल सिंह जी भी पहुंचे व आए हुए लोगों को इस अवसर की बधाई दी एवं आभार जताया । विधायक जी ने अपने सरकारी कोष मे से यहाँ एक शेड लगवाने कि लिए 15 लाख की अनुदान राशि देने की भी घोषणा की । ट्रस्ट कि सदस्यों ने विधायक को एक समृति चिन देकर विधायक को सम्मानित किया एवं आभार जताया। श्री शिव दल लंगर कमेटी अध्यक्ष पुजारा लाल की टीम द्वारा लगातार हर साल की तरह इस साल भी जूता घर की सेवा की गई । जल सेवा व मीठे पानी की छबील दिन मे विपिन जैन , रिंकू मित्तल , अजय जिंदल , नरेंद्र मिस्त्री , शांटी गर्ग लवली कंभोज दीपक कंसल आदि द्वारा लगाई गई रात्रि मे पानी की सेवा श्री नंदीशाला कमेटी द्वारा लगायी गई।

# पति ने पैसों के लिए पत्नी से कराया रेप

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** कस्बा घरौंडा क्षेत्र में एक विवाहिता के साथ रेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति दो अंजान लोगों के साथ मिलकर उसे रास्ते से उठाकर ले गया। इसके बाद उसे नशीला पदार्थ पिलाया गया और उसके साथ जबरदस्ती की गई। घटना के बाद महिला अगले दिन सूने मकान में होश में आई, पीड़िता ने राजस्थान में शिकायत दी। शिकायत घरौंडा पहुंची और पुलिस ने जीरो एफआईआर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की शुरूआत बीती 13 जून को राजस्थान के अलवर जिले के नौगांवा थाने में हुई, जहां पीड़िता ने शिकायत दी। शिकायत में घटना स्थल स्पष्ट नहीं होने के कारण पुलिस ने संपर्क किया। पीड़िता ने तबीयत खराब होने की बात कहकर 19 जून को थाने आने की जानकारी दी। इसके बाद 19 जून को वह अपने भाई के साथ थाने पहुंची और पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। जांच में सामने आया कि घटना करनाल के घरौंडा क्षेत्र की है, जिस पर जीरो एफआईआर दर्ज कर केस करनाल भेज दिया गया। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 8 अप्रैल 2022 को हिंदू रीति.रिवाज से पानीपत में हुई थी। उसने बताया कि बीती 10 जून को दोपहर करीब 12.20 बजे वह बैंक घरौंडा में खाता खुलवाने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में उसका पति दो अंजान व्यक्तियों के साथ आया और उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गया।

# नीट परीक्षा को लेकर अंबाला पुलिस मुस्तैद: डीएसपी जगबीर मालिक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**



**अम्बाला:** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अंबाला पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड़ पर है। परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और परीक्षार्थियों व उनके अभिभावकों को किसी भी तरह की परेशानी से बचाने के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उप पुलिस अधीक्षक अंबाला, जगबीर मलिक ने आज इस संबंध में विस्तृत सुरक्षा और ट्रैफिक प्लान की जानकारी साझा की। जगबीर सिंह ने बताया कि जिले में बनाए गए सभी 7 परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए कुल 270 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। पूरी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी खुद डीएसपी और थाना प्रभारी लगातार पेट्रोलिंग (गश्त) करके करेंगे। इसके अलावा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पीसीआर , ईआरवी और राइडर्स को अलर्ट पर रखा गया है, जो परीक्षा केंद्रों के आसपास निरंतर पेट्रोलिंग करेंगे। परीक्षा के दिन सड़कों पर जाम की स्थिति न बने और परीक्षार्थी समय पर अपने सेंटर पहुंच सकें, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने एक विशेष

# निम्न स्तर की ईंटें मिलने पर विधायक ने ठेकेदार को लगाई फटकार



**गन्नौर।** नगरपालिका के साथ स्थित लहरी सिंह पार्क को लगभग ढाई करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। निर्माण कार्य के बीच गन्नौर विधायक देवेंद्र कादियान ने पार्क का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता जांची। ईंटों की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं मिलने पर विधायक ने मौके से ही ठेकेदार को फोन कर फटकार लगाई और निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने नगरपालिका सचिव को भी निर्माण कार्य की नियमित निगरानी करने और गुणवत्ता से समझौता न करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे से बनने वाले विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए। कादियान ने कहा कि लहरी सिंह पार्क उनके ड्रीम प्रोजेक्ट्स में शामिल है। इसे गन्नौर के सबसे आधुनिक और सुविधायुक्त पार्कों में विकसित किया जाएगा। पार्क में बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, इसके अलावा पार्क में आकर्षक एवं ऊर्जा दक्ष लाइटिंग सिस्टम लगाया जाएगा, जिससे शाम के समय इसकी सुंदरता और बढ़ेगी। पार्क में दो मुख्य प्रवेश द्वार भी बनाए जाएंगे, जिससे लोगों की आवाजाही सुगम होगी। विधायक ने कहा कि निरीक्षण के दौरान जो भी कमियां सामने आई हैं, उन्हें तत्काल दूर करने के निर्देश ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

# अफीम समेत नशा तस्कर गिरफ्तार, संदिग्ध घूम रहा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए निसिंग एरिया से बूटा कॉलोनी निसिंग निवासी दीपक उर्फ दीप लोहट को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी से 77.73 ग्राम अफीम बरामद की है। पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर युवक को रोका गया और तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अफीम बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना निसिंग में मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया, जहां से उसका एक दिन का पुलिस रिमांड मिला। रिमांड के दौरान उससे नशा तस्करी के नेटवर्क को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# टेहा के निर्माणाधीन श्मशान घाट तक अब जल्द बनेगा पक्का रास्ता

**निर्माण**

**पक्के रास्ते के निर्माण के लिए करीब एक करोड़ रुपये की लागत का टेंडर स्वीकृत हो गया**



**गन्नौर।** गांव टेहा के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी श्मशान घाट मार्ग की समस्या से ग्रामीणों को जल्द ही निजात मिलेगी। जीटी रोड से शिव मुक्तिधाम श्मशान घाट तक पक्के रास्ते के निर्माण के लिए करीब एक करोड़ रुपये की लागत का टेंडर स्वीकृत हो गया है। पंचायत विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि ग्रामीण लंबे समय से नए श्मशान घाट तक पहुंचने के लिए पक्के रास्ते की मांग कर रहे थे। प्रशासन द्वारा गांव के लिए पंचायत की करीब एक एकड़ भूमि में नए श्मशान घाट की व्यवस्था तो कर दी गई, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए रास्ता उपलब्ध नहीं कराया गया। ऐसे में ग्रामीणों को अंतिम संस्कार के समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव का पुराना श्मशान घाट अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मंडी परिसर में स्थित है। मंडी निर्माण के दौरान भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में श्मशान घाट भी मंडी परिसर का हिस्सा बन गया था। हालांकि ग्रामीण आज भी उसी स्थान पर अंतिम संस्कार करने को मजबूर हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें कई बार मंडी कर्मचारियों की आनाकानी और अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए पंचायत विभाग द्वारा एक एकड़ जमीन में नए श्मशान घाट तो बनाया जा रहा है, लेकिन यहां तक पहुंचने का रास्ता नहीं दिया जा रहा था। अब पंचायत विभाग द्वारा रास्ता उपलब्ध करवाने के साथ ही रास्ते को पक्का करवाने का प्रक्रिया भी पंचायत विभाग ने शुरू कर दी है। जिससे ग्रामीणों को इस बड़ी समस्या से जल्द ही राहत मिलेगी।

# बाइक सवार दो युवकों पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिले के महमूदपुर गांव में बाइक सवार दो युवकों पर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। घटना उस समय हुई जब दोनों युवक करनाल से अपने गांव लौट रहे थे। हमलावरों ने गर्दन और कमर पर कई वार किए और मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने घटना की सूचना परिजनों को दी, जिसके बाद घायलों को पहले कुंजपुरा अस्पताल और फिर सरकारी अस्पताल करनाल में भर्ती कराया गया। महमूदपुर निवासी 20 वर्षीय ऋतिक अपने साथी निखिल के साथ बाइक पर करनाल गया हुआ था। दोनों जब वापस गांव लौट रहे थे, तभी रास्ते में दो युवकों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने अचानक चाकू निकालकर ऋतिक और निखिल पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। हमले के बाद आरोपी दोनों को घायल हालत में छोडकर फरार हो गए। घटना के बाद परिजनों ने गांव के ही कुछ युवकों पर हमला करने का आरोप लगाया है। परिजन अरविंद ने बताया कि वह उस समय करनाल में ही था, तभी उसे सूचना मिली कि ऋतिक और निखिल पर चाकू से हमला हुआ है। दोनों को पहले कुंजपुरा अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से गंभीर हालत के चलते करनाल के सरकारी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। डाक्टरों के अनुसार दोनों के शरीर पर गहरे घाव हैं।

# रतिया में अवैध पानी कनेक्शनों के खिलाफ चलेगा सख्त अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**



**रतिया, 20 जून :** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा रतिया क्षेत्र के विभिन्न सर्विस स्टेशनों पर अवैध रूप से पानी के कनेक्शन लेने के मामलों में 28 से ज्यादा कनेक्शनों की भौतिक जाँच उनके खिलाफ ठोस कार्यवाही की जाएगी कउक्त जानकारी देते हुए शर्मा चंद लाली जिला सलाहकार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद ने बताया कि रतिया शहर में सर्विस स्टेशनो के खिलाफ एक विशेष शुरू किया जाएगा । पिछले दिनों सर्विस स्टेशनो को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, हिसार द्वारा इस संबंध में गंभीर शिकायतें प्राप्त हुई थीं। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, हिसार द्वारा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, टोहाना को आधिकारिक पत्र जारी कर इन सर्विस स्टेशनों का तुरंत भौतिक निरीक्षण (ढँ८१ूं' शीश्च्र्ंड्ढल्ल) करने के निर्देश दिए गए हैं। जांच के दायरे में रतिया के कई सर्विस स्टेशन शामिल हैं, उप पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री उड़नदस्ता हिसार ने टोहाना के कार्यकारी अभियंता,ये जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को पत्र लिखकर रतिया में सर्विस स्टेशनों पर अवैध पानी कनेक्शनों की शिकायत पर भौतिक निरीक्षण करने और नियमानुसार कार्रवाई की रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया है।

निम्नलिखित सर्विस स्टेशनों केउ खिलाफ विशेष कार्रवाई की जाएगी गुरु नानक सर्विस स्टेशन, टोहाना रोड, रतिया ,गुरु कृपा सर्विस स्टेशन, टोहाना रोड, रतिया, नरेन्द्र सर्विस स्टेशन, टोहाना रोड, रतिया ,फरैण्ड्स कार वाश, टोहाना रोड, रतिया ,जोना सर्विस स्टेशन, बाई पास, रतिया ,जय दुर्गा सर्विस स्टेशन, बाई पास, रतिया, दलेर कार वाश, बुडलाडा रोड, रतिया ,सचदेवा सर्विस स्टेशन, फतेहाबाद रोड, रतिया ,खोखर सर्विस स्टेशन, सरदूलगढ़ रोड, रतिया ,कमल सर्विस स्टेशन, सरदूलगढ़ रोड, रतिया ,बाला जी सर्विस स्टेशन, सरदूलगढ़ रोड, रतिया ,ढिल्लो सर्विस स्टेशन, सुखचैन नहर के ऊपर, रतिया ,मंगला सर्विस स्टेशन, मिनी बाई पास, रतिया , भोला कार वाश, मिनी बाई पास, रतिया ,खोखर कार वाश, फतेहाबाद रोड, रतिया ,सतगुरु कार वाश, फतेहाबाद रोड, रतिया ,विश्वकर्मा सर्विस स्टेशन, सहनाल रोड, रतिया इन सभी की जांच करके जो भी पीने के पानी की सप्लाई पर चल रहे हैं उन सभी के खिलाफ ठोस कार्यवाही की जाएगी क विभाग को यह निर्देश दिया गया है कि वे इन प्रतिष्ठानों पर पानी के कनेक्शन की की जांच करें और नियमानुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस पूरी प्रक्रिया की रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा के भीतर तैयार करके कार्यालय उप पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री उड़नदस्ता, हिसार को सौंपनी अनिवार्य है।

# सशक्तिकरण और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन



**राई।** मंडोरा स्थित आरएसवीसी में शनिवार को स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिलाओं के सशक्तिकरण और ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएसवीसी मंडोरा के अध्यक्ष डी.पी. गोयल ने की। कार्यक्रम में आरएसवीसी की टीम के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। राष्ट्रीय गोधन महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक विजय खुराना ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के गठन, उपभोग योग्य उत्पादों के निर्माण, गौ-आधारित उत्पादों, घरेलू उद्योग, उत्पादों में मूल्य संवर्धन, पैकेजिंग, विपणन और स्वरोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। एनआईआईटी विश्वविद्यालय की डॉ. चंदन मेड़तवाल ने मेंटर के रूप में महिलाओं को संबोधित करते हुए समूहों को सफल उद्यमों में विकसित करने, वित्तीय सशक्तिकरण, उत्पाद विकास तथा बाजार से जोडने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज फ्लैश

### भगड़ाना की लेखा यादव ने पास की जे.आर.एफ. की परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** गत मई माह में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित जैव-प्रौद्योगिकी पात्रता परीक्षा (बी.ई.टी.) - 2026 में भगड़ाना की लेखा यादव ने ओबीसी श्रेणी में जे.आर.एफ. पास कर अपने परिवार, गांव, क्षेत्र और समाज का नाम रोशन किया है। लेखा के पिता हव. सुनील पटवारी ने बताया कि उनकी बेटी ने बीएससी ऑनर्स दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज और एमएससी (बॉटनी) दिल्ली विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग से उत्तीर्ण की है और अब वह दिल्ली विश्वविद्यालय के ही गार्गी कॉलेज के बॉटनी विभाग से पी.एच.डी. कर रही है।
लेखा के चाचा हरियाणा युवा यादव महासभा के पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता अनिल भगड़ाना ने बताया कि इससे पूर्व लेखा ने वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सी.एस.आई.आर.) द्वारा 2025 में आयोजित दोनों परीक्षाओं में दो बार नेट उत्तीर्ण कर चुकी है। यह परीक्षा पास करके लेखा ने असिस्टेंट प्रोफेसर के पद सहित पीएचडी में फेलोशिप की अर्हता प्राप्त कर ली है।
लेखा ने इस सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत, गुरुजनों के मार्गदर्शन और अपने माता-पिता, भाई-बहन, दादा-दादी, स्व० परदादा कप्तान नौरंग सिंह सहित अन्य सभी परिवारजनों को दिया है।

### घरौंडा में प्रजापति धर्मशाला सभा चुनाव संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में घरौंडा में प्रजापति धर्मशाला सभा का चुनाव शनिवार को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के तहत प्राप्त नामांकनों कुछ उम्मीदवारों द्वारा नामांकन वापिस लिए जाने के बाद शेष उम्मीदवारों को निर्विरोध चुना गया। पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से पूरी हुई। सभा में मौजूद सदस्यों ने नए पदाधिकारियों का स्वागत किया और समाज के विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। चुनाव अधिकारी सतीश आर्य एडवोकेट की अध्यक्षता में सभा की बैठक आयोजित हुई, जिसके बाद चुनाव प्रक्रिया शुरू की गई। चुनाव प्रक्रिया 2026 के तहत कुल 8 नामांकन पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 2 सदस्यों ने अपने नामांकन वापस ले लिए। इसके बाद 6 नामांकन विभिन्न पदों के लिए शेष रहे। हर पद पर एक.एक नामांकन होने के कारण सभा के बायलॉज के अनुसार सभी को तीन वर्ष के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव के बाद पदाधिकारियों की घोषणा की गई, जिसमें नरेश कुमार को प्रधान, ओमबीर उपप्रधान चुने गए। इसके अलावा मुकेश कुमार को महासचिव, संदीप कुमार को सहसचिव की जिम्मेदारी मिली। बिट्टू नंदवाल को कोषाध्यक्ष चुना गया। जितेंद्र कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस दौरान पूर्व प्रधान ओमपाल ने अपने तीन वर्षों के कार्यकाल से जुड़े अभिलेख, दस्तावेज और रिकॉर्ड नई कार्यकारिणी को विधिवत सौंपे। यह प्रक्रिया सभा के नियमों के तहत पूरी की गई। नवनियुक्त प्रधान नरेश कुमार ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है, उसे वे पूरी मेहनत और ईमानदारी से निभाएंगे। समाज के उत्थान और सामाजिक कार्यों में आगे बढकर योगदान देंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर पूर्व प्रधान ओमपाल, बलबीर सिंह, पार्षद सोमपाल प्रजापति, सतीश कुमार, बिट्टू और अशोक कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### फतेहाबाद में देह व्यापार का रैकेट चलाने वाली महिला सरगना गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भूना रोड स्थित आईजी कॉलेज के सामने चल रहे हाई-प्रोफाइल अनैतिक देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस रैकेट को चलाने वाली मुख्य आरोपी महिला को दबोच लिया है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मास्टर कॉलोनी में आईजी कॉलेज के बिल्कुल सामने एक मकान में बाहर से महिलाओं को बुलाकर देह व्यापार का धंधा धड़ल्ले से चलाया जा रहा है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तुरंत पुलिस उपाधीक्षक भट्टू के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम का गठन किया गया। टीम में महिला पुलिसकर्मियों को भी शामिल किया गया।

# हांसी में निकली भव्य श्री श्याम रथ सवारी, रथ सवारी में बिखरी आस्था

**हांसी (दिनकर गावड़ी):** हांसी के श्री श्याम मंदिर में चल रहे 54वें अष्ट दिवसीय श्री श्याम महोत्सव के छठे दिन शुक्रवार को भव्य श्री श्याम रथ सवारी निकाली गई। रथ यात्रा के दौरान शहर में भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा वातावरण श्याम भक्ति में रंगा नजर आया। श्री श्याम मंदिर परिसर से आरंभ हुई रथ यात्रा नगर के प्रमुख बाजारों और मार्गों से होकर गुजरी। फूलों और आकर्षक रोशनी से सजे रथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जैसे-जैसे रथ आगे बढ़ता गया, जय श्री श्याम के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा शहर गुंजायमान होता रहा।



श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर रथ का स्वागत किया। रथ यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर की गई भव्य आतिशबाजी ने आसमान को रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा दिया। बाजारों और सड़कों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने भी आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। यात्रा मार्ग पर अनेक स्थानों पर स्वागत द्वार एवं सेवा शिविर लगाए गए, जहां भक्तों के लिए ठंडे पेय, मीठा पानी और विभिन्न व्यंजनों की व्यवस्था की गई। श्री श्याम मंदिर की ओर से सेवा कार्य करने वाले सभी स्टॉल संचालकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**आस्था**

**सेवा कार्य करने वाले सभी स्टॉल संचालकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया**

श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश राय मित्तल ने बताया कि 21 जून को आयोजित "एक शाम सांवरे के नाम" कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री निकुंज कामरा भक्तों को अपने गीतों से सराबोर करेंगी।

**स्वच्छता सेवा बनी आकर्षण का केंद्र**

वहीं, शोभायात्रा के दौरान श्री बालाजी कृपा निधान मंडल ने सराहनीय स्वच्छता सेवा का परिचय दिया। आनंद जाखड़ के नेतृत्व में मंडल के सदस्यों ने यात्रा मार्ग पर बिखरे गिलास व अन्य कचरे को लगातार साफ कर स्वच्छता का संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने मंडल के इस सेवा भाव की खूब प्रशंसा की। इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल के प्रधान जगदीश राय मित्तल, विनय जैन, भागवत स्वरूप सिंगल, महेंद्र गर्ग, पप्पू खरड़िया, गौरव जैन, लक्ष्मीकांत गर्ग, सुनील मित्तल, पुनीत जैन, अनिल गोयल, राघव गोयल (प्रवक्ता) सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे।

## चुनाव तहसीलदार ने किया घर-घर सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** चुनाव तहसीलदार सुदेश राणा ने घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथ नम्बर-234 का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा किए जा रहे घर-घर सर्वेक्षण और गणना प्रपत्र वितरण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय मतदाताओं से भी सीधा संवाद कर इस अभियान के संबंध में उनका फीडबैक प्राप्त किया।

निरीक्षण के दौरान चुनाव तहसीलदार ने कहा कि जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है। हमारा मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि जिले में एक भी पात्र मतदाता वोट बनने से न छूटे। इसी कड़ी में बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में प्रशासन का पूर्ण सहयोग करें, ताकि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे।

उन्होंने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर व्यक्तिगत रूप से सत्यापन का कार्य कर रहे हैं। इस एन्यूमरेशन फॉर्म के माध्यम से योग्य नागरिकों का डाटा एकत्र किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कोई भी वैध पहचान दस्तावेज दिखाकर नागरिक आसानी से अपना सत्यापन करवा सकते हैं। यह बेहद सरल और पारदर्शी प्रक्रिया है, जिसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है।

## व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन राजेश ठकराल का भव्य स्वागत



**हांसी(दिनकर गावड़ी):**झ हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमैन राजेश ठकराल का मार्केटिंग बोर्ड के सदस्य जस्सी मक्कड़ के प्रतिष्ठान पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने राजेश ठकराल को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। साथ ही व्यापारियों के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गई और उम्मीद जताई गई कि उनके नेतृत्व में प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। इस अवसर पर सर्व व्यापार मंडल के उपप्रधान चंद्रभान मक्कड़, मार्केटिंग बोर्ड के सदस्य जस्सी मक्कड़, सर्व व्यापार मंडल के प्रधान बजरंगदास बंसल, आर्य कन्या स्कूल के प्रधान वेद नारंग, योगेश मुंजाल, गोपाल मुंजाल, सनी आहूजा,अजय महता, दीपक मुंजाल, विजय वासुदेव, प्रदीप यादव, संजय गर्ग,पार्षद रमेश मदान, बजरंग गर्ग, कृष्ण धवन ,किशोरी धवन,वेद प्रकाश नागुरे वाले पूर्व प्रधान अनाज मंडी सुरेश गोयल तथा सुरेश गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर चेयरमैन राजेश ठकराल का अभिनंदन किया।

### न्यूड वीडियो बनाकर युवक से हड़पे लाखों

**फरीदाबाद।** सेक्टर-30/33 स्थित आईपी कॉलोनी निवासी एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। आरोप है कि इंस्टाग्राम पर एक महिला से बातचीत के बाद वीडियो कॉल के दौरान उसने उसकी न्यूड वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे करीब एक लाख रुपए अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। साइबर थाना पुलिस को पीड़ित रुशिल ने अपनी शिकायत में बताया कि 16 जून को उसकी इंस्टाग्राम पर एक अज्ञात महिला से बातचीत हुई थी। अगले दिन वॉट्सएप पर वीडियो कॉल आई, जिसमें महिला के कहने पर उसने अपने कपड़े उतार दिए। इसी दौरान उसकी आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर ली गई। इसके बाद एक अज्ञात युवक ने फोन कर

## युक्तधारा से ग्राम नियोजन को दें वैज्ञानिक आधार : डॉ. चौहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** ग्रामीण विकास के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का उपयोग केवल सुविधा का विषय नहीं है, बल्कि यह योजनाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता और दीर्घकालिक प्रभाव सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। यह विचार हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने युक्तधारा पोर्टल विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।



उन्होंने कहा कि युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से वीबीजी रामजी योजना सहित विभिन्न विकास कार्यों की योजना स्थानीय आवश्यकताओं, भू-स्थानिक आंकड़ों और प्राकृतिक संसाधनों के वैज्ञानिक विश्लेषण के आधार पर तैयार की जा सकती है। इससे विकास कार्य अधिक प्रभावी, टिकाऊ और जनहितकारी बनेंगे। समापन सत्र के आरंभ में ग्राम गीत चंदन है इस देश की माटी, तपोभूमि हर ग्राम है, के सामूहिक गायन से हुआ। कार्यक्रम के समन्वयक कमलदीप सांगवान ने मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान का स्वागत किया तथा तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। डॉ. चौहान ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विकसित युक्तधारा पोर्टल ग्राम पंचायतों और ग्रामीण विकास से जुड़े अधिकारियों को वैज्ञानिक आधार पर विकास योजनाएं तैयार करने में सहायता प्रदान करता है।

# फतेहाबाद में पुलिस थाने के मालखाने से 160 पेटी शराब गायब

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में खाकी दागदार हुई है। ऐसा ही चौंकाने वाला मामला फतेहाबाद के सदर थाने से सामने आया है, जिसने पूरे पुलिस महकमे में हडकंप मचा दिया है। थाने के सुरक्षित माने जाने वाले मालखाने से जब्त की गई शराब की 160 से अधिक पेटियां गायब हो गई हैं। शक की सुई किसी बाहरी पर नहीं, बल्कि थाने के रखवालों पर ही घूम गई है। इस बड़ी लापरवाही या मिलीभगत के सामने आते ही फतेहाबाद की पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए ऑपरेशन क्लीन चला दिया है।मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी निकिता खट्टर के आदेश पर शनिवार सुबह फतेहाबाद के पूर्व सदर थाना प्रभारी प्रहलाद सिंह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 256 और 316(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इतना ही नहीं, विभाग में इस कदर नाराजगी है कि एसपी ने एक झटके में पूरे सदर थाना स्टाफ का तबादला कर दिया है।सूत्रों के मुताबिक, तीन दिन पहले ही सदर थाने में एसएचओ का बदलाव हुआ था। नए एसएचओ के चार्ज लेने के बाद जब नियमानुसार मालखाने में रखे जब्त सामान और रिकॉर्ड का मिलान किया गया, तो पैरों तले जमीन खिसक गई। रिकॉर्ड में दर्ज स्टॉक के मुकाबले 160 पेटी शराब कम पाई गई। एसपी ने तुरंत इस पर विस्तृत जांच के आदेश दिए,



जिसके बाद यह एफआईआर दर्ज हुई।पिछले हफ्ते मिला था सम्मानइस पूरे घटनाक्रम में सबसे दिलचस्प और हैरान करने वाली बात यह है कि जिस इंस्पेक्टर प्रहलाद सिंह पर आज केस दर्ज हुआ है, उन्हें पिछले सप्ताह ही एसपी निकिता खट्टर ने उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया था। लेकिन जैसे ही मालखाने से शराब गायब होने का सच सामने आया, एसपी ने बिना किसी संकोच के पहले उन्हें पद से हटाकर पुलिस लाइन भेजा और अब उन पर केस ठोक दिया। मामले की परतें खोलने के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है। एएसपी दिव्यांशी सिंगला के नेतृत्व में गठित इस टीम में डीएसपी जगदीश काजला तथा सिटी एसएचओ सुरेंद्रा को शामिल किया गया है। एएसपी दिव्यांशी सिंगला ने खुद मालखाने का बारीकी से निरीक्षण कर प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है।प्रशासनिक फेरबदलसदर थाने में प्रहलाद सिंह की जगह अब रतिया सदर थाना प्रभारी प्रहलाद राय को फतेहाबाद सदर थाना का नया मुखिया बनाया गया है। वहीं, बड़ोपल चौकी प्रभारी शीशपाल सिंह को रतिया सदर थाना की कमान सौंपी गई है।
मालखाने से इतनी भारी मात्रा में शराब की पेटियां कैसे गायब हुई, क्या पुलिस वाले खुद इसे गटक गए या इसे बाजार में खपा दिया गया। इसको लेकर एसआईटी की जांच जारी है, और माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में पुलिस महकमे के कई और चेहरों से नकाब उतर सकता है।

### पानीपत जिला सचिवालय में हार्ट अटैक से कंप्यूटर ऑपरेटर विक्की कश्यप की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 20 जून (बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत जिला सचिवालय में शनिवार को डयूटी पर आये कंप्यूटर ऑपरेटर विक्की कुमार कश्यप को अचानक हार्ट अटैक आ गया और उसके साथी उसको लेकर बिशनसरूप कालोनी स्थित निजी अस्पताल पहुंचे लेकिन डाक्टरों ने जवाब दे दिया। उसके बाद विक्की कुमार कश्यप को लेकर सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे पर डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया गया। मतृक विक्की कश्यप का शाम को जाटल रोड रेलवे फ्लाईओवर के पास जैन समाज के श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक विक्की कुमार कश्यप के दो बेटे 22 वर्षीय साहिल व 18 वर्षीय सागर और पत्नी है। मृतक विक्की का सगा भाई राजेश कश्यप भी समालखा में कंप्यूटर ऑपरेटर है। जानकारी के अनुसार पानीपत शहर के अमर भवन चौक निवासी कंप्यूटर ऑपरेटर करीब 42 वर्षीय विक्की कश्यप शनिवार को डयूटी पर जिला सचिवालय में आये थे। विक्की चौथी मंजिल स्थित आईटी लैब में जाने के लिये सीढियों से उपर चढ रहे थे तो अचानक से गिर पडे। उसको अस्पताल ले जाया गया पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि हार्ट फैल होने से कंप्यूटर ऑपरेटर विक्की कश्यप की मौत हुई है। पानीपत के सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों सहित जिला के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके निधन पर शोक जताया।



## कांग्रेस की संगठनात्मक नियुक्तियों से कार्यकर्ताओं में उत्साह, नए ब्लॉक अध्यक्षों का सम्मान

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** कांग्रेस संगठन में लंबे समय बाद हुई नियुक्तियों के बाद कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। शनिवार को कांग्रेस के नव नियुक्त पुन्हाना ब्लॉक अध्यक्ष सैफुल्ला खान का उनके गांव में फूल-मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए खुशी का इजहार किया।
गौरतलब है कि नूंह जिले में कांग्रेस कार्यकर्ता पिछले करीब 12 वर्षों से संगठनात्मक नियुक्तियों का इंतजार कर रहे थे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष



द्वारा ब्लॉक अध्यक्षों की सूची जारी किए जाने के बाद कार्यकताओं का इंतजार समाप्त हो गया। कार्यकताओं ने इसे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।
जारी सूची के अनुसार नूंह ब्लॉक से जमशेद, इंद्री से राम करण, फिरोजपुर झिरका से मोहम्मद शाकिर, पुन्हाना से सैफुल्ला खान, नगीना से रज्जाक खान तथा पिनगवां ब्लॉक से मुबारिक मलिक को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।इस अवसर पर सैफुल्ला खान ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व,प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, विधायक आड़ुं औँाि, विधायक टेंल्ल डॅल्ल तथा जिला अध्यक्ष शहीदा खान का आभार व्यक्त किया।सैफुल्ला खान ने कहा कि वह पार्टी की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।
उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया।कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा कि सैफुल्ला खान का परिवार वर्षों से कांग्रेस विचारधारा से जुड़ा हुआ है। पार्टी और संगठन के प्रति उनकी निरंतर मेहनत एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**जिम्मेदारी**

**पार्टी और संगठन के प्रति उनकी निरंतर मेहनत एवं समर्पण को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है**

# नीट परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि नीट परीक्षा के सफल, सुरक्षित एवं पारदर्शी आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह कृतसंकल्प है। डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा शनिवार को लघु सचिवालय के सभागार में नीट 2026 की परीक्षा की तैयारियों को लेकर समीक्षा कर रहे थे।



उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय तथा बिजली की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों में रैम्प तथा व्हील चेयर की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों के बाहर सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था तथा परीक्षार्थियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करवाई जाए। पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा के दृष्टिगत प्रत्येक परीक्षा केंद्र के बाहर एक एएसआई सहित चार कांस्टेबल नियुक्त किए जाएं।

उपायुक्त ने बताया कि परीक्षा संबंधी किसी भी प्रकार की सहायता एवं शिकायत के समाधान के लिए लघु सचिवालय में विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसके हेल्पलाइन नंबर 0184-2267220 और 0184-2267271 आज और कल 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। परीक्षार्थी या उनके अभिभावक किसी भी समस्या की स्थिति में इन नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से अपील की कि वे राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा निर्धारित समय पर परीक्षा केंद्रों पर पहुंचना सुनिश्चित करें।

डॉ.आनंद शर्मा ने बताया कि परीक्षा से एक दिन पूर्व आने वाले परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से धर्मशालाओं में ठहरने की व्यवस्था की है। वहीं परीक्षा के दिन अभिभावकों के आराम एवं प्रतीक्षा के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक परीक्षार्थी को बेहतर और तनावमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे बिना किसी परेशानी के परीक्षा दे सकें। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए कंट्रोल रूम से तत्काल संपर्क किया जा सकता है। डा. आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि नीट-2026 की परीक्षा का आयोजन 21 जून को होगा। परीक्षा से जुड़े सभी अधिकारी, कर्मचारी अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निभाएं किसी भी स्तर पर लापरवाही न की जाए।

## 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर करनाल में तैयारियां पूरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस.2026 के सफल आयोजन हेतु करनाल जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम अनाज मंडी करनाल में आयोजित किया जाएगा। जिसमें केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगें।



उन्होंने बताया कि आज जिले के सभी ब्लॉकों में 7 स्थानों पर भव्य पायलट रिहर्सल आयोजित की गई, जिसमें एसडीएम, तहसीलदार, पार्षद, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली बच्चों एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के साथ स्वयं भी योग प्रोटोकॉल का अभ्यास किया। उपायुक्त ने जिलावासियों से अधिक से अधिक संख्या में योग दिवस कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल ने बताया कि जिला कारागार में 1 जून से 21 जून तक योग विशेषज्ञ डॉ. अमित पुंज की देखरेख में योग इंस्ट्रक्टर मुन्ना कुमार एवं कांता द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### बढ़ते अपराध और घटते संस्कार समाज के लिए गंभीर चिंता का विषयः दलबीर सिंह मलिक



**टीम एक्शन इंडिया**
**धर्म सिंह जोगनाखेड़ा**

**थानेसर :** जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि.) हरियाणा के अध्यक्ष दलबीर सिंह मलिक ने कहा कि वर्तमान समय में समाज में अपराधों की बढ़ती घटनाएँ और नैतिक मूल्यों का लगातार ह्रास अत्यंत चिंताजनक है। अनाचार, दुराचार, व्यभिचार, भ्रष्टाचार, नशाखोरी, हिंसा तथा अन्य सामाजिक कुरीतियाँ समाज की शांति और संस्कृति को कमजोर कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि केवल कानून के सहारे इन समस्याओं का पूर्ण समाधान संभव नहीं है। इसके लिए परिवार, समाज, शिक्षण संस्थानों, धार्मिक संगठनों और सामाजिक संस्थाओं को मिलकर संस्कारों एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाना होगा।

दलबीर सिंह मलिक ने कहा कि बच्चों और युवाओं में नैतिक शिक्षा, अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सभी सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों और नागरिकों से आह्वान किया कि वे समाज को अपराधमुक्त, संस्कारवान और सद्भावपूर्ण बनाने के लिए आगे आएँ तथा जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को प्रेरित करें।

### केन्द्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जॉब फेयर आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** सहायक रोजगार अधिकारी मोनिका ने बताय कि मण्डल रोजगार कार्यालय अम्बाला के प्रांगण में केन्द्र सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक जॉब फेयर का आयोजन किाय गया। जॉब फेयर में मुख्य अतिथि के तौर पर वार्ड नम्बर 12 अम्बाला शहर के पार्षद कमल कांत गुप्ता ने शिरकत की। जॉब फेयर मे निजी क्षेत्र की 03 कम्पनियों पुजा साडी, रमाया हेल्थ केयर और पुखराज हैल्थ केयर ने भाग लिया। इस जॉब फेयर में 37 प्रार्थी उपस्थित हुए जिनमे से नियोजकों द्वारा अपने संस्थानों/कम्पनियों में रोजगार प्रदान करने हेतु 07 प्रार्थियों को शार्ट लिस्ट किया गया। जाब फेयर के दौरान उपस्थित प्रार्थियों को भारत व राज्य सरकार की विभिन्न रोजगार उन्नमुखी योजनाओं के बारे जानकारी प्रदान की गई। विशेष रूप से प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना तथा प्रधानमंत्री इन्टर्नशीप योजना के उद्देश्यों, लाभों एवं पात्रता सम्बन्धित जानकारी भी सांझा की गई तथा व्यवसायिक मार्गदर्शन दिया गया। सहायक रोजगार अधिकारी श्रीमती मानिका ने बताया कि रोजगार कार्यालय युवाओ को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने तथा सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने हेतु भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

### सोनीपत में बाइक और स्कूटी की टक्कर में मजदूर की मौत

**सोनीपत।** सोनीपत में सड़क दुर्घटना में एक मजदूर की मौत हो गई। शुक्रवार की देर रात हुई इस दुर्घटना में बाइक और मोपेड स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसा इतना गंभीर था कि स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दुर्घटना के बाद फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सांसद नवीन जिन्दल जरूरतमंदों तक पहुंचा रहे हैं सहायताः माफी ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल फाउंडेशन एवं एलिम्को के संयुक्त तत्वावधान में जिन्दल हाउस में सहायक उपकरण एवं सहायक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जरूरतमंद 144 लोगों को व्हीलचेयर, रिमोट कंट्रोल से संचालित होने वाली व्हीलचेयर, बैटरी चालित ट्राईसाइकिल, कुशन, बैल्ट व नी कैप, छड़ी, वाकर, बैसाखी, सुनने की मशीन तथा अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए।




जिन्दल हाउस कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद चेयरपर्सन माफी ढांडा और थानेसर ब्लाक समिति चेयरपर्सन रजनी शर्मा ने शिरकत की। नगर परिषद चेयरपर्सन माफी ढांडा ने नवीन जिन्दल फाउंडेशन और एलिम्को द्वारा किए जा रहे इस कल्याणकारी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि सांसद नवीन जिन्दल जरुरतमंदों तक सहायता पहुंचा रहे हैं । सांसद नवीन जिन्दल हर तरह के जनकल्याणकारी कार्यों के प्रति समर्पित रहते हैं। सांसद नवीन जिन्दल अपने प्रयासों और एलिम्को के सहयोग से क्षेत्र के लोगों को लाभान्वित करवा रहे हैं। थानेसर ब्लाक समिति चेयरपर्सन रजनी शर्मा ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल और एलिम्को की यह पहल सराहनीय है। इस प्रकार का सहयोग दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन में नई उम्मीद और आत्मविश्वास का संचार करता है।

नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि एलिम्को और नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम ने पूरे कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के ऐसे जरूरतमंद लोगों को चिन्हित करने के लिए शिविर आयोजित किया था।

इसके बाद एलिम्को के सहयोग से सभी पात्र लाभार्थियों में से आज 144 लोगों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इस मौके पर कुल 144 लोगों को 70 बैटरी संचालित रिक्शा, 100 कुशन, 24 व्हील चेयर, 13 रिमोट कंट्रोल से चलने वाली व्हीलचेयर, 140 बेल्ट व नी कैप, 50 छड़ी, 15 वॉकर, 78 कान की मशीन, 42 जोड़े बैसाखी और 8 ट्राई साइकिल दी गई नरेंद्र सिंह दबखेड़ा गुढ़ा मंडल अध्यक्ष, अमरेंद्र सिंह पिपली मंडल अध्यक्ष, विकास शर्मा बाबैन मंडल अध्यक्ष, देवेंद्र शर्मा पूर्व मंडल अध्यक्ष, जसमेर सिंह मथाना, राम मेहर आचार्य, मलकीत ढांडा, रोहित गुप्ता, विनोद गर्ग जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य, सुरेंद्र सिंह ब्लॉक समिति सदस्य , अशोक प्रजापति शक्ति केंद्र प्रमुख, सतीश बादल ब्लॉक समिति सदस्य, रामपाल सैनी कृष्ण कुमार, सुभाष बारना, राम पाल सैनी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## नीट परीक्षा पर अंबाला पुलिस मुस्तैदः 7 सेंटर पर 270 पुलिसकर्मी तैनात



**आशीष श्रीवास्तव, अंबाला।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए अंबाला पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। परीक्षार्थियों और अभिभावकों को किसी परेशानी से बचाने के लिए पुख्ता सुरक्षा व ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है।

**सुरक्षा व्यवस्था**

जिले के 7 परीक्षा केंद्रों पर कुल 270 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। पूरी व्यवस्था की निगरानी जगबीर मलिक और एसएचओ खुद पेट्रोलिंग कर करेंगे। आपात स्थिति के लिए पीसीआर, इआरवी और राइडर्स को अलर्ट पर रखा गया है जो केंद्रों के आसपास गश्त करेंगे।

**ट्रैफिक व्यवस्था**

जाम से बचने और परीक्षार्थियों को समय पर पहुंचाने के लिए शहर के प्रमुख रास्तों पर 11 विशेष नाके लगाए गए हैं। एसएचओ ट्रैफिक खुद मोर्चा संभालेंगे। हर एग्जाम सेंटर के बाहर ट्रैफिक जवान तैनात रहेंगे ताकि भीड़ न लगे।

**पुलिस की अपील**

जगबीर मलिक ने परीक्षार्थियों से अपील की कि वे समय से थोड़ा पहले निकलें। आम जनता से अनुरोध है कि परीक्षा के दौरान पुलिस का सहयोग करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें।

### न्यूड वीडियो बनाकर युवक से हड़पे लाखों

**फरीदाबाद।** सेक्टर-30/33 स्थित आईपी कॉलोनी निवासी एक युवक साइबर ठगी का शिकार हो गया। आरोप है कि इंस्टाग्राम पर एक महिला से बातचीत के बाद वीडियो कॉल के दौरान उसने उसकी न्यूड वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उससे करीब एक लाख रुपए अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर करा लिए। साइबर थाना पुलिस को पीड़ित रुशिल ने अपनी शिकायत में बताया कि 16 जून को उसकी इंस्टाग्राम पर एक अज्ञात महिला से बातचीत हुई थी। अगले दिन वॉट्सएप पर वीडियो कॉल आई, जिसमें महिला के कहने पर उसने अपने कपड़े उतार दिए।

## योग दिवस की पूर्व संध्या पर योग शिविर आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा सरकार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी एवं स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के मार्गदर्शन तथा उपायुक्त अम्बाला अजय सिंह तोमर एवं जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. संजय राजपाल के नेतृत्व में बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर, बाड़ा में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। ग्राम पंचायत बाड़ा की सरपंच अमरजीत कौर ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. समिधा शर्मा ने उपस्थित जनसमूह को वर्ष 2026 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग से अवगत कराते हुए बताया कि आयुर्वेद एवं योग के माध्यम से जैविक वृद्धावस्था की गति को कम किया जा सकता है तथा वृद्धावस्था में होने वाले अनेक रोगों की रोकथाम संभव है।

इस अवसर पर शाइन शर्मा ने एंटी-एजिंग से संबंधित उपयोगी स्वास्थ्य सुझाव दिए तथा 24 बच्चों के लिए निःशुल्क ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें तीन विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग एवं स्वास्थ्य के संदेश को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में ग्रामवासी ज्योति, मनजीत, हरदीप, सुखविंदर, प्रेम, रानी, जगीरो सहित अनेक नागरिक एवं पाँच गाँवों की आशा कार्यकर्ता पूनम, सुखविंदर, अवलींदर, प्रेम, उषा एवं रीना उपस्थित रहीं। सभी ने कार्यक्रम का लाभ उठाते हुए स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के लिए योग को अपनाने का संकल्प लिया।

### जान से मारने के इरादे से चाकू से हमला, आरोपी वरुण को किया गिरफ्तार

**आशीष श्रीवास्तव, अंबाला।** जिला अंबाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम और आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत थाना बलदेव नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जान से मारने की नीयत से चाकू द्वारा हमला करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है।

**शिकायत में हुआ था खुलासा**

जांच अधिकारी उप निरीक्षक मुकेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता गौतम निवासी शनिदेव मंदिर के पास मनमोहन नगर अंबाला शहर ने 12 जून 2026 को थाना बलदेव नगर में शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया था कि 12 जून 2026 को मोटर मार्केट मनमोहन नगर में आरोपी वरुण और अन्य लोगों ने उस पर चाकू से हमला कर जान से मारने का प्रयास किया और जान से मारने की धमकी भी दी। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

**आरोपी पकड़ा गया, पुलिस हिरासत में**

थाना बलदेव नगर पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी वरुण निवासी सेक्टर 25 चंडीगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

## अंबाला पुलिस का नशे पर कड़ा प्रहार, राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर 110.6 ग्राम हेरोइन बरामद

**आशीष श्रीवास्तव, अंबाला। नशा** तस्करी और नशीले पदार्थों के माफिया के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान अभियान मैदान 2.0 के तहत अंबाला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर दो अलग-अलग कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 110.6 ग्राम हेरोइन स्मैक और तस्करी में इस्तेमाल की जा रही दो मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। आरोपी दिल्ली की ओर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर हेरोइन की खेप लेकर आ रहे थे।

**अपराध शाखा एक की कार्रवाई**

अंबाला पुलिस के मजबूत सूचना तंत्र से मिले सुराग के आधार पर अपराध शाखा एक की टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुष्ठ आश्रम थाना पड़ाव क्षेत्र के पास नाकाबंदी की। इस दौरान मोटरसाइकिल पर आ रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 55.6 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान नवीन कुमार निवासी दीना की मंडी अंबाला छावनी के रूप में हुई है।



पुलिस ने आरोपी को हेरोइन और मोटरसाइकिल सहित मौके पर ही पकड़ लिया।

**मादक पदार्थ निरोधक टीम की कार्रवाई**

दूसरी कार्रवाई में अंबाला की मादक पदार्थ निरोधक टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही मोटरसाइकिल सवार एक पुरुष और एक महिला को रोका। नियम अनुसार जांच करने पर उनके पास से 55 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुरिंदर निवासी गांव उदाहर्शी जिला कुरुक्षेत्र और उसकी महिला साथी के रूप में हुई है।

**पुलिस हिरासत और आगे की कार्रवाई**

अंबाला पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ थाना पड़ाव में नशीले पदार्थों और मनःप्रभावी पदार्थों अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज कर लिए हैं। आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर पुलिस हिरासत हासिल की गई है। हिरासत के दौरान आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि इस अवैध धंधे में शामिल अन्य लोगों का पता लगाया जा सके और इनके पिछले व अगले संबंधों को खंगालकर नशे की पूरी जंजीर को तोड़ा जा सके।

## ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता अभियान के बारे में किया जा रहा जागरूक - गगनदीप

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** केन्द्रीय सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों मे स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीईओ जिला परिषद् गगनदीप के मार्गदर्शन में गांव में भी स्वच्छता अभियान बारे ग्रामीणों व अन्य को जागरूक करने का काम किया जा रहा हैं। सीईओ जिला परिषद् गगनदीप ने बताया कि 7 जून से 20 जून 2026 तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जिला के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता, स्वच्छता के प्रति



जागरुकता, पर्यावरण की स्थिरता, नागरिकों की भागीदारी के दृष्टिगत 11 जून 2026 से 20 जून 2026 तक जिले में प्रचार अभियान के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके अन्तर्गत जिला में प्रतिदिन सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता सम्बन्धी सफाई अभियान चलाये जा रहे है। सभी खण्डों की ग्राम पंचायतों में सभी जल घरों की सफाई, अमृत सरोवरों की सफाई, तालाबों से ठोस कचरा हटाना, जल खुम्बी व अन्य खरपतवार और मलबा हटाना, अमृत सरोवरों व तालाबों के किनारों पर पौधे लगाना, जल घरों के पास खुले में शौच पर रोक लगाना और उनकी सुरक्षा के लिए बाड़ लगाना इत्यादि गतिविधियां करवाई गई।

### पानीपतः बाजार से सामान लेने गई नाबालिग लड़की लापता

**पानीपत।** पानीपत के असंध पुल के नीचे बनी मार्किट से दोपहर के समय घर का सामान लेने गई एक 13 साल की नाबालिग बच्ची संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने अपने स्तर पर बच्ची की हर संभावित जगह और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। थक-हारकर बच्ची के पिता ने थाना शहर में शिकायत देकर अपनी बेटी के अपहरण की आशंका जताई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है।

## अंडर-14 फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ, खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** सनातन मंच सेवा सभा द्वारा बीजीएस फुटबॉल अकादमी के सहयोग से 20 व 21 जून को शाखा ग्राउंड, बरनाला रोड, बलदेव नगर में आयोजित दो दिवसीय अंडर-14 फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ ओपनिंग सेरेमनी के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अम्बाला के एसडीएम दर्शन कुमार तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड-5 के पार्षद राजेश मेहता उपस्थित रहे। एसडीएम दर्शन कुमार ने सनातन मंच सेवा सभा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि खेल बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण का सबसे बेहतर माध्यम हैं।



कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सनातन मंच सेवा सभा के सचिव महेश दत्त वशिष्ठ ने बताया कि बच्चों का खेलों के प्रति रुझान होना बेहद आवश्यक है, क्योंकि इससे वे अनुशासित रहते हैं और बुरी संगति से दूर रहते हैं। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें से पहले दिन 4 टीमों के मुकाबले आयोजित किए गए, जबकि शेष 4 टीमें दूसरे दिन मैदान में उतरेंगी।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को ?21,000 नकद पुरस्कार, ट्रॉफी एवं मेडल तथा उपविजेता टीम को ?11,000 नकद पुरस्कार के साथ ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान किए जाएंगे। महेश दत्त वशिष्ठ ने बताया कि अकादमी में वर्तमान समय में 38 बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं, जिनमें से 3 खिलाड़ी राज्य स्तर और 2 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि संस्था बच्चों को खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम के अंत में सनातन मंच सेव सभा के सचिव महेश दत्त वशिष्ठ ने एसडीएम दर्शन कुमार एवं पार्षद राजेश मेहता का टूर्नामेंट में पहुंचकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रमोद कुमार, डॉ. जायसवाल, सुमित बजाज, जुगल किशोर शर्मा, बंसी लाल कपूर, मदन लाल, डॉ. अमित जैन, रेडक्रॉस से मनोज सैनी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व नई अनाज मंडी समालखा में हुई अंतिम रिहर्सल

### योग के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश, विद्यार्थियों से एक-एक पौधा लगाने की अपील

**समालखा, 20 जून (संजय नरवाल)** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में 21 जून को आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय योग कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने हेतु आज नई अनाज मंडी, समालखा में फाईनल रिहर्सल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार कैलाश चंद्र ने तैयारियों का जायजा लिया तथा स्वयं भी योगाभ्यास में भाग लिया। इस अवसर पर आयुष विभाग से योग सहायक दीपक एवं प्रवीन ने कार्यक्रम में उपस्थित आसपास



के लोगों तथा विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को योग का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने विभिन्न योगासनों एवं प्राणायामों का अभ्यास करवाते हुए उनके महत्व एवं स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बताया कि कौन-सा आसन एवं प्राणायाम शरीर और मन पर किस प्रकार सकारात्मक प्रभाव डालता है।

नायब तहसीलदार कैलाश चंद्र ने विद्यार्थियों को योग के महत्व के बारे में बताते हुए नियमित योगाभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए बच्चों से अपील की कि वे प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने का संकल्प लें। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि जीवन में अनुशासन, एकाग्रता एवं सकारात्मकता का भी संचार करता है।

उन्होंने जानकारी दी कि 21 जून को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में समालखा के माननीय विधायक मनमोहन भड़ाना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सरिता मोर, सहायक रोजगार अधिकारी निकिता यादव सहित प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विदेश भेजने के नाम पर 12 लाख की ठगी, आरोपी चिराग को भेजा जेल

**आशीष श्रीवास्तव,अंबाला।** जांच अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक मांगे राम ने बताया कि शिकायतकर्ता प्रिन्स निवासी ज्योतिसर जिला कुरुक्षेत्र ने 29 मई 2026 को थाना सदर अंबाला में शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया था कि 7 जुलाई 2025 से 23 मार्च 2026 के बीच सन फ्लाई ओवरसीज जलबेहड़ा रोड डब्ल्यूडीएस कॉलोनी अंबाला शहर से आरोपी चिराग ने विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 12 लाख रुपये ले लिए थे। न तो आरोपी ने शिकायतकर्ता को विदेश भेजा और न ही पैसे वापस किए।

**आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने कसा शिकंजा**



मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने सबूतों के आधार पर कार्रवाई की। थाना सदर अंबाला पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपी चिराग निवासी किला मोहल्ला बब्याल थाना महेशनगर जिला अंबाला को पकड़ लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि धोखाधड़ी में शामिल अन्य लोगों के बारे में जानकारी मिल सके। आरोपी के खिलाफ पहले भी धोखाधड़ी से जुड़े मामले दर्ज हैं।

**न्यायालय ने भेजा न्यायिक हिरासत में**

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

**पुलिस की सलाह, ठगी से बचें**

अंबाला पुलिस आम लोगों से अपील करती है कि विदेश जाने के लिए केवल सरकार द्वारा अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से ही संपर्क करें।

# मनोहर लाल ने उज्जैन में किया सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्यों का निरीक्षण





**टीम एक्शन इंडिया**
**उज्जैन।** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को उज्जैन में सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 778 करोड़ रुपये राशि की लागत से किए जा रहे 29.15 किमी लंबे नवीन घाट निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सिंहस्थ-2028 को भव्य, दिव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं का सिंहस्थ अनुभव सनातन संस्कृति के वैभव अनुरूप हो। अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा ने नवनिर्मित त्रिवेणी घाट के निरीक्षण के दौरान सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए किए जा रहे नवीन घाट निर्माण कार्य की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 29.15 किमी नवीन घाट निर्माण कार्य 778 करोड़ रुपये राशि से किया जा रहा है। नवीन घाटों पर श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए 150 से अधिक स्थान चिन्हित किए गए हैं। नवीन घाट निर्माण कार्य अंतर्गत 18.20 किमी लंबी रिटेनिंग वॉल का निर्माण किया जा चुका है, साथ ही 7 किमी नवीन घाट निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। लगभग 22 किमी में घाट निर्माण कार्य तेजी से प्रगतिरत है। निरीक्षण के दौरान, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व तुलसीराम सिलावट ने त्रिवेणी घाट पर नीम, रुद्राक्ष, पीपल के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश वृक्षों और वनों से आच्छादित रहे, यह सरकार की प्राथमिकता है।

**कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना का निरीक्षण, टनल में उतर कर देखी गुणवत्ता**

केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री ने शनिवार को कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने परियोजना के टनल भाग में उतरकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान चिंतामन जवासिया गांव के समीप स्थित शाफ्ट नंबर-2 पर फेस नंबर-3 के कार्य की विस्तृत जानकारी ली। एसीएस डॉ. राजेश राजौरा ने योजना की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसके अलावा टनल पहुंच एवं रखरखाव संबंधी तकनीकी पहलुओं की जानकारी भी दी गई। उल्लेखनीय है कि परियोजना का मुख्य उद्देश्य कान्ह नदी के दूषित जल को शहर में शिप्रा नदी के प्रमुख घाटों एवं तीर्थ स्थलों में मिलने से रोकना है, जिससे शिप्रा नदी का जल पवित्र एवं स्वच्छ बना रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर को 29 और भीलवाड़ा को 18 ई बसों की दी सौगात

**रवाना किया**

**जेसीटीएसएल की 29 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को प्रधानमंत्री ई बस सेवा के तहत अमर जवान ज्योति से जेसीटीएसएल की 29 अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। साथ ही, उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से भीलवाड़ा में भी 18 इलेक्ट्रिक बसों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इन बसों के संचालन से स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुगम सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी परिवहन में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगस्त 2023 में पीएम ई-बस सेवा योजना प्रारम्भ की। केंद्र सरकार द्वारा इस योजना के डिपो निर्माण, इलेक्ट्रिक वर्क और संचालन में राज्य सरकार को सहायता दी जा रही है। इसके तहत इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से शहरों में प्रदूषण को कम करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना में राजस्थान के जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, बीकानेर, भीलवाड़ा, अलवर तथा अजमेर का चयन हुआ है। केन्द्र सरकार द्वारा इन 8 जिलों के लिए 675 इलेक्ट्रिक बसें स्वीकृत की गई हैं। इसके अतिरिक्त भी 475 ई बसें स्वीकृत हुई हैं। इस प्रकार राजस्थान को कुल 1150 ई बसें मिलेंगी। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण में दीपावली तक 675 ई बसों का संचालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक से सुसज्जित ये बसें विशेष रूप से दिव्यांगों, महिलाओं, विद्यार्थियों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक एवं किफायती यात्रा का माध्यम बनेंगी। साथ ही, इन बसों में सीसीटीवी कैमरे होंगे जिनसे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि प्रदेश के नागरिकों को आधुनिक, सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल सार्वजनिक परिवहन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 555 ई-बसें शहरी परिवहन के लिए और 50 डबल डेकर ई-बस पर्यटकों के लिए उपलब्ध कराएगी।

# विकास कार्यों को गति देने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दी 10.08 करोड़ की स्वीकृति



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में विकास कार्यों को गति प्रदान करने तथा जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 10.08 करोड़ की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृतियों को अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने पिथौरागढ़ के डीडीहाट के अंतर्गत श्री हरिचन्द देवता मंदिर को मास्टर प्लान के तहत विकसित किए जाने के लिए 1.42 करोड़ रुपये, लोहारगांव में आंतरिक संपर्क मार्ग निर्माण के लिए 70.87 लाख, खर्कदेश पट्टी स्थित बटकेश्वर मंदिर एवं तीर्थ स्थल के सौन्दर्यीकरण एवं निर्माण कार्य के लिए 63.39 लाख रुपये के साथ ही विधानसभा क्षेत्र धारचूला के अंतर्गत ग्राम उच्छैदी, नन्दा मंदिर से खोली बन तक पैदल मार्ग निर्माण के लिए 81.43 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट के अंतर्गत भिकियासैंण स्थित शिव मंदिर के निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण कार्य के लिए 53.51 लाख, विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के अंतर्गत प्राचीन गोपेश्वर महादेव मंदिर के सौन्दर्यीकरण, घाट निर्माण एवं सुरक्षा चेक डैम निर्माण कार्यों के लिए 98.25 लाख, सोमेश्वर अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में 50 हैंडपंप स्थापित किए जाने के लिए 42.98 लाख की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया है। इसके अलावा जनपद पौड़ी के विधानसभा क्षेत्र यमकेश्वर के अंतर्गत जानकी पुल से चौरासी कुटिया तक संपर्क मार्ग को बीटल्स स्ट्रीट के रूप में विकसित किए जाने के लिए 85.74 लाख रुपये के साथ ही श्रीनगर में विकासखंड पाबौ के अंतर्गत सांकरसैंण-बरसीला-बगड़ मोटर मार्ग के डामरीकरण एवं सुधारीकरण के लिए 95.66 लाख तथा बीआरसी कोटली गांव तक मोटर मार्ग निर्माण के लिए 46.19 लाख, कुल 1.42 करोड़ की योजना की वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र लोहाघाट के अंतर्गत ग्राम पंचायत डुंगरीफर्त्याल में शिव मंदिर के सौन्दर्यीकरण कार्य के लिए 75.00 लाख रुपये, ग्राम पंचायत मोत्यूराज में मां कर्डाई मंदिर के सौन्दर्यीकरण कार्य के लिए 25.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति का अनुमोदन प्रदान किया है। जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र भीमताल के अंतर्गत ओखलकांडा ब्लॉक के ग्राम सभा कैड़ागांव बुग स्थल तथा धारी के मौनीबाबा आश्रम में एक-एक धर्मशाला निर्माण के लिए 87.95 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।

# निपुण भारत मिशन को नई ऊंचाई देने में जुटी योगी सरकार



**मंथन**

**नए शैक्षिक सत्र की प्राथमिकताओं और सीखने के बेहतर परिणामों पर होगा मंथन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बुनियादी शिक्षा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। निपुण भारत मिशन के माध्यम से प्रदेश के करोड़ों बच्चों को आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान से सशक्त बनाने की दिशा में व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं। बालवाटिका से लेकर कक्षा-8 तक के विद्यार्थियों में भाषा एवं गणित की बुनियादी दक्षताओं के विकास के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण, डिजिटल साक्षरता, पर्यावरण जागरूकता और समग्र व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष बल दिया जा रहा है। अब ग्रीष्मावकाश के बाद शुरू होने वाले नए शैक्षिक सत्र 2026-27 की तैयारियों को अंतिम रूप देने तथा शिक्षकों के साथ अधिकारियों का सीधा संवाद स्थापित करने के लिए 23 जून को प्रदेशव्यापी ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की जाएगी। योगी सरकार द्वारा सभी जनपदों में इस गोष्ठी की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अब योगी सरकार केवल विद्यालय खोलने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाने और शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए सुनियोजित, परिणामोन्मुख और जवाबदेह व्यवस्था विकसित कर रही है। यही प्रयास उत्तर प्रदेश को देश में बुनियादी शिक्षा सुधार का अग्रणी मॉडल बनाने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ा रहे हैं। अपर राज्य परियोजना निदेशक प्रेम रंजन सिंह द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 23 जून को पूर्वाह्न 11:30 बजे आयोजित होने वाली इस ऑनलाइन गोष्ठी में प्रदेश के सभी प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक, शिक्षक संकुल, एआरपी, एसआरजी, डायट मेंटर्स तथा विभागीय अधिकारी प्रतिभाग करेंगे।

# पश्चिम बंगाल के इतिहास और आत्म सम्मान का दिवस है 20 जूनः शुभेंदु



**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को 20 जून को राज्य के इतिहास का अत्यंत महत्वपूर्ण और बंगालियों के भविष्य का निर्धारण करने वाला दिन बताया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ऐतिहासिक घटनाक्रम को पूर्ण मान्यता देते हुए पहली बार आधिकारिक रूप से पश्चिम बंगाल दिवस मना रही है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल के गठन के वास्तविक इतिहास को उसके उचित स्थान पर स्थापित करना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि 20 जून बंगाल के आत्मसम्मान और पहचान से जुड़ा दिन है। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि कई दशकों के बाद डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों से प्रेरित सरकार पश्चिम बंगाल दिवस को औपचारिक रूप से मना रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारों ने अपने राजनीतिक हितों और तुष्टिकरण की राजनीति के कारण इस दिन के महत्व को दबाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि बंगाल की आत्मपहचान के संघर्ष को इतिहास के पन्नों से मिटाने की कोशिश की गई, ताकि लोग अपनी जड़ों और पश्चिम बंगाल के गठन में योगदान देने वाले वास्तविक नायकों को भूल जाएं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि उनकी सरकार ने इस ऐतिहासिक भूल को सुधारते हुए बंगाल के वास्तविक इतिहास को उसका उचित सम्मान दिया है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाली समाज उनके प्रति सदैव ऋणी रहेगा। उन्होंने कहा कि विभाजन के दौरान अविभाजित बंगाल को पाकिस्तान में शामिल करने की योजना के विरोध में डॉ. मुखर्जी ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। उनके नेतृत्व, आंदोलन और दूरदर्शिता के कारण पश्चिम बंगाल भारत का अभिन्न अंग बना। मुख्यमंत्री ने भारत सेवाश्रम संघ के संस्थापक स्वामी प्रणवानंद महाराज समेत तत्कालीन बंगाल विधानसभा के उन नेताओं और सदस्यों को भी याद किया।

# बंगाल सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय नवजागरण की पुण्यभूमिः राज्यपाल



**समरसता**

**एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान राज्यों के बीच समन्वय और राष्ट्रीय समरसता को मजबूत कर रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नैनीताल।** उत्तराखंड के राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत पश्चिम बंगाल राज्य स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों और पश्चिम बंगाल के नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल भारतीय सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय नवजागरण और बौद्धिक परंपरा की पुण्यभूमि है। उन्होंने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान राष्ट्रीय एकात्मता, सांस्कृतिक संवाद और भावनात्मक एकता को सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम बन रहा है। इस अवसर पर नैनीताल लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि भारत की विविधता उसकी सबसे बड़ी शक्ति है तथा विभिन्न भाषाओं, वेशभूषाओं और परंपराओं के बावजूद देश की सांस्कृतिक आत्मा, राष्ट्रीय चेतना और साझा विरासत एक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान राज्यों के बीच समन्वय और राष्ट्रीय समरसता को मजबूत कर रहा है। राज्यपाल ने पश्चिम बंगाल के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक योगदान का उल्लेख करते हुए राजा राममोहन राय, ईश्वरचंद्र विद्यासागर, स्वामी रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, रवींद्रनाथ ठाकुर, जगदीश चंद्र बोस, सत्येंद्रनाथ बोस, सत्यजीत रे और नेताजी सुभाषचंद्र बोस के योगदान को स्मरण किया।

# अपना शरीर स्वस्थ रखने के लिए समय अवश्य निकालेंः केशव प्रसाद

**प्रयागराज।** दो दिवसीय प्रयागराज प्रवास पर शनिवार को जनपद पहुंचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस में पार्टी कार्यकताओं व पदाधिकारियों से संवाद के दौरान कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में सबसे अधिक समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में पीएम मोदी ने रिकॉर्ड बनाने का काम किया है। ये भाजपा के मेहनती कार्यकर्ताओं की वजह से संभव हुआ। इसका श्रेय देश की जनता और कार्यकर्ताओं को जाता है। विश्व योग दिवस पर उन्होंने कहा कि अपने शरीर के लिए समय अवश्य निकालें। पूरी दुनिया में लगभग 200 देशों में विश्व योग दिवस मनाया जाता है। ये देश के लिए उपलब्धि की बात है और ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संभव हुआ है। 2027 के चुनाव को लेकर उन्होंने कार्यकताओं को संदेश देते हुए कहा कि हम लोगों को पूरा ध्यान इस बात पर देना है कि प्रयागराज कि सभी 12 सीटों को कैसे जीतें। यदि सभी सीटें जीतने में सफल रहे तो 2017 का रिकॉर्ड टूट जाएगा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड में सभी 19 सीटों को जीतेंगे और सपा, बसपा, कांग्रेस की जमानत जब्त हो जाएगी।

# 217 प्रशिक्षु जवान पुलिस सेवा में शामिल, ली शपथ

**जिम्मेदारी**

**जवानों ने पुलिस सेवा में शामिल होते हुएसमर्पण के साथ दायित्व निभाने की शपथ ली**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सुपौल।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन परिसर में शनिवार को 217 प्रशिक्षु जवानों का भव्य दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कठिन एवं व्यापक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद जवानों ने पुलिस सेवा में शामिल होते हुए ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ दायित्व निभाने की शपथ ली। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डीआईजी कुमार आशीष ने जवानों को पुलिस विभाग की गरिमा बनाए रखने और जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया। अपने संबोधन में डीआईजी कुमार आशीष ने कहा कि पुलिस की वर्दी केवल अधिकार का नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और जनता के विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एक अच्छे पुलिसकर्मी की पहचान केवल अपराध नियंत्रण से नहीं, बल्कि पीड़ितों की सहायता, कमजोर वर्गों की सुरक्षा और समाज में विश्वास का वातावरण कायम करने से होती है। उन्होंने जवानों से हर परिस्थिति में धैर्य, अनुशासन और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की अपील की। दीक्षांत समारोह के दौरान प्रशिक्षु जवानों ने आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया। कदमताल और अनुशासित प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अर्जित शारीरिक दक्षता, टीम भावना और आत्मविश्वास का परिचय दिया। जवानों की प्रस्तुति को





